ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 14 जुलाई 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 161 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

अभिनेत्री कैटरीना कैफ को सफलता के लिए ... पेज 12 पर

चंद्रयान-3 : राज्य की 3 कंपनियों के लिए गर्व का पल

एचईसी, मेकॉन और टाटा ग्रोथ शॉप ने किया है सहयोग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारत का चंद्रयान-3 शुक्रवार को जब इसरो के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च होगा तो झारखंड की तीन कंपनियों के लिए भी यह गर्व का विशेष क्षण होगा। जिस एसएलपी (सेकेंड लांचिंग पैड) से लॉन्चिंग होगी, उसका निर्माण रांची स्थित एचईसी और सरायकेला स्थित टाटा ग्रोथ शॉप में हुआ है। जबकि, इसकी डिजायनिंग रांची स्थित भारत सरकार की इंजीनियरिंग कंसल्टेंट कंपनी मेकॉन ने की है। एसएलपी यानी सेंकेंड लॉन्चिंग पैड 84 मीटर ऊंचा है। भारत के चंद्रयान

मिशन में पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित इस एसएलपी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके पहले श्रीहरिकोटा में जो पुराना लॉन्चिंग पैड है, उसे आधुनिक उपग्रहों के लिए उपयुक्त नहीं माना जा रहा था।

इसरो ने जब एसएलपी की जरूरत महसूस की तो इसके लिए रांची स्थित मेकॉन और एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) को वर्क ऑर्डर दिया गया। इसका ड्राइंग-डिजाइन मेकॉन लिमिटेड के इंजीनियरों ने तैयार किया। रांची में 1959 में स्थापित किया गया मेकॉन (मेटलर्जिकल एंड इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट) भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। इसने पिछले छह दशकों में देश में इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी और रिसर्च में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। एसएलपी के लिए जरूरी उपकरणों जैसे टावर क्रेन, फोल्डिंग कम वर्टिकली रिपोजिशनेबल प्लेटफार्म, स्लाइडिंग डोर, मोबाइल लॉन्चिंग पेडस्टल, 6-एक्सिस सीएनसी डबल कॉलम वर्टिकल टर्निंग और बोरिंग मशीन, 3-एक्सिस सीएनसी सिंगल कॉलम वर्टिकल टर्निंग एंड बोरिंग मशीन का निर्माण रांची के धुर्वा स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) के वर्कशॉप में किया गया है।

एचईसी भारत में मदर ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के रूप में विख्यात रहा है। 1958 में स्थापित इस संस्थान ने भारत के रक्षा मंत्रालय, सेना, रेलवे सहित कई सार्वजनिक और निजी उपक्रमों के लिए अनगिनत मशीनें बनाई हैं। इसरो के एसएलपी के बोगी सिस्टम के लिए विशेष स्टील और कई उपकरणों का निर्माण सरायकेला के गम्हरिया स्थित टाटा ग्रोथ शॉप में किया गया है।

दस लाख के इनामी मोस्ट वांटेड माओवादी नीरज खेरवार का सरेंडर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में एक और मोस्ट वांटेड माओवादी नक्सली कमांडर नीरज सिंह खेरवार ने हथियार डाल दिए हैं। उस पर झारखंड सरकार ने छह और एनआईए ने चार लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। एनआईए ने भी उसे झारखंड में मोस्ट वांटेड की लिस्ट में रखा था। पिछले दो दिनों के भीतर यह दूसरे बड़े माओवादी कमांडर का सरेंडर है। नीरज सिंह खेरवार पर लातेहार के चंदवा में कुछ साल पहले चार पुलिसकर्मियों की हत्या के अलावा पलामू और चतरा जिले में तीन दर्जन से ज्यादा वारदात दर्ज हैं। पुलिसकर्मियों की हत्या की वारदात के बाद एनआईए ने भी उसपर केस

दर्ज किया था। माओवादी संगठन में नीरज का ओहदा जोनल कमांडर का था। वह मूल रूप से पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के आबुन गांव का रहने वाला है।

बुधवार को छह लाख के इनामी खुदी मुंडा ने गुमला जिले के कुरुमगढ़ थाने में पहुंचकर सरेंडर किया था। हालांकि, इन दोनों नक्सलियों के सरेंडर के बारे में पुलिस ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। खबर है कि पुलिस इन दोनों से गुप्त स्थानों पर पूछताछ कर रही है। आधिकारिक तौर पर इनका सरेंडर बाद में घोषित किया जाएगा।

अप्रैल महीने में एनआईए ने नीरज खेरवार समेत सात नक्सलियों को मोस्ट वांटेड घोषित किया था। उसने झारखंड के लोहरदगा जिला पुलिस के पास सरेंडर किया है। बता दें माओवादियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा झारखंड में पिछले तीन साल से चलाए जा रहे व्यापक अभियान को खासी कामयाबी मिली है। तीन साल में अब तक 56 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें दो लाख से लेकर 25 लाख तक के इनामी नक्सली शामिल हैं। इस साल सबसे ज्यादा अब तक 20 नक्सलियों ने पुलिस के सामने हथियार डाले हैं।

NEWS इन ब्रीफ

बाबूलाल मरांडी कल संभालेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार

रांची। भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कल विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को दी। डॉ वर्मा ने कहा कि कल हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में प्रदेश भाजपा का स्नेह मिलन समारोह आयोजित है। इसमें निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को विधिवत पदभार ग्रहण कराएंगे।

सरायकेला : अमीन 10 हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

सरायकेला। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया अंचल के अमीन राज किशोर भगत को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी की टीम अंचल अमीन को गिरफ्तार कर जमशेदपुर ले गई है। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि एसीबी ने अमीन को किसकी शिकायत पर कार्रवाई की है।

डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई के लिए विभागीय आदेश जारी

रांची। डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। पत्र के माध्यम से झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बहाल की जाए।

डीटीओ बनकर अवैध वसूली करने के चार आरोपियों को जेल

दुमका। डीटीओ बन अवैध वसूली करने वाले गिरोह का नगर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना नगर थाना क्षेत्र के बक्सी बांध निवासी राहुल कुमार एवं मोहम्मद तनवीर को गिरफ्तार किया है।

बिरसा जेल में बंद कैदी ने खुद का गला रेता, हालत गंभीर

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद एक कैदी ने गुरुवार को गला रेतकर आत्महत्या करने की कोशिश की। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे रिम्स भेज दिया। उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर के मुताबिक, जेल में बंद अन्य कैदियों ने बताया कि कैदी जवाहर लाल बुधवार रात से ही बेचैन था। गुरुवार की सुबह जेल परिसर में कैदियों का बाल-दाढ़ी बनाया जा रहा था।

मुख्यमंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, कहा

क्वालिटी एजुकेशन पर है जोर

बच्चे पढ़ाई की चिंता करें खर्च सरकार देगी

नौकरियों का खुला दरवाजा, स्वरोजगार के लिए भी योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता। बोकारो

एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हमने झारखंड तो ले लिया । लेकिन, पिछले दो दशकों में इस राज्य को जहां होना चाहिए वहां नहीं नहीं पहुंच सका। तमाम संसाधनों और क्षमताओं के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अब हमारी सरकार इस राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृत संकल्प है। इस कड़ी में कई योजनाएं शुरू की गई है और कई शुरू होंगी। ये योजनाएं झारखंड की दशा- और

दिशा और स्वरूप को बदलने का काम करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बोकारो के नवाडीह में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने कहा कि हमारी हर योजना और नीति जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। सरकार जो भी कार्य योजना बनाती है, उसमें जनता की सोच और उसकी उम्मीदों का विशेष ध्यान रखा जाता है। समाज का कोई भी वर्ग और तबका हो, हर किसी के हित और कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें।

इस मौके पर मंत्री बेबी देवी, योगेंद्र प्रसाद, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, डीआईजी कन्हैयालाल मयूर पटेल और उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

इन योजनाओं का हुआ उद्घाटन-शिलान्यास

- सीएम ने 17097.82 लाख रुपए की लागत से कुल 70 परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 2322.65 लाख रुपए की 17 योजनाओं का लोकार्पण किया एवं 14775.17 लाख रुपए की 53 योजनाओं की आधारशिला रखी।
- कार्यक्रम में 10067 लाभुकों के बीच 5636.94 लाख की परिसंपत्ति बांटी।
- मॉडल डिग्री कॉलेज, गोमियां के भवन का उद्घाटन।
- चंदनक्यारी, गोमियां , चंद्रपुरा और चास मे स्थित उच्च विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा ओर मल्टीपरपज ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य की रखी गई आधारशिला।
- पेटरवार, गोमियां, चंदनक्यारी, नवाडीह ओर चास में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में ऑडिटोरियम का शिलान्यास।

कैश कांड मामला

कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों की होगी वापसी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कैश कांड के आरोप में कांग्रेस से निलंबित किये गये तीन विधायक डॉ. इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप की पार्टी में वापसी होगी। कांग्रेस आलाकमान ने तीनों विधायकों के रखे हुए पक्ष को देखते हुए निलंबन वापस लेने का फैसला लिया है।

यह बात कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम ने कही। वे गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी आला कमान ने तीनों निलंबित विधायकों के निलंबन को वापस लेने का फैसला ले लिया है। इस संबंध में पार्टी आलाकमान की ओर से दो सप्ताह के अंदर अधिसूचना जारी की जायेगी। साथ ही कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस और बेहतर करेगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 30 जुलाई, 2022 को कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की कार से 49 लाख रुपये नकदी बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

गंभीर अपराध का दोषी पाए जाने पर बंद होगी पेंशन

नये नियम 6 जुलाई से प्रभावी हो गए हैं

एजेंसी। नई दिल्ली

यदि किसी सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को गंभीर अपराध या कदाचार का दोषी पाया जाता है तो केंद्र सरकार एक निर्दिष्ट अवधि या अनिश्चित काल के लिए उसका पेंशन रोक सकती है। सरकार ने इसके लिए नियमों में बदलाव किए हैं। साथ ही, कोई भी सरकारी कर्मचारी, जिसने किसी खुफिया या सुरक्षा-संबंधी संगठन में काम किया हो, सेवानिवृत्ति के बाद ऐसे संगठन के प्रमुख की पूर्व अनुमति के बिना संगठन के से संबंधित कोई भी सामग्री प्रकाशित नहीं करेगा। ऐसे सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा किसी भी रूप में कोई भी

संवेदनशील जानकारी, जो देश की संप्रभुता को प्रभावित कर सकती हो, प्रकाशित नहीं की जा सकेगी। सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को एक शपथ पत्र देना होगा, जिसमें यह घोषणा करनी होगी कि वह संबंधित प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होगा। ऐसे व्यक्ति की ओर से वचनबद्धता को पूरा करने में विफलता के परिणामस्वरूप उसकी पेंशन रोक दी जाएगी। नये नियम 6 जुलाई से प्रभावी हो गए हैं।

वीरेंद्र राम के खिलाफ एसीबी में दर्ज होगा आय से अधिक संपत्ति का केस

जल संसाधन विभाग ने निगरानी विभाग को भेजा पत्र

मुख्यमंत्री ने पीसी एक्ट के तहत केस दर्ज करने की स्वीकृति दी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के खिलाफ एसीबी में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने व प्रिवेंशन आफ करप्शन(पीसी) एक्ट की संगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। वीरेंद्र राम के पैतृक विभाग जल संसाधन विभाग ने ईडी के द्वारा राज्य सरकार को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इस संचिका पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी अनुमोदन प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद जल संसाधन विभाग ने वीरेंद्र राम पर केस दर्ज करने संबंधी पत्र मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग को भेज दिया है।

वीरेंद्र राम के पैसे खपाने को हरीश ने बनायी थी कंपनी

झारखंड के ग्रामीण कार्य विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 121 करोड़ खपाने और राम के रिश्तेदारों में पैसे ट्रांसफर किए जाने के लिए मुलतः चार बैंक खातों का इस्तेमाल हुआ था। ईडी ने हरीश यादव की गिरफ्तारी के बाद पीएमएलए कोर्ट को जानकारी दी है कि वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम के खाते में मेसर्स ओयकूल टेक्नोलॉजी से पैसे डाले गए थे। इसके अलावा सचिन गुप्ता के नाम से खोले गए फर्जी कंपनियों श्री खाटू श्याम ट्रेडर्स, मेसर्स अनिल कुमार गोविंद राम ट्रेडर्स और मेसर्स ओम ट्रेडर्स के खातों से मनी लाउंड्रिंग की गई थी। तीन फर्जी कंपनियां तारा चंद ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खोली थी। पूर्व में गिरफ्तार हो चुके ताराचंद और नीरज मित्तल ने इन बैंक खातों के जरिए 121 करोड़ ट्रांसफर किए थे। ईडी ने जांच में पाया है कि हरीश यादव ही सारे बैंक खातों को हैंडल किया करता था। इसके लिए नीरज मित्तल ने हरीश को दो मोबाइल फोन दिए थे। ट्रांजेक्शन से जुड़े ओटीटी उन्हीं नंबरों पर आते थे। इस मोबाइल के चैट डिटेल्स भी ईडी ने जांच के क्रम में हासिल किया है। ईडी ने जांच में पाया है कि हरीश यादव ने ताराचंद के कहने पर सीए मुकेश मित्तल के ड्राइवर के बेटे मनीष के खाते में 10 लाख डलवाए थे। इसके बदले उसे महज 2 हजार का कमीशन मिला था। बाद में मुकेश मित्तल ने ये पैसे गेंदा राम के खाते में ट्रांसफर कराए थे।

कार-ट्रक की टक्कर में दो कांवरियों की मौत

गिरिडीह। बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड झरी पुल के पास 13 जुलाई की अहले सुबह तीन बजे कार और ट्रक के बीच हुए भीषण टक्कर में दो कांवरियों की मौत हो गई। जबकि कार सवार रिशू केसरी और सूरज केसरी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मृतक सगे भाई थे। दोनों की पहचान हजारीबाग इमली कोठी निवासी संतोष केसरी और दीपक केसरी के रूप में हुई है। वहीं बगोदर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। घटना के विषय में बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर देवघर बाबा धाम पहुंचे थे। यहां भगवान भोले पर जल चढ़ा कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुल पर ट्रक से टक्कर हो गई। घटना के बाद मौका देख ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद कार सवारों को कार से निकाला और बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने दोनों भाईयों को मृत घोषित कर दिया।

वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधन पर सम्मेलन 22 जुलाई को

25 देशों के प्रमुख लोग लेंगे हिस्सा

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन

एजेंसी। वाराणसी

दुनिया का पहला और सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधन सम्मेलन और एक्सपो (आईटीसीएक्स) 22 जुलाई को यहां रुद्राक्ष अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में शुरू होगा। तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन और फिर लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आयोजित होने वाला यह सम्मेलन अत्यधिक राजनीतिक महत्व रखता है, क्योंकि यह स्थान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। दक्षिणी राज्यों के मंदिर प्रबंधन और प्रमुखों की उपस्थिति स्पष्ट रूप से इंगित करती है कि इरादा अखिल भारतीय आधार पर हिंदुत्व के मुद्दे को

मजबूत करने का है। इस कार्यक्रम की मेजबानी टेम्पल कनेक्ट (टीसी) द्वारा की जा रही है, जो भारतीय मूल के मंदिरों से संबंधित जानकारी के दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण और वितरण के लिए समर्पित एक अग्रणी मंच है।

टीसी के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी और आईटीसीएक्स 2023 के अध्यक्ष और महाराष्ट्र एमएलसी और शो निदेशक मेघा घोष ने प्रस्तावित कार्यक्रमों का विवरण देते हुए कहा कि कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थित लोगों में मंदिर के ट्रस्टी, मंदिर बोर्ड और ट्रस्ट के सदस्यों के अलावा त्रावणकोर (पद्मनाभस्वामी मंदिर) के राजकुमार, गोवा के मंत्री रोहन ए. खौंटे और तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी धर्म रेड्डी जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। घोष ने कहा, अपनी तरह का पहला ज्ञान साझा करने वाला कार्यक्रम पैनल चचाओं, प्रस्तुतियों, कार्यशालाओं और मास्टर कक्षाओं के माध्यम से मंदिर प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डालेगा।

एक स्थानीय मंदिर के पुजारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा, इस आयोजन के पीछे का विचार राम मंदिर की भव्यता और महत्व को प्रदर्शित करना है, साथ ही आध्यात्मिक और धार्मिक गंतव्य के रूप में वाराणसी पर ध्यान केंद्रित करना है। घटना के राजनीतिक समय को खारिज नहीं किया जा सकता। सूत्रों के मुताबिक, सम्मेलन वैज्ञानिक मंदिर प्रबंधन के विचार को बढ़ावा देगा, जो उत्तर भारत के अधिकांश मंदिरों में गायब है।

बिहार : भाजपा के विस मार्च पर लाठी चार्ज, एक की मौत

एजेंसी। पटना

बिहार भाजपा के गुरुवार को शिक्षकों की नियुक्ति और 10 लाख लोगों को नौकरी देने के मामले में विधानसभा मार्च के दौरान पुलिस ने जमकर लाठियां चलाईं। इस दौरान कई सांसदों, विधायकों को चोट लगी है। वहीं, पत्रकारों को भी नहीं बख्शा गया। इस बीच भाजपा के एक नेता की मौत की खबर है। बताया जाता है कि भाजपा ने गुरुवार को विभिन्न मुद्दे को लेकर पटना में विधानसभा मार्च का आयोजन किया। इस दौरान मार्च में शामिल नेता और कार्यकर्ता जैसे ही डाक बंगला के समीप पहुंचे, पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान डाक बंगला चौराहे पर भाजपा के एक नेता की मृत्यु हो गई, जिनकी पहचान जहानाबाद जिले के महामंत्री विजय कुमार सिंह के रूप में की गई। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने पुष्टि करते हुए

कहा कि विजय सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे पहले विधानसभा मार्च गांधी मैदान से शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न जिला से आए हजारों लोग शामिल हुए। इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार को इसका जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही थी। कहीं कोई उग्र प्रदर्शन नहीं किया गया। उन्होंने सवाल किया कि जब शांतिपूर्ण प्रदर्शन था तो लाठियां क्यों चलाई गई?

खूंटी में सनातन धर्मावलंबियों की बैठक

धर्म और मठ मंदिरों पर हो रहे हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : वीरेंद

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी पड़गांव स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक विहिप के जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के 178 गांवों सनातन धर्मी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से सनातन धर्म के मठ और मंदिरों में हो रहे आक्रमण से निपटने को लेकर लोगों ने विचार व्यक्त किये।

जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ने कहा कि धर्म और मठ मंदिरों में हो रहे हमले को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम अपने हक, अधिकार और धर्म की रक्षा के लिए जागे हुए हैं। हम लोग चाहते हैं कि किसी भी समस्या का हल बातचीत और कानून के अधिकार में रहकर निकाला जाए। इसका मतलब यह नहीं कि हम कमजोर है या असंगठित है। जिला मंत्री ने कहा कि सावन की पहली सोमवारी को बिकुवादाग चांपी गांव स्थित दिवरी पतरा में एक विशेष समुदाय ने शिव भक्तों को जलाभिषेक करने से रोका, जिसकी बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में निंदा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि वहां वस्तुस्थिति की जानकारी को लेकर 15 जुलाई को बिकुवादाग चांपी के दिवरी पतरा में एक विशेष बैठक होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, नगेन्द्र सिंह, बिहारी सिंह, कुलेन्द्र सिंह, लालचंद महतो, विक्रम महतो, प्रदीप महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

विभागीय उलझन में सरकार की घोषणा

पौधा लगाने पर पांच यूनिट फ्री बिजली की कब होगी शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। शहरी क्षेत्र को हरा-भरा रखने के उदेश्य से पेड़ लगाने पर प्रति पेड़ पांच यूनिट फ्री बिजली हवा हवाई साबित हो रहा है। हालत यह है कि 22 जुलाई 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 73वें वन महोत्सव के मौके पर की गई यह घोषणा अब तक जमीन पर नहीं उतर पाया है। घोषणा के अनुरूप शहरी क्षेत्र के लोगों को अपने कैंपस में पेड़ लगाने पर सरकार से प्रति पेड़ पांच यूनिट फ्री बिजली मिलती। विभागीय फायलों में उलझी है यह घोषणाः रांची के आईआईएम कैंपस में मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणा के बाद से अब तक यह मामला विभागीय फायलों में उलझा हुआ है। सरकारी स्तर पर इसे लागू करने के लिए कोई एसओपी तैयार नहीं हो सका है। झारखंड बिजली वितरण निगम, ऊर्जा विभाग और वन विभाग के बीच इसे कैसे लागू करें इसपर उलझन बनी हुई है। इधर झारखंड बिजली वितरण निगम ने सरकार को पत्र भेजकर एसओपी जारी होने तक इसे लागू करने से इनकार कर दिया है। भेजे गए चिठ्ठी में पेड़ लगने के प्रमाण और फ्री बिजली की सब्सिडी राशि पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। जेयूवीएनएल अधिकारी अरविंद कुमार के अनुसार इस संबंध में कई पत्राचार हुए हैं जैसे ही स्पष्ट निर्देश आयेगा जेयूवीएनएल इसे लागू कर देगा।

केंद्र सरकार के अनुदानों का लाभ नहीं उठा रही हेमंत सरकार : भाजपा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें नीति आयोग के समक्ष उन्होंने केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया था। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर राजनीतिक आरोप लगा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में लगातार वित्तीय अनुदानों की बारिश हो रही है लेकिन दुर्भाग्य है कि हेमंत सरकार ने बाल्टी उलट कर रखा है। ऐसे में लाभ न मिलना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति

सुधारने के लिए संसाधन पर्याप्त हैं लेकिन इच्छाशक्ति का अभाव दिख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार की ओर से प्रति लाभुक 50 हजार रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा हुई थी जिसका आज तक कुछ अता पता नहीं है।

अधजली शव की हुई पहचान

सिल्ली। सिल्ली पुलिस ने बिते विगत मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के बुढ़ाआम इलाके के एक डोभा से अधजली एवं सड़ी गली अवस्था में अज्ञात शव बरामद किया था। सिल्ली पुलिस तत्परित कार्य करते हुए जल्द ही शव की पहचान कर ली है। मृतक की पहचान नामकुम थाना क्षेत्र के पलांडु नामकुम निवासी अरुण पाठक का पुत्र अमीत पाठक उम्र 27 वर्ष के रूप मे किया गया। मृतक अपने घर से कुछ दिनों पहले से लापता थे। उनके परिजनों ने लापता होने की सुचना नामकुम थाना मे दिया था।

रांची में दो बदमाश गिरफ्तार, गोली बरामद

रांची। चान्हो थाना पुलिस ने हथियार की खरीद-बिक्री करने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में अभिषेक शर्मा और आकाश कुमार गुप्ता शामिल हैं। इनके पास से 7.65 एमएम की 16 गोली बरामद हुई है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चान्हो थाना क्षेत्र के तरंगा मोड़ के पास दो व्यक्ति हथियारों की खरीद-बिक्री करने के लिए आये है। थाना प्रभारी रंजय कुमार की टीम ने छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार डेविड संगा के पास है। उसे भी कर्रा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। डेविड के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। इस संबंध में कर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

बाबा आम्रेश्वर धाम में की सामूहिक पूजा-अर्चना

खूंटी। रांची जिले के मुड़मा सुरसा गांव के दिवंगत गुरु करा उरांव की 50 महिला शिष्य गुरुवार को गुरुमाता गंगी उराईन के नेतृत्व में बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंची। सरना धर्मावलंबी महिलाओं ने धाम परिसर स्थित सभी मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना और स्तुति की। गुरुमाता गंगी उराईन की यह महिला मंडली पूरे क्षेत्र में सरना धर्म के प्रसार-प्रचार करने में लगी। गंगी उराईन ने कहा कि कुछ लोग प्रलोभन देकर सरना धर्मावलंबियों को धर्म परिवर्तन कराने में लगे हैं।

राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित

चुनौतियों का सामना करते हुए अपने भविष्य को संवारना सबसे बड़ी जिम्मेदारी : शिल्पी

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग माता-पिता सहित सभी का सम्मान करना और भरपूर मेहनत करते हुए अधिक-से-अधिक मेहनत व बुद्धिमता का उपयोग करते हुए जीवन में आनेवाली हर परिस्थिति में अनुकूल आचरण कर उपलब्धियां प्राप्त करना सभी विद्यार्थियों की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 के दौरान पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कही। गुरुवार को लापुंग के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 में लापुंग प्रखंड के मैट्रिक मे प्रखंड टॉपर आरती नाग 93.20%, सेकेण्ड टॉपर सीमा कुमारी 93%, थर्ड टॉपर आमंत्री कुमारी 92.60% सभी निर्मला हाई

स्कूल महुगांव सहित थर्ड टॉपर मनीषा कुमारी 92.20% प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग तथा थर्ड टॉपर दशरथ लोहरा 92.60% हाई स्कूल दोलैचा सहित मैट्रिक एवं इंटर के टापर्स विद्यार्थियों और प्रखण्ड के विविध विद्यालयों के शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आने वाले समय में चुनौतियों का सामना करते हुए अपने भविष्य का निर्धारण करना आज सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समय के साथ -साथ सरकारी नौकरियों की संख्या बहुत तेजी से घट रही है जबकि स्वरोजगार के साथ ही निजी क्षेत्र में नौकरी प्राप्त बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण है और इन क्षेत्रों में सफलता तभी मिल सकती है जबकि हम अपनी प्रतिभा, कौशल, मेहनत, बुद्धिमता और ईमानदारी का पूरा-पूरा उपयोग करें। विधायक ने शिल्पी नेहा तिर्की ने आगे कहा कि विद्यार्थी जीवन में सभी को सबसे पहले अपने आदर्शों को ढूंढना चाहिये और उसके अनुरूप अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ढालना चाहिये। इसके पूर्व अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयविरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, बीपीओ लीलावती तिर्की, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, बीआरपी रेशम शाहदेव, बबलु कुमार महतो, लालकेश्वर यादव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक स्वर्ण लता कुजूर, मतियस कंडुलना, नीलम लकड़ा, सलीम सहाय तिग्गा, बहादुर उरांव, जोहन उरांव सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधान शिक्षकों सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्रावण कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी महापर्व आयोजित



रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को श्रावण कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी महापर्व अत्यंत श्रद्धा भाव एवम भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया । प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, जूही, बेला, मोगरा व रजनीगंधा के मालाओं से मनभावन श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरांबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। पावन श्रावण मास की एकादशी होने के कारण प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु की पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतराब्रद होकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे । श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ सगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। भजनों की लय पर भक्तगण झूम रहे थे साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा - केसरिया दूध एवम मगही पान का भोग अर्पित किया गया । रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विकाश पाडिया, नितेश केजरीवाल , सुदर्शन चितलांगिया, प्रदीप अग्रवाल, अनुराग पोद्दार, अजय साबू का योगदान रहा।

राजेन्द्र प्रसाद के आवास पहुंचे दीपक प्रकाश

रांची। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नव नियुक्त सदस्य व झारखण्ड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश गुरुवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पहुंचे। राजेन्द्र प्रसाद ने दीपक प्रकाश को अपने आवास पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए, बुके देकर उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर उन्हें बधाई दी। अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर इस अवसर पर मोर्चा से जुड़े मूलवासी सदान के कई प्रबुद्धजन शिक्षाविद् व झारखण्ड आंदोलनकारी उपस्थित थे। जिसमें प्रमुख रुप से झारखण्ड आंदोलनकारी व मोर्चा के सलाहकार, क्षितीश कुमार राय, शिक्षाविद नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ डॉ राम प्रसाद शिक्षाविद डॉ अनिल कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह, भी उपस्थित थे।श्री प्रकाश को मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद और सदान नेताओं ने मूलवासी सदानों की समस्या और उनके भावनाओं से भी अवगत कराया।

बेड़ो में आज विद्यार्थी मेधा सम्मान समारोह

बेड़ो। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मेधा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री एवं सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की उपस्थिति होंगे। इस कार्यक्रम में बेड़ो प्रखंड अंतर्गत मैट्रिक और इंटरमीडिएट में 60% से ज्यादा अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो आदि देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी सम्मानित उपस्थित होंगे।

किसान भाइयों को बीएयू कुलपति की सलाह

बीज स्थली में धान के बिचड़े की समुचित देखभाल जरुरी है

नवीन मेल संवाददाता। रांची
वर्त्तमान विषम मौसम को देखते हुए बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा है कि प्रदेश में धान रोपाई का आदर्श समय जुलाई माह तक है। राज्य में वषार्पात में कमी और विषम मानसून की परिस्थिति में किसान भाइयों को कम अवधि या मध्यम अवधि वाले उन्नत धान प्रभेद का चयन करनी चाहिए। बीज

स्थली में धान के बिचड़े की समुचित देखभाल जरुरी है। कहा कि मौजूदा स्थिति में मध्यम अवधि वाली धान के उन्नत किस्म का चुनाव कर धान की सीधी बोवाई की जा सकती है। बताया कि वर्त्तमान में ऊपरी (टांड़) जमीन में खेती उपयुक्त मौसम को देखते हुए खरीफ फसलों में मडुआ (रागी), मकई, अरहर, उरद, मूंग, सरगुजा, ज्वार, बाजरा, सोयाबीन एवं सरगुजा आदि की सीधी बोवाई अगले दो झ तीन दिनों में अवश्य पूरी कर लेनी चाहिए।

एम तमिल वानन को सीआईडी मुख्यालय में दी गई विदाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड कैडर के 2008 बैच के आईपीएस डॉ एम तमिलवानन को गुरुवार को सीआईडी मुख्यालय में विदाई दी गयी। सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए वानन को विरमित कर दिया। डॉ तमिलवानन की प्रतिनियुक्ति हैदराबाद के वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में उप निदेशक के रूप में की गई है। इस संबंध में केंद्र सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर डॉ तमिलवनन को तुरंत कार्यमुक्त करने को कहा था, ताकि वे केंद्र में अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकें। इस अवसर पर सीआईडी के सभी अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

राहत | रतन हाइट्स के खाली प्लॉट पर नहीं बनेगी बिल्डिंग

सोसायटी को हैंडओवर होगी जमीन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मोरहाबादी के रतन हाइट्स रेसिडेंसियल सोसायटी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जबकि वीकेएस बिल्डर को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश शंकर की अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि सोसायटी की खाली जमीन पर बन रहा बिल्डिंग सही नहीं है। कोर्ट ने रांची नगर निगम से स्वीकृत नक्शा को भी गलत बताते हुए रद्द कर दिया है। कोर्ट ने उस जमीन पर किसी तरह का निर्माण नहीं करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि अगर उस जमीन पर कुछ भी किया गया है तो उसे हटाया जाए और उसे पूर्व की तरह समतल बनाकर सोसायटी को वापस किया जाए। दरअसल, रांची के मोराबादी में वीकेएस बिल्डर द्वारा कमर्शियल सह आवासीय अपार्टमेंट के

निर्माण के लिए गड्ढा किया गया था। उसी दौरान रात में बारिश होने पर पास में खड़ी एक कार गड्ढे में समा गई थी। इस निर्माण की वजह से रतन हाइट्स रेसिडेंशियल सोसायटी को खतरा हो सकता था। इसका हवाला देते हुए सोसायटी ने हाईकोर्ट में याचिका दी थी। इस मामले में लंबे समय से दोनों पक्ष की ओर से दलील रखी जा रही थी। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने इसपर फैसला सुरक्षित रख लिया था। 13 जुलाई को न्यायाधीश राजेश शंकर की अदालत ने सोसायटी के पक्ष में फैसला सुनाया। साथ ही जिस जमीन पर निर्माण कार्य होना था, उसे सोसायटी को वापस करने का आदेश दे दिया। पूर्व में नगर निगम की ओर से संशोधित नक्शा स्वीकृत कर पेश किया गया था। उसे भी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। कोर्ट के फैसले के वक्त वीकेएस बिल्डर की ओर से पूर्व महाधिवक्ता अनिल सिन्हा समेत कई वकील थे। दूसरी तरफ नगर निगम की ओर से शेखर सौरभ समेत कई वकील थे। जानकारी के मुताबिक मोरहाबादी के जिस प्लॉट पर बिल्डिंग निर्माण की कवायद चल रही थी, उस प्लॉट का कुल एरिया 86 कट्ठा का था। इसमें से 46 कट्ठा खाली जमीन थी। इसी जमीन पर बिल्डर निर्माण कर रहा था। लेकिन शेष 40 कट्ठा क्षेत्र में रतन हाइट्स रेसिडेंशियल सोसायटी है। जहां बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। जमीन मालिक से एग्रीमेंट के मुताबिक शेष जमीन पर भी सोसायटी का ही हक था। लेकिन बिल्डर ने जमीन मालिक से समझौता कर बिल्डिंग बनाने की कवायद शुरू की थी।

राज्यपाल और स्पीकर से मिला जेएसएसयू का प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन (जेएसएसयू) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो से मिला। साथ ही 10 से 25 मई तक सांसद-विधायक समर्थन प्राप्त अभियान के 60-40 नाय चलतो का प्राप्त बहुमत दस्तावेज को राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से सौंपा। जेएसएसयू प्रमुख दवेन्द्र नाथ महतो ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आज अपने लिखित आवेदन के साथ 60-40 नाय चलतो के कुल 72 विधायकों का समर्थन बहुमत दस्तावेज राज्यपाल और स्पीकर को सौंपा गया। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान नियोजन नीति पर हो रही अनियमितता को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राज्यपाल ने राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नियुक्ति विज्ञापन में झारखंड का निवासी नहीं होने की बात को गंभीरता से लेते हुए अन्य राज्यों का नियोजन नीति देखने के बाद झारखंड के नियोजन नीति में भी सुधार तथा मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने का सकारात्मक आश्वासन दिया। स्पीकर ने इसी मानसून सत्र में राज्य सरकार को संज्ञान में देने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में प्रियंका एक्का, मोईजुद्दीन अंसारी, लकी रामू, योगेश भारती, रविंद्र कुमार सहित अन्य शामिल थे।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–किरण तिर्की, उम्र–19 वर्ष,
रंग–साँवली, उचाँई–5 फिट,

उपरोक्त लापता महिला किरण तिर्की, पे0–पासकल तिर्की, सा0–हरिहपुर जामटोली, थाना–बेड़ो, जिला–राँची जो दिनांक–03.07.23 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में बेड़ो थाना सनहा संख्या–11/2023 दिनांक–04.04.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो, राँची। –94317 28777
थाना प्रभारी बेड़ो, राँची। –94317 06179

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 302302 Police(23-24).D

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने गौशाला का किया निरीक्षण, कहा-

सरकार की सहायता से आत्मनिर्भर बनाया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गुरुवार को झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद व उपाध्यक्ष राजू गिरी ने हरमू एवं सुकुरहुटू स्थित गौशाला का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। दोनों स्थानों पर गौशाला पहुंचते ही विधि विधान से ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के संग गौ माता का पूजन किया, इसके ततपश्चात पूरे गौशाला का निरीक्षण किया। गौ माताओं की सेवा भी की उन्हें अपने हाथों से गुड़ चोकर एवं हरी घास भी खिलायी। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं उपाध्यक्ष राजू गिरी का गौशाला न्यास के कार्यालय में अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ एवं न्यास समिति का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत भी किया गया। निरीक्षण के मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं मीडिया को संबोधित करते हुए आयोग के नव मनोनीत अध्यक्ष राजीव रंजन

प्रसाद ने कहा कि मेरी पूरी प्रतिबद्धता है कि कैसे राज्य में संचालित गौशाला आत्मनिर्भर बने। समाज के सहयोग से तो इनका संचालन हो ही रहा है सरकार के स्तर से आयोग के द्वारा नवीन योजनाए लाकर इनको आत्मनिर्भर बनाया जाय। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि कृत्रिम तरीके से चारा के रूप घास का उत्पादन एवं पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण से गो कास्ट का उत्पादन काबिले तारीफ है, इसके लिए राज्य के अन्य गौशाला को भी प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा गौशाला से केंचुआ खाद की खरीदी हो इसके लिए बहुत जल्द कृषि मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री से वार्ता कर इसका हल निकाला जाएगा। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गौशाला के अंदर बीमार गायों के उपचार के लिए गौ अस्पताल के संचालन एवं पशु चिकित्सक की उपलब्धता पर संतोष जाहिर किया सरकार के स्तर से प्रतिनियुक्त पशु चिकित्सक भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित पाए गये। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि गायों के नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन के लिए भी आयोग योजनाएं तैयार करेगा। गौशाला के पास दान में प्राप्त भूमि के रक्षार्थ उक्त भूमि को राजस्व विभाग द्वारा प्रतिबंधित सूची में डलवाने के लिए पहल करेगा ताकि भू माफियाओं से इनकी रक्षा हो सके, साथ ही साथ प्रमंडलवार गौ अभ्यारण्य बने इस संबंध में भी योजना बनाया जा रहा है। उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा इस राज्य की पहचान गौ संरक्षक राज्य के रूप में हो गो हत्या एवं गो तस्करी बंद हो गो रक्षा के नाम पर इस राज्य में अराजकता फैलाने की इजाजत अब किसी को नहीं होगी सौहार्दपूर्ण वातावरण में हमे गौ सेवा पर ध्यान केंद्रित करना है।

शिव की उपासना के साथ प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का लें संकल्प : तुषार

रांची। सामाजिक संस्था श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव और जाने-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट ने कहा है कि सावन के महीने में भगवान शिव की उपासना के साथ ही प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन का भी संकल्प लें। सावन माह में शिव की उपासना की विशेष महत्ता है। सावन के महीने में वर्षा के कारण खेतों की भरपूर सिंचाई होती है और प्रकृति भी अपने पूरे हरे-भरे रूप में नजर आती है। ऐसे में वर्षा के महीने में हम अधिक से अधिक जल संरक्षण और पौधारोपण कर हरियाली के सिमटते दायरे और जलाशयों के सूखने के संकट से छुटकारा पा सकते हैं। अपने भविष्य को सुरक्षित और जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। श्री शीट ने कहा कि सावन महीने में शिव की आराधना के साथ-साथ भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों से भी हमें सीख लेने की जरूरत है। यह सर्वविदित है कि भगवान शिव को दो चीजें अधिक प्रिय हैं।

सत्तामद में चूर नीतीश सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है: बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पटना में राज्य सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता की हुई हत्या की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पर लोकतंत्र की आवाज को दबाने का झूठा आरोप लगाने वाले दलों को आज जवाब देना चाहिए कि पटना में भाजपा की रैली पर हुए बर्बर लाठीचार्ज में हुई मौत और सैकड़ों घायल लोगों का जिम्मेवार कौन है? उन्होंने कहा कि जदयू राजद की सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों की हत्या करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता

की समस्याओं को उठाने ,उसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी सत्ता मद में इतने चूर हैं कि उन्हें जनता की आवाज सुनाई नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि भाजपा की लोकप्रियता से घबराए ठगबंधन के लोग चाहे बिहार में हो या बंगाल में या फिर झारखंड में वे अपने खिलाफ उठ रही आवाज को सुनने की ताकत नहीं रखते। उनका आत्मबल कमजोर हो चुका है। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने के कारण उनमें तिलमिलाहट है,झल्लाहट है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को याद रखना चाहिए कि यही भाजपा कार्यकताओं ने लालू राबड़ी सरकार के खिलाफ संघर्ष करके आपको मुख्यमंत्री बनाया। आज वहीं भाजपा कार्यकताओं ,जनप्रतिनिधियों पर आप लाठियां बरसा रहे,हत्या करवा रहे। वो दिन दूर नहीं जब जनता आपको कुर्सी से उतार देगी। समय बहुत बलवान होता है।

सेरसा ने गौरव सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर जमाया कब्जा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सेरसा रांची की टीम ने गुरुवार को गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिविजन क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम करने में सफलता हासिल की। आरडीसीए के तत्वावधान में रांची जिला क्रिकेट का आज सत्र 20 22- 2033 का समापन इसी के साथ हो गया। जेएससीए के मुख्य स्टेडियम में खेले गए मैच में सेरसा की टीम ने मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब को 46 रनों से पराजित कर 13 साल बाद खिताब पर अपना अधिकार जमाने में कामयाबी हासिल की। सेरसा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.3 ओवर में 147 रन बनाए जिसमें सिद्धार्थ राज सिन्हा ने एक बार फिर उम्दा बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 50 रनों की पारी खेली राजा ने 24 रनों का योगदान किया। अमित ने 22 रन देकर तीन और सीट ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए जवाबी पारी में मेकॉन

की टीम ने 37.5 ओवर में 101 रन पर सिमट गई मेकॉन की ओर से कौशल सिंह ने 29 और अनिर्बन चैटर्जी ने 22 रनों का योगदान किया इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। ऋषभ राज ने काफी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 22 रनों के एवज में चार बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। अनुभवी कुलदीप शर्मा ने 17 रन देकर दो और खब्बू तेज गेंदबाज हर्ष राज ने 27 रन देकर 2 विकेट लेकर मैच को अपने कब्जे में कर दिया। समापन समारोह के अवसर पर जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार बांटे इस अवसर पर अरविंद श्रीवास्तव बिभुतिभूषण प्रसाद आरडीसी के सचिव शैलेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष सौमित्र पटनायक सुरेश कुमार जय कुमार सिन्हा मुजफ्फर अली सुभाष चटर्जी नंदजी पांडे मोहम्मद उज्ज्वै किशोर चंद्र सूरज कुमार मोहम्मद शाहिद रणविजय सिंह सहित आरडीसीए के कई अधिकारी और खिलाड़ी उपस्थित थे।

पुलिस मुख्यालय ने पदक के लिए मांगा पुलिस कर्मियों का ब्यौरा

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक प्रदान करने के लिए प्रस्तावित आईपीएस ऋषभ झा सहित 23 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों का पूरा ब्योरा मांगा है। इनमें आईपीएस ऋषभ कुमार झा, एएसपी अनुराग राज, डीएसपी दीपक कुमार पांडे,डीएसपी दीपक कुमार,इंस्पेक्टर अनिल उरांव, अभिनव कुमार, गौतम कुमार, धीरज कुमार मिश्रा, सब इंस्पेक्टर विक्रांत कुमार, एएसआई संजय कुमार, सच्चिदानंद सिंह, आरक्षी रूपनारायण महतो, याकूब सुरीन, अशोक कुमार, सुभाष दास,रविंद्र टोप्पो,अनिल उरांव,बाबूराम बास्की सहित अन्य शामिल हैं।

उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरुकता रथ को किया रवाना

पढ़ाई के लिए बेटियों को मिलेगी चार हजार की सहायता राशि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरुकता रथ के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने और किशोरियों, बालिकाओं के उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत कक्षा आठवीं, नौवीं,

दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं में पढ़ने वाली किशोरियों एवं 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। शेष बचे किशोरियों को लाभान्वित करने के लिए विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिले में 55 हजार से अधिक किशोरियों को योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करना लक्ष्य है। साथ ही 18 से 19 वर्ष की ऐसी किशोरियां जो स्कूल से ड्रॉपआउट हो चुकी हैं उनको चिन्हित कर आवेदन लिए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि जागरुकता रथ के जरिये पंचायतों में भ्रमण कर योजना के तहत मिलने वाले लाभ, योजना की पात्रता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक किया जायेगा। उपायुक्त ने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को 40 हजार रुपये की सहायता राशि मिलेगी। योजना के तहत कक्षा 8वीं में 2500, कक्षा 9वीं में 2500, 10वीं में 5000, कक्षा 11वीं में 5000, कक्षा 12वीं में 5000, 18 से 19 वर्ष की किशोरी को एक मुश्त 20 हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी।

रांची में स्कूली बच्चों ने पौधरोपण का लिया संकल्प

रांची। कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच रांची नगर निगम ने 200 पौधों का वितरण किया। साथ ही विद्यार्थियों को पौधरोपण करने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण और उर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा।

वरुण जालान बने राष्ट्रीय अमृतधारा के संयोजक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ ने मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष वरुण जालान को राष्ट्रीय अमृतधारा संयोजक नियुक्त किया। इस पर वरुण जालान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ एवं प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया एवं साथ ही विश्वास जताते हुए कहा कि उन्हें जो राष्ट्रीय दायित्व दिया गया है उसपर वे पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वरुण जालान ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 802 शाखाओं में 44000 युवाओं की संस्था हैं इसमें तकरीबन 2500 अमृतधारा कार्यरत हैं इस आलोक में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा 15 जुलाई को

प्रातः 9:30 बजे ज्योति संगम लेन अपर बाजार रांची में अपना पांचवा स्थायी अमृतधारा का उद्घाटन करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अरुण गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, विशिष्ट अतिथि संजय सेठ सांसद रांची, संजीव विजयवर्गीय पूर्व महापौर, वरुण जालान राष्ट्रीय अमृतधारा प्रभारी एवं ज्योति संगम लेन के सभी पदाधिकारी गण के द्वारा अमृतधारा का उद्घाटन किया जाएगा। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस सप्ताह 15 जुलाई से 22 जुलाई तक के अवसर पर रांची शाखा द्वारा 8 दिवसीय कार्यक्रम किया जाएगा। 15 जुलाई को स्थाई अमृतधारा का उद्घाटन, 16 जुलाई को पौधरोपण, 17 जुलाई को रक्तदान शिविर, 18 जुलाई को कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान, 19 जुलाई को गौ सेवा, 20 जुलाई को अंगदान देहदान पर सिग्नेचर कैंप, 21 जुलाई को खेलकूद कार्यक्रम, 22 जुलाई को चिकित्सा शिविर कैंप लगाया जाएगा। ये सभी कार्यक्रम पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में किये जाएंगे।

उत्पादन धान की अपेक्षा मक्का की खेती में पानी की खपत कम होती है

सुखाड़ में मक्का की वैकल्पिक खेती बेहतर : डॉ. पीके सिंह

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग द्वारा संचालित आईसीएआर-मक्का टीएसपी एवं मक्का एससीएसपी परियोजनओं में वर्त्तमान खरीफ मौसम में मक्का के 5 उन्नत किस्मों जैसे - डीएचएम-117, डीएचएम-121, बिरसा मक्का-3, सुआन कम्पोजिट, शक्तिमान -5 को बढ़ावा दिया जायेगा। दोनों परियोजनओं के अधीन रांची जिले के चान्हो एवं मांडर प्रखंड के जनजातीय एवं अनुसूचित जाति के कुल 278 किसानों के खेतों में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण (एफएलडी) कराये जायेंगे। निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने बताया कि 278 किसानों को कुल 15 क्विंटल उन्नत मक्का किस्म बीज उपलब्ध कराया गया है। इससे करीब 75 हेक्टेयर भूमि में प्रत्यक्षण के माध्यम से किसानों को मकई की उन्नत कृषि प्रणाली से प्रत्यक्ष

अवगत कराया जायेगा। डॉ पीके सिंह ने बताया कि धान की अपेक्षा मक्का की खेती में पानी की खपत कम होती है। इसलिए प्रदेश की वर्त्तमान विषम मौसम में मक्के की खेती बेहतर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य की मिट्टी मक्के की खेती के लिए बेहतर है, यहां हल्की बारिश में वैज्ञानिक विधि से मक्के की बेहतर उपज ली जा सकती है। उन्नत किस्मों की बोवाई और बेहतर शस्य प्रबंधन से अधिक उपज प्राप्त की जा सकती है। राज्य में सुखाड़ जैसी स्थिति को देखते हुए मक्का की वैकल्पिक खेती बेहतर साबित हो सकती है। परियोजना अन्वेंषक (मक्का परियोजना) डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती ने सभी लाभुक किसानों को कीट एवं रोग से बचाव के लिए दवा भी दिये जायेंगे। साथ ही खेतों में फील्ड दिवस के माध्यम से किसानों को मक्का की खेती के प्रति जागरूक किया जायेगा। टीएसपी एवं एससीएसपी मक्का प्रत्यक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शस्य वैज्ञानिक (मक्का) डॉ. सीएस सिंह द्वारा किसानों को मक्का उत्पादन की उन्नत कृषि प्रणाली की जानकारी एवं कृषि कार्यों के प्रबंधन से अवगत कराया गया है।

डालमिया ने श्रावणी मेले में स्थानीय युवाओं को 'जय कांवर पुरस्कार' से सम्मानित किया

नवीन मेल संवाददाता

देवघर। भारत की अग्रणी सीमेंट निमार्ता कंपनी, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने देवघर में आयोजित वार्षिक 'श्रावणी मेला 2023' में कावड़ियों के उल्लेखनीय गुणों और स्थानीय युवाओं की अदम्य भावना का जश्न मनाया। कंपनी की 'सैल्यूटिंग द एक्सपर्ट' पहल को पूर्वी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के अनुरूप देवघर के तीन प्रतिभावान युवा नायकों को 'जय कांवर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कावड़ियों की सुदृढ़ता और डालमिया डीएसपी सीमेंट 'ढलाई एक्सपर्ट' द्वारा पेश की गई डोमेन विशेषज्ञता के बीच साझा तालमेल पर आधारित है। यह स्थानीय उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अपने उद्देश्य और खुद पर विशेष विश्वास रखते हैं। इस वर्ष इस पुरस्कार को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया। इस प्रकार, नीरज मंडल को एनईईटी में उनके शानदार प्रदर्शन के एवज में; प्रमुख व महत्वाकांक्षी एथलीट श्री आकाश कुमार को खेल में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए और उत्साही सामाजिक कार्यकर्ता श्री समीर मिश्रा को सामुदायिक प्रयासों के प्रति उनके समर्पित योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन विजेताओं का चयन तीन सदस्यों वाले जूरी पैनल द्वारा किया गया। इस पैनल में संथाल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष; मारवाड़ी युवा मंच, देवघर के महासचिव और ऑल इंडिया वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के सचिव जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल थे। वार्षिक परंपरा बन चुका जय कांवर पुरस्कार इस वर्ष अपने तीसरे संस्करण में है, जो डालमिया सीमेंट और देवघर के लोगों के बीच विशेष संबंधों का प्रतीक है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ₹हम जय कांवर पुरस्कार के माध्यम से इन युवाओं की असाधारण उपलब्धियों और अटूट दृढ़ संकल्प का सम्मान करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के स्थानीय युवाओं का समर्थन करना हमारे लिए सम्मान की बात है, जो हमारे प्रति उनके विश्वास को दशार्ता है। ये पुरस्कार समुदायों के उत्थान और उत्कृष्टता व सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयास करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें मान्यता देने की हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं। इस वर्ष यह धार्मिक तीर्थयात्रा जुलाई-सितंबर के महीनों में आयोजित की जा रही है। यह पूरे भारत से शिव भक्तों को एक साथ लाती है, जिनमें बड़ी संख्या में बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और झारखंड से भक्त शामिल होते हैं। बिहार के सुल्तानगंज से 108 किलोमीटर की नंगे पैर वाली यह यात्रा दो महीने की होती है, जिसमें तीर्थयात्री गंगा से जल लेकर आते हैं। यह यात्रा शारीरिक रूप से काफी कठिनाइयों भरी होती है। यात्रा के दौरान अक्सर यात्रियों के

पैरों में चोट लग जाती है, जिसे ठीक होने में कई सप्ताह लग जाते हैं। फिर भी, अटूट आस्था से ओतप्रोत कावड़िए या बम लोग अपार भावना और निपुणता के साथ इसे पूरा करते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

गिरिडीह : घर से भटकी बच्ची मिली

गिरिडीह। 13 जुलाई को गौसिया जामा मस्जिद तारानाखों के पास स्थानीय लोगों को एक बच्ची मिली. बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ है. इसकी वजह से बच्ची का नाम पता मालूम नहीं हो पाया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्ची को मस्जिद में ही रखा गया है. जहां सदस्य बच्ची की देखभाल कर रहे हैं. मस्जिद के सदस्यों ने बताया कि वे अपने स्तर से बच्ची के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपील की है कि परिजन अपने बच्ची को ले जाएं.

ट्रेन से कटकर युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

कोडरमा। कोडरमा-धनबाद रेल खंड के कोडरमा रेलवे स्टेशन के निकट हादसा हो गया. यहां ओवर ब्रिज के नीचे ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी. युवक की पहचान नवादा जिला निवासी कौशल कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई है. जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है और जांच में जुट गयी है. मिली जानकारी के अनुसार, कौशल कुमार सुबह ट्रेन से सफर कर रहा था. इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया. नीचे गिरने से व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया और ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गयी.

धनबाद से ताम्बरम के लिए स्पेशल पैसेंजर ट्रेन 18 जुलाई को

धनबाद। धनबाद से ताम्बरम के बीच 18 जुलाई को एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलेगी. यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन गोमो, कोडरमा, गया, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, जबलपुर, इटारसी, नांदेड़, सिकंदराबाद के रास्ते ताम्बरम जाएगी. ट्रेन 18 जुलाई की दोपहर 3.35 बजे धनबाद से खुलेगी. शाम 5.35 बजे गोमो होते हुए 20 जुलाई की रात 10 बजे ताम्बरम पहुंचेगी. 14 जुलाई को ताम्बरम-धनबाद अनारक्षित स्पेशल रात 10 बजे ताम्बरम से खुलेगी, जो 17 जुलाई की सुबह साढ़े पांच बजे धनबाद पहुंचेगी. ट्रेन में साधारण श्रेणी के 20 और एसएलआर के दो सहित कुल 22 कोच होंगे.

सिंटू कुमार बने युवा राजद के जिलाध्यक्ष

जमशेदपुर। शहर के सिंटू कुमार को युवा राजद का जमशेदपुर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है. इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने सिंटू कुमार को मनोनयन पत्र प्रेषित कर जानकारी दी है. साथ ही उन्होंने आशा जतायी है कि सिंटू कुमार संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए दल के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे. इसके साथ ही रंजन कुमार ने सिंटू कुमार को अपने कार्य क्षेत्र में किये गये कार्यक्रमों का वीडियो, फोटो आदि समय-समय पर उपलब्ध कराते रहने का निर्देश दिया है.

टीबी के खिलाफ बेहतर कार्य करने पर डीसी ने अदाणी फाउंडेशन को किया सम्मानित

पहले चरण में 60 मरीज हुए ठीक, दूसरे चरण में 70 मरीजों को लिया गया है गोद

नवीन मेल संवाददाता

बड़कागांव (हजारीबाग)। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड में पहले चरण के तहत टीबी के 60 मरीजों को गोद लिया था, जो स्वस्थ हो गए। अब दूसरे चरण के तहत टीबी के 70 मरीजों को गोद लिया गया है, जिन्हें हर महीने पोषण किट अदाणी फाउंडेशन की ओर से दिया जा रहा है। यह किट मरीजों को अगले छह महीनों तक के लिए प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से

बड़कागांव प्रखंड में लगातार सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों की सराहना की गई। मालूम हो कि अदाणी फाउंडेशन की ओर से प्रखंड में अंतर्गत विभिन्न गांवों में लगातार निःशुल्क चिकित्सा शिविर, मुफ्त दवा वितरण और निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन ने पिछले दिनों प्रखंड के गाली, बलोदर, और गोंडलपुरा के ग्रामीणों को 50-50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50-50 किलोग्राम यूरिया और 10-10 किलोग्राम धान का बीज भी प्रदान किया था। इसके अलावा महुगाई कला स्थित पंचायत भवन के मीटिंग हॉल में 10 ब्रांडेड पंखे लगाए गए। यहां पिछले दिनों वज्रपात हो जाने की वजह से बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी और सभी पंखे जल गए थे। इसकी जानकारी मिलने के बाद अदाणी फाउंडेशन की ओर से यहां सभी पंखे को लगाकर उन्हें चालू करवा दिया गया है। अब किसी भी बैठक के दौरान ग्रामीणों को गर्मी की समस्या नहीं करनी पड़ेगी। पिछले दिनों अदाणी फाउंडेशन ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत विद्यार्थियों के बीच निशुल्क साइकिल का भी वितरण किया था।

16 फरार अभियुक्तों के खिलाफ चिपकाया इश्तेहार

नवीन मेल संवाददाता

बरही । एससी/एक्ट के तहत दर्ज एक ही गांव के उन्नीस अभियुक्तों के खिलाफ इश्तहार चिपकाने का काम किया गया. यह सभी अभियुक्त बरही प्रखंड अंतर्गत गुडियो गांव के रहने वाले है. जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ बरही थाना में कांड संख्या 88/19 दर्ज है. जो पिछले कई वर्षो से पुलिस की नजरों से फरार चल रहे थे. न्यायालय के निदेर्शानुसार सभी फरार अभियुक्तों के घर पर नियमसंगत इश्तहार चिपकाने का काम किया गया है. जिनके खिलाफ इश्तहार चिपकया गया उनमें अनिल यादव पिता सुरेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव पिता चूल्हान यादव, अरुण यादव पेशरान सुरेंद्र यादव, रामचंद्र यादव उर्फ चंदर, , प्रदीप यादव, महेश यादव, नागेश्वर यादव चारो के पेशरान चूल्हान यादव, खुर्शीद मियां पेशरान, जैनुल मियां, मुख्तार मियां, ऐनुल मियां, कारू मियां, मुस्तकीम मियां सभी के पेशरान मरहूम महुद मियां, इस्माइल मियां, पेशरान मरहूम जुमरती मियां और छोटू मियां पेशरान इस्माइल मियां का नाम शामिल है.

सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर बने डॉ एहसान हक

हजारीबाग। ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक को सीबीएसई पटना जोन ने चार जिले हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ का सिटी को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है. वर्तमान में डॉ एहसान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का दायित्व सिटी को-ऑर्डिनेटर के रूप में निभा रहे हैं. डॉ एहसान उल हक लंबे समय से सीबीएसई के राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन भी हैं. उन्हें इस क्षेत्र में कई अवार्ड भी मिल चुका है. उन्होंने निष्पक्षता के साथ कार्यों का निष्पादन किया है. डॉ एहसान उल हक ने कहा कि वह आगे भी सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर के रूप में पूर्ण निष्ठा के साथ हजारीबाग, चतरा, कोडरमा एवं रामगढ़ के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के साथ मिलकर अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करने का पूरा प्रयास करेंगे. विद्यालय प्रबंधन समिति ने स्कूल परिवार की ओर से प्राचार्य का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है. स्कूल के चेयरमैन शब्बीर अहमद और कोषाध्यक्ष तनवीर अहमद ने कहा कि यह ओएसिस स्कूल के लिए गौरव की बात है.

बेरमो : डिलीवरी के बाद प्रसूता की मौत, हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद एक महिला की मृत्यु हो जाने के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया. परिजनों ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया. दोषी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी किया. घटना की जानकारी मिलते ही गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, गोमिया सीओ संदीप अनुराग टोपनो, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, भाजपा नेता देवनारायण प्रजापति सहित कई लोग पहुंचे. गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन, कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार, आइइएल थाना एवं ललपनिया थाना मौके पर मौजूद है. खबर लिखे जाने तक शव अस्पताल में ही रखा है. मृतका ललपनिया निवासी मोनिका कुमारी (24 वर्ष) है. मृतका के पति फलेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रसव पीड़ा होने पर उसने 11 जुलाई की रात 12 बजे अपनी पत्नी को गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था. बुधवार की सुबह लगभग सात बजे एक स्वस्थ पुत्र का जन्म हुआ. स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जच्चा व बच्चा के स्वस्थ्य होने की जानकारी दी गई. लेकिन थोड़ी देर में प्रसूता का रक्तस्राव शुरू हो गया. स्थिति बिगड़ने पर 10 बजे रेफर कर दिया गया.

धनबादः सरायढेला के राजा तालाब में मिला 24 वर्षीय महिला का तैरता शव

धनबाद। सरायढेला थाना क्षेत्र के राजा तालाब में गुरुवार 13 जुलाई को 24 वर्षीय महिला शिल्पी कुमारी का शव मिला. इस खबर से इलाके में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगो ने सरायढेला थाना को जानकारी दी. जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची व महिला को एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बताया जाता है कि महिला विगत 3 महीने से अपने पिता के घर रघुवर नगर में रह रही थी. पिता जोहर लाल पाल ने बताया कि बुधवार 12 जुलाई की रात परिवार के सभी सदस्यों ने साथ बैठ कर खाना खाया. इसके बाद सभी सोने चले गए. सुबह लगभग 4 बजे जब उनकी आंख खुली तो देखा मेन गेट खुला हुआ है और उनकी बेटी शिल्पी अपने कमरे में नहीं है. खोज बीन शुरू की गई और सरायढेला थाना में लापता होने की शिकायत के लिए गए. परंतु वहां पता चला कि राजा तालाब में एक महिला का शव मिला है. देखने पर पता चला कि शव शिल्पी का है. उन्होंने बेटी की मौत के लिए किसी को जिमेदार नहीं ठहराया है. हालांकि खुदकुशी की कोई वजह भी सामने नहीं आई है. महिला शादीशुदा है और एक सप्ताह पहले ही एक शिशु को जन्म दिया है. पति का नाम मुकेश कुमार पाल है, जो बीएसएनएल के कोलकाता ऑफिस में कार्यरत हैं. सरायढेला थाना के पुलिस कांस्टेबल भुवनेश्वर प्रजापति ने बताया कि महिला की मौत पानी में डूबने के कारण हुई है.

टोल टैक्स के विरोध में भागीदारी पार्टी का धरना

धनबाद। शहर के रणधीर वर्मा चौक पर भागीदारी पार्टी ने 13 जुलाई गुरुवार को टोल टैक्स के विरोध में धरना दिया. बाद में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने बताया कि वाहन खरीदने में रजिस्ट्रेशन के समय 15 साल का रोड टैक्स सरकार वसूल करती है. फिर भी हर 40 किलोमीटर की दूरी पर टोल टैक्स के बहाने फास्ट टैग के जरिये रकम की वसूली की जाती है. उन्होंने अविलंब इस वसूली पर रोक लगाने की मांग की. उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग रखकर यात्रा करने के समय परिवहन मालिक दुगना भाड़ा ले रहे थे. अब कोरोना खत्म हो गया है तो पहले की तरह बसों या अन्य वाहनों में भाड़ा कम नहीं किया गया. पार्टी मांग करती है कि लोगों के हित में पहले की तरह भाड़ा लिया जाए. इसके अलावा हर बस स्टैंड में रात के समय आए दिन मनचले व असामाजिक तत्व महिला यात्रियों के साथ छेड़छाड़ करते हैं. उनकी सुरक्षा के लिए सभी बस स्टैंड में 5 सुरक्षा बल रात में तैनात किया जाए. यदि इन मांगों पर सरकार गंभीर नहीं होती है तो भागीदारी पार्टी पूरे झारखंड में आंदोलन के लिए बाध्य होगी.

धनबाद : महंगाई के खिलाफ राजद ने बलियापुर में दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

सिंदरी। बढ़ती महंगाई को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने गुरुवार 13 जुलाई को केन्द्र सरकार के खिलाफ बलियापुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया. इस दौरान बलियापुर बीडीओ अमित कुमार को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया. बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल व सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव ने केन्द्र सरकार को कॉर्पोरेट परस्त और गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि केन्द्र की गरीब विरोधी नीतियों के कारण ही देश में महंगाई लगातार रिकॉर्ड बना रही है. उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता भआजपा सरकार को करारा जवाब देगी. उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव के निर्देश पर धरना दिया गया है. धरना में राजद जिला महासचिव प्रकाश महतो, विनय सिंह, जिला सचिव अशोक चंद्रा, सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल आदि मौजूद थे.

धनबादः महिला को धमका कर रोका और छीन लिये सोने के झूमके व 70 हजार रुपये

धनबाद। सदर थाना क्षेत्र के ज्ञान मुखर्जी रोड की आइस्क्रीम गली में13 जुलाई गुरुवार को एक महिला को अपराधियों ने अपना निशान बनाया. अपराधियों ने महिला को बीच सड़क पर रोका और धमकाया. फिर उसके कान से सोने के झुमके और रुपये लेकर भाग खड़े हुए. अचानक इस लूटपाट से आहत महिला चीखने और चिल्लाने लगी. उसकी चीख-पुकार सुन कर आसपास के लोग दौड़े. देखते ही देखते वहां भीड़ जुट गई. पीड़ित महिला ने बताया कि वह चिरागोड़ा जागृति मंदिर के समीप रहती है. किसी काम से कोर्ट के पास बाजार गई थी. वहां से लौटते वक्त दो युवकों ने उसके सोने के झुमके और 70 हजार रुपये लूट लिये व फरार हो गए. बता दें कि एक सप्ताह पहले 7 जुलाई को अपराधियों ने हीरापुर विनोद नगर में नकली पुलिस अधिकारी बनकर रेलवे के सेवानिवृत कर्मी मुरलीधर रजक को लूटा था. चकमा देकर उनसे सोने की अंगूठी और चेन लेकर कुछ बदामाश फरार हो गए थे.

युवक ने कन्वेयर बेल्ट से लटक कर दे दी जान

धनबाद। माटीगढ़ चेक पोस्ट के समीप मधुबन वाशरी के कन्वेयर बेल्ट से लटक कर एक युवक ने जान दे दी. घटना बुधवार 12 जुलाई देर रात की बताई जाती है. गुरुवार 13 जुलाई की सुबह कन्वेयर बेल्ट के समीप शौच के लिए गए लोगों ने शव लटकता देख शोर मचाया. लोगों ने परिजनों एवं बाघमारा पुलिस को सूचना दी. देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मृत 20 वर्षीय युवक चंदन ठाकुर बेरोजगार एवं अविवाहित था. पिता मंगरा ठाकुर माटीगढ़ मोड़ में सैलून चलाते हैं. परिजनों के अनुसार चंदन रात में घर से खाना खाकर निकला, तो फिर नहीं लौटा. सुबह उसका शव कन्वेयर बेल्ट में लटका पाया गया. वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था. उसका पैतृक गांव गिरिडीह जिला बताया जाता है. माटीगढ़ मोड़ स्थित मधुबन वाशरी में कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए लगाया गया कन्वेयर बेल्ट किंवदंती के अनुसार अभिशप्त हो चुका है.

हत्यारोपी की रिमांड अवधि खत्म, भेजा जेल

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत एसडीएसएम स्कूल के पास एक जनवरी को चंद्रभूषण सिंह के साथ मारपीट कर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी चिराग मुखी को 24 घंटे की रिमांड पर लिया था. इधर, गुरुवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर पुलिस ने उसे वापस जेल भेज दिया. चिराग मुखी घटना के बाद से फरार चल रहा था. 18 जून को ही पुलिस ने उसके आवास पर इश्तेहार चिपकाया था जिसके बाद उसने 1 जुलाई को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था. इलाज के दौरान चंद्रभूषण सिंह की हो गई थी मौतएक जुलाई को चंद्रभूषण सिंह के साथ मारपीट की गई थी. घटना के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान चंद्रभूषण सिंह की मौत हो गई थी.

अच्छी बातें कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक में पंचायत सचिवों को दिया निर्देश, बोले बीडीओ

अधूरा पड़े आवासों का निर्माण जल्द कराएं

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। गावां प्रखंड सभागार में बीडीओ महेंद्र रविदास ने 13 जुलाई को कर्मचारियों के साथ मनरेगा योजना पर बैठक की. इस दौरान आधार सीडिंग, पंचायतवार संचालित योजना, आवास निर्माण योजना आदि की समीक्षा की. उन्होंने सभी पंचायत सचिवों को अधूरा पड़े आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया. बीडीओ ने पेंशन योजना की पंचायतवार समीक्षा के दौरान सचिवों से कहा कि अपनी-अपनी पंचायत में सर्वे 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों की सूची बनाकर उनका आवेदन कार्यालय में जमा कराएं. सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया कि पंचायत में चल रही योजनाओं का सर्वेक्षण

का कार्य जल्द से जल्द कर जरूरतमंदों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं. 15वें वित्त आयोग योजनाओं पर भी चर्चा की गई. मौके पर बीपीओ भिखदेव पासवान, बिनोद राय, राकेश कुमार, नकुल राम, संदीप कुमार, सुनील मंडल, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, कविता कुमारी, प्रभु हाजरा, मुकेश कुमार, हरिश्चंद्र मरांडी समेत कई कर्मी उपस्थित थे.

आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया बीएलओ का प्रशिक्षण

गिरिडीह। गावां प्रखंड परिसर स्थित सभागार में प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीएलओ का प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास ने बीएलओ के कार्यों से अवगत कराते हुए मतदाता पहचान पत्र प्रपत्र भरेंगे की विस्तृत जानकारी दी. मालूम हो कि अब तक शिक्षक ही बीएलओ का कार्य करते थे, इससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता था. ऐसे में डीसी के निदेर्शानुसार आंगनवाड़ी सेविका को बीएलओ का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षक आदित्य कुमार व अजय कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को मतदाता सूची सुधारने, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं का नाम हटाने आदि की जानकारी दी. मालूम हो कि दो शिफ्ट में 24 झ 24 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया.

लूट की योजना बनाते 11 अपराधी गिरफ्तार

अपराधियों के पास से 4 देशी पिस्टल,2 रिवाल्वर, एक देशी कट्टा एवं 11 मोबाइल बरामद

पकड़े गये अपराधियों के नाम

1. किशोर कुमार उर्फ बिहारी उम्र करीब 22 वर्ष ,पे जमीदार महतो साकिन पांच बिगहा, थाना रफीगंज, जिला- औरंगाबाद(बिहार) वर्तमान पता-ग्राम थाना टाटीझरिया जिला हजारीबाग।
2. मुकेश कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पे चेतलाल साव सा. चानो सखिया, थाना मुफ्फसिल, जिला- हजारीबाग।
3. हिमांशु कुमार उम्र करीब 21 वर्ष पे उमेश साव सा.-ओरिया, थाना- मुफ्फसिल, जिला हजारीबाग।
4. बॉबी कुमार उम्र करीब 23 वर्ष पे० सुरेश पासवान सा. पसई, थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग।
5. अजीत कुमार साव उम्र करीब 21 वर्ष पे विजय साव करियातपुर, थाना-बरही जिला - हजारीबाग।
6. सीनू कुमार उर्फ सैण्डी उम्र करीब 22 वर्ष पे रत्न साव सा कोर्रा, थाना कोर्रा, जिला-हजारीबाग।
7. बलराम मुण्डा उम्र करीब 35 वर्ष पे पतिराम मुण्डा सा. गुरदा बस्ती (अशोक हांसदा के घर के बगल में) थाना मुफ्फसिल, जिला हजारीबाग।
8. तैयब अंसारी उम्र करीब 24 वर्ष पे समीम अंसारी सा.- मरहेता थाना मुफ्फसिल जिला- हजारीबाग।
9. कुन्दन कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पे-कृष्णा प्रसाद सा करियातपुर थाना बरही जिला- हजारीबाग।
10. विकाश गुप्ता उर्फ शिवा, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता स्व. बिन्देश्वर साव, सा साहपुर, थाना कटकमसांडी, जिला हजारीबाग।
11. राकेश साव उम्र करीब 22 वर्ष पे राजगीर साव, ओरिया, थाना मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग।

बरामद सामान

1. देशी पिस्टल मैगजीन सहित 04 पीस
2. 2 रिवाल्वर मैगजीन सहित 01 पीस
3. देशी कट्टा मैगजीन सहित 01 पीस
4. जिन्दा गोली 12 पीस
5. खाली मैगजीन 01 पीस
6. मिसफायर गोली 01 पीस
7. भुजाली - 02 पीस
8. मोबाईल-11 पीस
9. सिल्वर रंग का मारूती वैन न जेएच02आर-4996

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। एसपी पीयूष पांडे द्वारा गुरूवार को प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया की 12 जुलाई को मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार को सूचना मिली की कुछ अपराधियों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम देने की योजना बनायी जा रही है। बताया की सभी मारूति वैन पर सवार होकर घटना को अंजाम देने में लगे थे। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक मांडू अंचल के नेतृत्व में थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मांडू थाना के मुख्य द्वार स्थित एनएच 33 हजारीबाग की ओर जानेवाली रूट में बेरिकेट लगाकर वाहनों की चेकिंग की जाने लगी। एसपी ने बताया की 13 जुलाई को रात्रि 00.30 बजे एक मारूति रामगढ़ की ओर से आ रही थी। जिसे रूकने का इशारा किया गया। इस दौरान वाहन का चालक चकमा देकर भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस बल के सहयोग से धर दबोचा गया। जिसमें 11 अपराधी पकड़े गए। बताए की अपराधियों के पास से पुलिस ने अग्नेयास्त्र भी बरामद किया है। बताया की इस संबंध में मांडू थाना कांड संख्या 152/23 दिनांग 13-07-2023, धारा 399/402 भादवि एवं 25(1-बीए/ 2001)/35 शस्त्र अधिनियम दर्ज किया गया। छापामारी दल में पुनि रविन्द्र कुमार सिंह मांडू अंचल, पुअनि अवधेश कुमार, प्रभारी माण्डू थाना, पुअनि गौतम कुमार, पुअनि संतोष कुमार गुप्ता, पुअनि अनिल हेम्ब्रम, सअनि दिलीप कुमार पासवान, सअनि सुरेन्द्र सोय, सअनि रामाकांत सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

उपायुक्त व राज्य नोडल पदाधिकारी ईवीएम/ वीवीपैट ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा व विशेष कार्य पदाधिकारी सह राज्य नोडल पदाधिकारी ईवीएम /वीवीपैट मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने गुरुवार को राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त माधवी मिश्रा व मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग से आए विशेष कार्य पदाधिकारी सह राज्य नोडल पदाधिकारी ईवीएम /वीवीपैट गीता चौबे को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं, निरीक्षण के उपरांत ईवीएम वेयरहाउस को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष सील किया गया । मौके पर सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, अग्निशमन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

विभागीय अधिकारियों के साथ 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने की बैठक

बरकट्ठा। प्रखंड सभागार में 20 सूत्री की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद के अध्यक्षता में की गई तथा संचालन 20 सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी के द्वारा किया गया।बैठक में सभी विभागों की समीक्षा बारी-बारी से की गई तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु निदेश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पीएचडी विभाग, प्रधानमंत्री आवास,मनरेगा योजना, कृषि विभाग,शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, सीडीपीओ बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र विभाग,अंचल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में सभी योजनाओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श करने के पश्चात क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं को लेकर हो रही समस्या पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। तत्पश्चात उसका जल्द से जल्द निष्पादन करने की बात कही गई। मौके पर 20 सूत्री सदस्य राजा राम मांझी, मुनिया खातून,राधा देवी, अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, आपूर्ति विभाग गंगाधर प्रसाद,शिक्षा विभाग के धीरज कुमार शर्मा, कृषि व पशुपालन विभाग से श्रीनाथ हेनहाग, प्रखंड बड़ा बाबू श्रीकर चौधरी,उद्योग विभाग तथा पीएचडी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

रामगढ़ कारागार में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

'सभी की जन भागीदारी सुनिश्चित हो'

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत रामगढ़ जिला के कारागार में रह रहे कैदियों को टीबी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कारागार के सभी कैदियों की टीबी की जांच की गई। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डां स्वराज ने टीबी मुक्त भारत के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि भारत को 2025 तक टीबी मुक्त कराना है। जिसमें सभी की जन भागीदारी सुनिश्चित हो इस हेतु टीबी के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डॉ स्वराज ने टीबी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि टीबी का बैक्टीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक हवा के माध्यम से फैलता है और यह हमारे फेफड़े को प्रभावित करता है। साथ ही शरीर के अन्य अंगों को भी संक्रमित कर सकता है। अगर समय से व्यक्ति टीबी का इलाज नहीं कराया गया तो वह अपने आस-पास के कम से कम 10-15 स्वस्थ्य लोगों को संक्रमित कर सकता है। इसलिए अगर किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण जैसे दो हफ्ते से अधिक खांसी, सप्ताह बुखार आना, भुख ना लगना,वजन कम होना,बलगम के साथ खून आना, छाती में दर्द होना, मधुमेह रोग,तथा एचआईवी से संक्रमित होना इत्यादि हो तो उसे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बलगम की जांच करानी चाहिए। टीबी की जांच एवं इलाज पूर्णः निशुल्क है। वहीं, उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टीबी के मरीजों को निश्चय पोषण योजना अंतर्गत हर माह 500 रुपए दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त जिला टीबी विभाग के प्रयास से निक्षय मित्र द्वारा पोषण युक्त सामग्री पैकट भी दिया जाता हैं। आज भी समाज में टीबी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं लोग बीमारी को छुपाते है। डॉ स्वराज ने बताया कि हमारे ज़िले में टी बी जांच हेतु सीबीनेट,टूनेट एवं माइक्रोस्कोपी एवं एक्सरे कि सुविधा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निशुल्क उपलब्ध है। जिससे मरीजों का जांच कर समय से इलाज हो सके। कार्यक्रम के दौरान जेलर, जेल के सभी कर्मियों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम सही अन्य उपस्थित थे।

महिला मुक्ति व जन साहस संस्था ने दिया मजदूरों को प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के ग्राम गोरहर के पाला टोला में महिला मुक्ति संस्था एवं जनसाहस संस्था के एमआरसी टीम, फिल्ड ऑफसर रोहित कुमार,सत्येंद्र यादव,जिला समन्यवक मोनिका रानी, जेएसएफ जरीना खातून, जन साथी नीलम कुमारी के द्वारा प्रवासी मजदूरों एवं इनके परिवारों को प्रवास पूर्व प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया की मजदूर लोग प्रवास पूर्व अपने पंचायत में पंजीयन करायें एवं लेबर ऑफिस हजारीबाग में पंजीकृत करवा कर प्रवास करे। प्रशिक्षकों ने लेबर ऑफिस में पंजीयन करवाने से लाभ के बारे में लोगों को बताया।वहीं प्रवास के बाद सुरक्षित रहने ,कार्य स्थल पर सुरक्षित रहने, कार्य के दौरान क्या करना है, बंधुवा मजदूरी,मानव तस्करी ,बाल श्रम के संबंध में विस्तार से बताया ।उन्होंने जनसाहस मजदूर हेल्प लाइन नंबर 18002000211 के बारे में बताया। कहा कि अगर किन्ही मजदूर को ठिकेदार या मालिक के द्वारा काम करवा कर मजदूरी का पैसा नही दिया जाता है तो मजदूर हेल्प लाइन नंबर पर कॉल कर के सहायता ले सकते है।। वहीं महिला हेल्पलाइन नंबर180030002852 की जानकारी दी गई।

छापेमारी में पांच सौ लीटर महुआ शराब जब्त

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर राजीव नयन के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। वहीं बरकट्ठा थाना क्षेत्र के चेचकपी से पुलिस ने पांच सौ लीटर महुआ शराब को जब्त किया। साथ ही आठ क्विंटल महुआ जावा को नष्ट करते हुए शराब बनाने में उपयोग किए जाने वाले सामग्री को जब्त किया गया। सब इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ छापामारी अभियान जारी रहेगा। छापामारी अभियान में सब इंस्पेक्टर राजीव नयन के अलावा बरकट्ठा पुलिस बल और उत्पाद विभाग के जवान शामिल थे।

मुखिया संघ ने सुमन कुमार की गिरफ्तारी की निंदा और उच्च स्तरीय जांच की मांग की

बरकट्ठा। प्रखंड के झुरझुरी पंचायत भवन में मुखिया संघ प्रखंड इकाई बरकट्ठा की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद तथा संचालन निजाम अंसारी ने किया। वहीं बैठक में झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार की एसीबी द्वारा घूस लेने के आरोप में गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की गई। उपस्थित लोगों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि घोर साजिश के तहत मुखिया सुमन कुमार की गिरफ्तारी हुई है ।वही अब्बास अंसारी ने कहा कि जबरन कोई लाभुक मास्टर रोल पर हस्ताक्षर कराना चाहेगा तो कोई भी मुखिया क्यों हस्ताक्षर करेगा। उसके नाम पर कोई व्यक्ति रुपयों को रखकर चला जाएगा और एसीबी पकड़ लेगी तो पकड़े जाने वाला व्यक्ति क्या कर सकेगा। मौके पर प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया व उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन, योग्य दुकानदारों से फूड सेफ्टी लाइसेंस बनाने की अपील

बरही । जिला खाद सुरक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के निर्देशन में गुरुवार को बरही और रसोईया धमना शिविर लगाकर फुड सेफ्टी लाइसेंस बनाए गए. जिसमे 30 से 35 दुकानदारों को लाइसेंस निर्गत किया गया. साथ ही अनुमंडल के सभी योग्य दुकानदारों से फूड लाइसेंस बनाने की अपील किया गया. उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा ऑपरेटर विकास शर्मा ने दिया. उन्होंने बताया कि शुक्रवार से पूरे प्रखंड में तिथिवार फूड लाइसेंस शिविर लगाए जाएंगे. इसके साथ ही जो दुकानदार शिविर में लाइसेंस नहीं बना पा रहा है वह अनुमंडल कार्यालय में भी लाइसेंस बनवा सकते हैं. खाद सुरक्षा पदाधिकारी के अनुसार वैसे दुकानदार जिनके पास फूड लाइसेंस नहीं होगा निरीक्षण के दौरान पकड़े जाने पर दंडित किए जाएंगे. निरीक्षण दल शीघ्र ही विभिन्न प्रखंडों में निरीक्षण प्रारंभ किए जाएंगे.

दर्जनों कांवरियां सुल्तानगंज के लिए रवाना

नवीन मेल संवाददाता

बरही । गुरुवार को धनवार पंचायत के लठिया गांव से करीब दो दर्जन से भी अधिक कांवरिया का जत्था सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान किया. जिन्हे स्थानीय पंचायत समिति सदस्य संतोषी देवी सहित ने अंग वस्त्र देकर शुभकामनाओं के साथ विदा किया. प्रस्थान के पूर्व सभी शिवभक्तों ने लठिया शिवालय में मत्था टेका. सभी शिवभक्तों ने क्षेत्र के सुख समृद्धि के कामनाओं के साथ हर हर महादेव, बोल बम, ॐ नमः शिवाय आदि नारों का जयघोष करते हुए सुलतानगंज के लिए रवाना हुए. जिससे आसपास का पूरा क्षेत्र जयघोष के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा. पंसस ने बताया कि श्रावण माह में सुलातानगंज स्थित उतरवाहिनी गंगा का पवित्र जल बाबा बैजनाथ पर अर्पित करने का विशेष महत्व है. विदित हो कि श्रावण प्रारंभ होते ही औघड़दनी बाबा भोलेनाथ के भक्तों की जज्बा देखते ही बनती है. इस माह में अधिकांशतः लोग शाकाहारी बन जाते है और भोलेनाथ को जलार्पण करने को उत्सुक होते है. इस माह में सुलतानगंज स्थित उतरवाहिनी गंगा के पवित्र गंगा जल को देवघर स्थित बाबा बैजनाथ पर चढ़ाना शिव भक्तों के लिए परम शुभ माना जाता है. कांवरियों के जत्था में पिंकी कुमारी, कौशल्या देवी, रीना देवी सहीआधा दर्जन महिला विकास कुमार, लक्ष्मण यादव, राजेश राणा, अशोक यादव, संदीप कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, राजेश यादव, राजदेव यादव, सुबोध यादव, सिंटू पंडित, सुनील यादव, अवधेश यादव, रंजीत राणा, संजय यादव, अर्जुन यादव आदि शामिल थे.

जर्जर मकान में रहने को मजबूर है जमीला, हो सकती है बड़ी दुर्घटना, बीडीओ को आवेदन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अन्तर्गत बनवारी निवासी जमीला खातून 50 वर्ष,पति स्व0 रमजान अंसारी का मिट्टी का मकान पूरी तरह से ढह चुका है।बावजूद इसके वह अपने एक पुत्र के साथ इस मकान में रहने को मजबूर है। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी ने बताया कि जमीला खातून के एक लड़का और तीन लड़कियां हैं जिनमें से तीनों लड़की का ग्रामीणों के सहयोग से शादी हो चुका है। ये मजदूरी कर अपना एवं पुत्र का पालन पोषण करती है। वहीं इनकी आर्थिक स्थिति काफी नाजुक है।विदित हो कि इनके पति का कुछ वर्ष पहले देहांत हो चुका है। वही जमीला खातून ने बताया पीएम आवास या अंबेडकर आवास नहीं मिलने से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। कहा कि पंचायत चुनाव के बाद दो बार लोगों को अंबेडकर आवास मिल चूका है, जिसमें मुखिया और पंचायत सेवक का अनुशंसा से लाभुक को आवास मिलता है।उन्होंने आवास के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर आवास की मांग किया है।

विभाग मौन

वज्रपात के साये में पढ़ रहे हैं बच्चे

प्रखंड के अधिकांशतः विद्यालय तड़ित चालक रहित

जयदीप कुमार सिन्हा

बरही। बरही प्रखंड के अधिकांशतः क्षेत्र ठनका प्रभावित क्षेत्रों में जाना जाता है. जहां बरसात में आए दिन वज्रपात की घटनाएं सुनने को मिलते रहे है. बाबजूद प्रखंड के तीन या चार विद्यालयों को छोड़ किसी भी विद्यालय में तड़ीतचालक नही है. विद्यालय के बच्चे वज्रपात की साया में पढ़ने को मजबूर है. उक्त बाते बीते दिन 20सूत्री की बैठक में अधिकारियों को बताई गई. कोल्हुआकला पंचायत के पूर्व मुखिया टेकलाल यादव ने बताया कि सन 1998 में उनके पंचायत के उउवि केमें वज्रपात होने से छह बच्चों का असामयिक निधन हो गया था. बाबजूद शिक्षा विभाग की नींद नहीं खुली और वज्रपात से बचने के लिए अब तक कोई समुचित प्रयास नही किया गया. इसी पंचायत के पूर्व मुखिया सह 20 सूत्री सदस्य रघुवीर यादव ने भी इसे घोर लापरवाही बताते हुए सभी विद्यालयों में शीघ्रातिशीघ्र तड़ितचालक लगाने की मांग किया है. उन्होने यह भी बताया कि प्रखंड का अधिकांशतः क्षेत्र वज्रपात संभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है. जहां हर वर्ष वज्रपात की घटनाएं देखने को मिल रहे हैं.

जेई ने बताया: जेई रंजीत सिंह ने बताया कि 2008-09, 2009-10, 2010-11 में विभिन्न विद्यालयों में तड़ित चालक लगाए गए थे. इसके लगाने में प्रति विद्यालय 36000 रुपए की राशि खर्च की गई थी. जो वर्तमान में या तो सड़ गए है या चोरी हो गए है. नए तड़ित चालक लगाने की फिलहाल कोई योजना नहीं है.

प्रखंड में कुल 128 विद्यालय है : बीपीएम अरुण कुमार से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड में कुल 128 विद्यालय है. जिसमे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मॉडल विद्यालय, अनुसूचित जाति विद्यालय और बेसिक विद्यालय एक -एक, उच्च विद्यालय 10, एनपीएस और प्राथमिक 64, उमवि और मवि 48 और मदरसा 2 है. तड़ित चालक के लिए अब तक कोई कोष या आदेश नही आया है.

शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

ड्रापआउट बच्चों को स्कूल तक लाने का प्रयास करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कोडरमा जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में नामांकन को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। सर्वप्रथम उपायुक्त श्री रंजन द्वारा सभी प्रखंडवार विद्यालय में बच्चों का नामांकन एवं नामांकन हेतु पोस्टर बैनर इत्यादि की जानकारी ली गई एवं निर्देश देते हुए कहा गया कि 24 घंटे के भीतर छूटे हुए विद्यालयों में नामांकन हेतु नामांकन पोस्टर लगवाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात उपायुक्त महोदय ने माननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैम्पेन के तहत विभिन्न गतिविधियों के संचालन की विस्तृत जानकारी ली एवं कहा कि स्कूल रुआर के तहत सभी बच्चों का नामांकन कराना है। विशेष रुप से ड्रापआउट बच्चों को विद्यालय तक लाने का प्रयास करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त महोदय ने मौके पर सभी विद्यालयों में तड़ित चालक एवं अग्निशामक की व्यवस्था की जानकारी ली एवं कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी विद्यालयों में अग्निशामक की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 1-12 के विद्यार्थियों को निःशुल्क पोशाक, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना इत्यादि हेतु विद्यार्थी का बैंक खाता सहित सूची का संधारण की भी जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिन बच्चों का बैंक खाता अभी तक नहीं खुला है उनका बैंक खाता जल्द खुलवाएं। इसके अतिरिक्त महोदय ने विद्यालयों में आई०सी०टी० के संचालन एवं व्यवसायिक शिक्षा के संचालन एवं बेंच डेस्क की खरीदारी की भी जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपस्थितिः बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक श्री नयन कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी व अन्य मौजूद रहे।

बचपन स्कूल में मनाया गया येलो कलर डे

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। गुमो स्थित बचपन अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में येलो कलर डे सेलिब्रेट किया गया। स्कूल परिसर को पीले रंग के गुब्बारों, चुन्नी एवं खिलौनों, सब्जियों, फलों आदि के कट्-आउट्स से आकर्षक शैली में सजाया गया। बच्चे पीले रंग की पोषाक में सजे-धजे स्कूल पहुँचे। कुछ बच्चों ने आम, पपीता तो कुछ बच्चे पेंसिल, सूरज आदि का रूप धारण किए बहुत सुंदर नजर आ रहे थे। इस अवसर पर अपने टिफिन में भी बच्चे अधिक से अधिक पीली रंग की वस्तुएं लेकर आये और अपने ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ बहुत मजे किए, और आनंदित दिखाई दिए। इस दौरान बच्चों को बहुत सारी एक्टिविटी भी कराई गई। शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को पीले रंग के महत्व और पीले रंग की वस्तुओं की रोचक व ज्ञानवर्धक जानकारी दी। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों अम्वी वर्णवाल, अदविका श्री, त्रीषी प्रकाष शाह, काष्वी सिंह, आएषा खान, विवान आनन्द, विवान तिवारी, अंष कुमार, सिंह, लॉरिक यादव, ने रोल प्ले के माध्यम से सूरज, सनफ्लावर, गेंद, बस आदि बनकर उसकी उपयोगिता बताई। उसके पश्चात नर्सरी के बच्चों रिषिता, शांभ्वी, वॉमिका, धैर्य लोहानी, धैर्य प्रताप, एम डी मुदससिर, रूद्राक्ष, ईशान, अदविक, श्रीवास्तव, काव्या के द्वारा मनमोहक गाने इट शनि-शनि की धुन पर धमाकेदार डांस की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर प्राचार्या नीरजा ने कहा की पीला कलर सनशाइन, होप, हैप्पीनेस व एनर्जी का प्रतीक है। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चे रंगों का ज्ञान तो सीखते हीं है।

कोडरमा में खुलेगा जिला स्तरीय खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर, 15 जुलाई को खिलाड़ियों का होगा चयन

कोडरमा। जिले में खेलों के विकास के लिए बड़ी पहल हो रही है। राज्य के सभी 24 जिलों में एक खेलो इंडिया सेंटर की शुरूआत इसी सत्र से होने जा रही है। केंद्र सरकार की सफल योजना खेलो इंडिया के तहत प्रदेश के सभी जिलों में छह खेलों के केंद्र शुरू होंगे। कोडरमा जिले में तीरंदाजी का खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर खोला जाना है। इस केंद्र हेतु झारखंड सरकार के खेल विभाग की मॉनिटरिंग में संचालित होगी। खेल विभाग ने सभी जिलों में स्थलों का चयन कर लिया है। वहीं कोडरमा जिले में खुलने वाला केंद्र हेतु बाघीटांड स्टेडियम कोडरमा को चिन्हित किया है। इस केंद्र के संचालन के लिए राज्य सरकार को भारत सरकार की ओर से प्रति वर्ष प्रति सेंटर पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। इस राशि से कोच का मानदेय दिया जाएगा और खिलाड़ियों के लिए उपकरण की व्यवस्था की जाएगी। कोडरमा जिला खेल पदाधिकारी श्री कैलाश राम ने जानकारी देते हुए बताया की कोडरमा में खुलने वाला खेलो इंडिया तीरंदाजी केंद्र के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु चयन प्रतियोगिता 15 जुलाई को बाघीटाड़ स्टेडियम कोडरमा में प्रातः 10 बजे से टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आयु 10 से 14 वर्ष तक के बीच होने चाहिएं। एवं इस केंद्र के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ झारखण्ड से कोच भेजा जाना है जो इस केंद्र में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे।

झुमरी तिलैया : श्री दिगंबर जैन विद्यालय में प्राचार्य ध्रुव देव झा को विदाई दी गई

झुमरी तिलैया। दिगंबर जैन विद्यालय में समारोह आयोजित कर प्राचार्य गुरुदेव झा को विदाई दी गई। इस मौके पर शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें उपहार दिया और विद्यालय के विकास में उनके योगदान को सराहा। विदाई समारोह में डीडी झा ने विद्यालय के प्रति अपना जो समर्पण एवं कर्तव्य निष्ठा दिखाई है उसके लिए विद्यालय के शिक्षकों एवं जैन समाज के सभी पदाधिकारियों और विद्यालय कमेटी ने उनका आभार व्यक्त किया। शिक्षा जगत के ऐसे व्यक्तित्व जिन्होंने अपने ज्ञान के माध्यम से हजारों बच्चों को शिक्षित कर उच्च शिखरों तक पहुंचाने का कार्य किया। झा सर के पढ़े हुए बच्चे आज डॉक्टर, बैंक मैनेजर, शिक्षक आदि कई पद पर कार्यरत हैं। झा सर ने श्री दिगंबर जैन विद्यालय में अपने बेमिशाल 35 वर्षों का योगदान दिया। उनके योगदान को कोई भी व्यक्ति भुला नहीं सकता। विद्यालय के संयोजक सुनील छाबड़ा ने उनके योगदान प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह एवं विद्यालय इंचार्ज पं. अभिषेक जैन, सुपर वाइजर मुरारी सिंह, वसंत सर, शुभम सर आदि शिक्षकों ने भी उनके प्रति विनयांजलि प्रस्तुत कर अपनी गलतियों की क्षमा मांगी। मौके पर समाज के उपमंत्री नरेन्द्र झाझरी, सह मंत्री राज छाबड़ा, विद्यालय अध्यक्ष किशोर पांडया, सुनील छाबडा, मनीष सेठी, संदीप सेठी, नवीन सेठी, रीता सेठी समेत कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज रत मरीज की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जमकर हंगामा किया। बताया गया ।मरीज सिमडेगा शहरी क्षेत्रके सलडेगा पहान टोली निवासी कृष्णा नायक था जो 11 जुलाई को सड़क किनारे बेहोश होकर गिर गया था जिसे इलाज के लिए भर्ती कराया था इधर डॉक्टर द्वारा उसे 12 जुलाई की शाम में रेफर कर दिया था लेकिन उसकी पत्नी उसे ना ले गई बाद में 13 जुलाई की सुबह 9:00 बजे उसकी मौत हो गई जहां पर पत्नी सहित पूरे परिवार वालों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया पत्नी कमला देवी ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से मेरा पति का जान गया है। उन्होंने कहा कि डॉ एक बार भी मेरे पति को देखने के लिए नहीं आए इसके अलावा मरीज की मौत एनएम लोगों की लापरवाही की वजह से हुई हालांकि वह शाम को डॉक्टर द्वारा रेफर करने की बात भी कहती रही वह इधर इस मामले में हंगामा की खबर पर सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर देव कुमार दास पहुंचे और मामले को बीच बचाव करते हुए शांत कराया।

आजसू ने किया जन पंचायत विस सम्मेलन का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। गांधी मैदान सिमडेगा स्थित होटल रॉयल पैलेस में आजसू पार्टी का जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे के नेतृत्व में जिला कमेटी द्वारा जन पंचायत विधानसभा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सैकड़ों नेता कार्यकर्ता की उपस्थिति हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, छात्र संघ जिला प्रभारी नीरज वर्मा अतिथि के रुप में उपस्थित हुए

।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे ने स्थानीय समस्याओं से मुख्य अतिथियों को अवगत कराया और साथ कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा के दोनों के नाकामियों पर जमकर बरसे और राज्य सरकार पर भी जमकर निशाना साधा ।सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह ने कहा कि बहुत जल्द सिमडेगा विधानसभा कोलिबेरा विधानसभा में चूल्हा प्रमुख तक का कमेटी तैयार हो जाएगा और जिला कमेटी सिमडेगा को दिशा निर्देश भी दिया जिससे आने वाले कल में हम विधानसभा स्तरीय मजबूत हो क्योंकि बहुत नजदीक हम लोगों के बीच में चुनाव है।डॉ देवशरण भगत ने आजसू पार्टी के द्वारा पूरे झारखंड के 81 विधानसभा में चल रहे जन पंचायत विधान सभा सम्मेलन के उद्देश्यों से अवगत से अवगत कराया सरकार के कार्यक्रमों का सरकार की योजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए सही मायने में सरकार के बड़े-बड़े विज्ञापन बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रही है परन्तु धरातल काम हो रहा है या नहीं जनता जनार्दन से रूबरू हुए और पता चला कि सरकार के सारे योजना विफल रहे हैं हर और लूट और झूठ का काम चल रहा है जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है।

रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग का सेमीफाइनल मैच

झुमरी तिलैया। कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में गुरुवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में स्पोर्टिंग यूनियन और टीम ब्लॉक के बीच खेला गया। स्पोर्टिंग यूनियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्टिंग यूनियन ने 25 ओवर में 240 रन बनाए। जिसमे सर्वाधिक 68 रन विभू लोहानी और विकास सिंह ने 43 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए टीम ब्लॉक की ओर से करण सिंह ने तीन तथा संदीप , संगम और शुभम ने एक एक विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लॉक ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 147 रन ही बना सकी। जिसमे सर्वाधिक 71 रन निलेश कुमार तथा संगम चौहान और संदीप चौहान ने 15 - 15 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए स्पोर्टिंग यूनियन की ओर से सर्वाधिक 3 विकेट अभिराज गौतम ने लिया। मैच में अंपायर के रूप में बसंत सिंह एवं विशाल कुमार एवं स्कोरर रोहित भारती थे। मैन ऑफ द मैच अच्छे प्रदर्शन के लिए विभू लोहानी को केडीसीए पदाधिकारी विवेकानंद चौधरी ने दिया। मौके पर सचिव दिनेश सिंह, विवेकानंद चौधरी, मनोज सहाय पिंकु, आलोक पांडेय, सुमन कुमार, ओमप्रकाश, धर्मेंद्र कौशिक, सोनू खान, रोहित कुमार, आशीष यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

सिमडेगा पीडीजे की अदालत ने हत्या आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास

सिमडेगा। सिमडेगा पि डीजे राज कमल मिश्र की अदालत ने हत्या के मामले में जेल में बंद आरोपी को आजीवन कारावास एवं ?दस हजार की जुमार्ना सुनाई है। जुमार्ना राशि नहीं भरने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास के निर्देश दिए हैं ।इस संबंध में बानो थाना कांड संख्या 68/17 के तहत मामला दर्ज है ।बताया गया कि 27 दिसंबर 2017 को मग्नू सिंह उर्फ मंगरु के बेटा के विरुद्ध फगुमन सिंह द्वारा बलमाइत देवी एवं इतवारी देवी के हत्या के आरोप में मामला दर्ज कराया था ।26 दिसंबर को फगुमन रौतिया समाज के सम्मेलन में गया था उसकी पत्नी घर में अकेली थी तभी अभियुक्त हड़िया के नशे में आया और इतवारी देवी के साथ गाली-गलौज कर सखुवा के बोटा से सिर पर प्रहार किया और बालमाइत देवी बचाने गई तो उसके ऊपर भी वार किया ।जिसके बाद दोनों की मृत्यु हो गई। जबकि दूसरे की इलाज के क्रम में मौत हुई पुलिस द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया उसके निशानदेही पर घटना में प्रयोग किए गए सखुवा का बोटा भी बरामद किया गया ।इधर न्यायालय में कुल 10 गवाहों की गवाही कराई गई तथा दस्तावेज उपस्थित कराए गए जिसके बाद पीडीजे के द्वारा सजा सुनाई गई। इधर अभियोजन पक्ष में प्रभारी लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा तमाम साक्ष्य एवं दलीलें पेश की गई।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना पर कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/पाकरटांड। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी द्वारा प्रखंड कार्यालय, पाकरटाड़ के सभागार में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में दीदियों द्वारा अतिथियो का स्वागत फुलगुच्छा के माध्यम से किया गया ,तदोपरांत प्रखंड के माननीय प्रखंड विकास पदाधिकारी,पाकरटांड़ सीडीपीओ,पाकरटांड़ तथा सभी पंचायत के मुखिया एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक,पाकरटांड़ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की गई।इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखाकर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में जानकारी दी गईं। साथ ही कौशल विकास एवं इसकी आवश्यकता के बारे में चर्चा की गई एवं बताया गया कि इस योजना से जुड़ने के लिए क्या क्या आवश्यक दस्तावेज लगते हैं। इसके उपरांत पर डी डी यू जी के वाई द्वारा प्रशिक्षित उम्मीदवार पाकरटांड़ प्रखंड से दीपिका कुमारी के द्वारा स्वयं की सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इस योजना का खास उद्देश्य कम पढ़े लिखे बेरोजगार युवा को ट्रेनिंग देकर इस लायक बनाना है ताकि वह अपने पैरों पर खड़े हो सकें और अपनी बेरोजगारी दूर करने के अलावा देश की तरक्की में योगदान दे सकें। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में वैसे युवा जो बेरोजगार हैं,उन्हें प्रोत्साहित करना है। गांव गांव जाकर इस महत्वकांक्षी योजना से ग्रामीणों को स्किल भडेवलपमेंट कर युवाओं को जोड़ना योजना का उद्देश्य है ताकि इस योजना को मूर्त रूप दिया जा ससके।

एसपी पहुंचे जिला पुस्तकालय छात्रों से मिल किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार ने जिला पुस्तकालय पहुंच, विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से मिले।एसपी ने सबसे पहले स्टूडेंट से अपने जीवनी के बारे बताया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई और किस-किस से संबंधित परीक्षा दिये थे उस बारे बताया। उन्होंने कहा कि अपनी मंजिल को पाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत होती है। आप सभी लगन के साथ कड़ी मेहनत करें और अपनी सफलता को प्राप्त करें। उन्होंने जेपीएससी, एसएससी, यूपीएससी, बैंकिंग व अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स से सिलेबस से संबंधित आवश्यक जानकारी दिये। और कैसे तैयारी करनी चाहिए उसे संबंधित आवश्यक बातें बताया। साथ ही सभी स्टूडेंट को सिलेबस एवं परीक्षा की तैयारी से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन दिया। जिला पुस्तकालय में उपस्थित स्टूडेंट ने एसपी के पास तैयारियों से संबंधित आ रही समस्याओं को रखा।

विश्व हिंदू परिषद की बैठक में कई बातों पर चर्चा

झुमरी तिलैया। विश्व हिंदू परिषद कोडरमा की जिला बैठक रांची-पटना रोड अवस्थित विवाह भवन में हुई। प्रांत कार्यसमिति बैठक के तत्पश्चात की गई बैठक में, अध्यक्षता कार्याध्यक्ष राजय वर्मा ने एवं मंच का संचालन जिला मंत्री पंकज दुबे ने किया। गोष्टी की नियमानुसार प्रारंभ होने के बाद नवनियुक्त दायित्व वान पदाधिकारियों को जिला समिति की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्री दुबे के द्वारा विषय वस्तु रखने के तत्पश्चात पूर्व विभाग मंत्री एवं वर्तमान में प्रांत समरसता सह प्रमुख मनोज चंद्रवंशी के द्वारा परिषद के कार्य की विस्तृत विवेचना की गई। नवनियुक्त हजारीबाग विभाग मंत्री अनूप यादव के द्वारा हिंदू समाज में घटित घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी हिंदू भाइयों- बहनों को को एकजुट रहने के लिए आग्रह किया गया। बैठक के अंतिम सत्र में झारखंड प्रांत के संगठन मंत्री एवं मुख्य अतिथि माननीय देवी सिंह ने अपने उद्बोधन में पंचायत से गांव तक संगठन विस्तार, कार्यकताओं के दायित्व बोध एवं प्रशिक्षण, दुर्गा वाहिनी बहनों के लिए संस्कार केंद्र, गांव के प्रत्येक मंदिरों में सत्संग एवं मिलन केंद्र की स्थापना करने संबंधित योजनाओं पर बल दिया। सभी प्रखंड पालकों को प्रखंड बैठक निर्धारित तिथि के अंदर करने का सुझाव देते हुए समिति पूर्ण करने का निर्देश दिए। स्कूलों में रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, स्थापना दिवस,अखंड भारत संकल्प दिवस पूरे जिले के सभी पंचायतों एवं गांव स्तर तक कैसे हो इसकी विस्तृत चर्चा की गई। धर्मांतरण संबंधित विषय पर उन्होंने बोलते हुए बताया कि इसके लिए जिले एवं प्रखंड स्तर पर धर्म प्रसार की टोलियां बनाई जाएगी साथ ही साथ हिंदू समाज को जागृत कर उन्हें भी इस कार्य में आगे आने की आवश्यकता पर बल दिया।

दिशा-निर्देश जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

विशेष अभियान 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में जन्म एवं मृत्यु निबंधन का प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण -सह-कार्यशाला का आयोजन हुआ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निबंधन का शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान 14 जुलाई 2022 से 14 अगस्त 2022 तक चलाया जाएगा। उन्होंने इस विशेष अभियान को सफल बनाने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जन्म व मृत्यु जिस स्थान पर होती वहीं प्रमाण पत्र बनेगा। उन्होंने बताया कि अगर सिमडेगा का रहने वाला और उसका जन्म

रांची में होता है तो रांची में ही जन्म प्रमाण पत्र बनेगा। साथ ही रहने वाला सिमडेगा का व्यक्ति हो, और उसे मेडिकल इलाज के लिए रांची, दिल्ली, व मुंबई ले गया हो और वहीं उनका मृत्यु हो जाता है तो उनका मृत्यु प्रमाण पत्र वहीं बनेगा। तथा उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति का सिमडेगा से मेहमान कोलेबिरा गया हो और किसी दुर्घटनावश मृत्यु हो जाता है तो कोलेबिरा में मृत्यु प्रमाण पत्र बनेगा। ठीक उसी प्रकार किसी शिशु का जन्म रांची में होता है और वह निवास करने वाला सिमडेगा हो तो रांची के जन्म स्थान से ही जन्म प्रमाण पत्र बनेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि जिले के हर व्यक्ति का जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनना आवश्यक है। इसे गंभीरता से लें। उन्होंने 21 जुलाई से मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के लिए डोर टू डोर सर्वेक्षण का कार्य होगा, इसमें सहयोग करें। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, बीएलओ सुपरवाइजर, सहिया उपस्थित थे।

स्त्री सिर्फ रूप-रंग से नहीं बल्कि आचरण और वाणी से भी सुंदर होनी चाहिए, पुत्र आज्ञाकारी होना चाहिए : जीयर स्वामी

मानव जीवन में गृहस्थ जैसा कोई आश्रम नहीं, यह प्राप्त कराता है चारों पुरुषार्थ फल

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

जीयर स्वामी ने कहा कि मानव जीवन में गृहस्थ आश्रम महत्वपूर्ण है। उसके जैसा कोई आश्रम नहीं है। यह आश्रम गृहस्थ को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ फल प्राप्त कराता है। गृहस्थ जीवन में रहकर भी भगवान का सान्निध्य सुगमता पूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। समाज में अधिक संख्या गृहस्थों की है। जो गृहस्थ अपने को परमात्मा से जोड़ना चाहता है उसे शास्त्र वर्जित आहार-व्यवहार नहीं अपनाना चाहिए। जिस गृहस्थ के घर में छः प्रकार के सुख नहीं है वह गृहस्थ कहलाने का अधिकारी नहीं है। गृहस्थ आश्रम से भिन्न ब्रह्मचर्य आश्रम और संन्यास आश्रम का पालन करना कठिन है। सभी आश्रमों

में गृहस्थ आश्रम श्रेष्ठ माना गया है। गृहस्थ आश्रम छह सुख आवश्यक है। गृहस्थ आश्रम में सात्विक कर्मों से धन की वृद्धि होनी चाहिए। रोग मुक्त जीवन होना चाहिए। स्त्री सिर्फ रूप-रंग से नहीं बल्कि आचरण और वाणी से भी सुंदर होनी चाहिए। पुत्र आज्ञाकारी होना चाहिए। अर्थ का उपार्जन वाली शिक्षा अध्ययन होना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए अगर ये सुख उपलब्ध नहीं हैं तो अपने को सच्चा गृहस्थ नहीं मानें गृहस्थ आश्रम में पुत्र की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि अगर चार भाई है और एक भाई को भी संतान है तो अन्य तीनों भाई भी पुत्र के अधिकारी हो जाते हैं। पुत्र से अभिप्राय केवल तनय से नहीं बल्कि भाई के पुत्र भी आप के पुत्र हुए। गृहस्थ आश्रम के लिए कोई निर्धारित वस्त्र है। वे किसी तरह का मर्यादित वस्त्र धारण कर सकते है। लेकिन संत का आचरण और वस्त्र उनके पहचान होते हैं। स्वामी ने कहा कि धर्म के दस लक्षण है। यानी धैर्य क्षमा, संयम, चोरी न करना, स्वच्छता, इंद्रियों को वश में रखना, बुद्धि, विद्या, सत्य और अक्रोध ये धर्म के लक्षण है। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, जिप अध्यक्ष शांति देवी, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, शारदा महेश प्रताप देव, गिरजा गणेश देव, मुक्तेश्वर पांडेय, अनुज दुबे, अमरनाथ पांडेय, किरण देवी, मनोज डॉन, सूरज कुमार, आशुतोष पांडेय, इकबाल खान, अनुज चंद्रवंशी आदि श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

सरयू राय ने किया जीयर स्वामी का दर्शन

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

राज्य के जाने माने पर्यावरणविद सह प्रदेश के पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय व भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने बुधवार को जीयर स्वामी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण किया। इस दौरान सरयू राय ने जमशेदपुर में अर्धनिर्मित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के जीर्णोद्धार के विषय में चर्चा कर मार्गदर्शन मांगा। उन्होंने गुरुवार को प्रातः कालीन मंगला आरती में भी हिस्सा लिया। इस क्रम में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति की ओर से संरक्षक

मंडल के सदस्य शारदा महेश प्रताप देव की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों ने सरयू राय व धर्मेंद्र तिवारी को स्मृति चिन्ह व पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर समिति अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे उर्फ लाल चौबे, उपसचिव सुनील कुमार चौबे, लेखा प्रभारी धीरेन्द्र चौबे, सह मीडिया प्रभारी राधेरमण चौबे, स्वागत समिति के सदस्य राजेश कुमार देव उर्फ राजू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

कोई निजी क्लीनिक में सेवा दे रहा, तो कोई अस्पताल आना भी मुनासिब नहीं समझ रहा

डंडाई सीएचसी में सिर्फ कागज पर डॉक्टर

नवीन मेल संवाददाता। डंडाई

प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग पदों पर पदस्थापित चिकित्सक सिर्फ नाम के रह गए हैं। प्रखंड क्षेत्र के मरीजों की बात तो दूर यहां तक कि अस्पताल से भी उन्हें कोई लेना-देना नहीं रह गया है। उन सभी चिकित्सकों में कोई गढ़वा निजी क्लीनिक में सेवा दे रहा है तो कोई अस्पताल आना ही मुनासिब नहीं समझ रहा है। वहीं अस्पताल में कार्यरत उनके छोटे कर्मी प्रत्येक दिन उपस्थिति बना घर लौट जा रहे हैं, जबकि अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य सभी चिकित्सक भी नियमित रूप से अस्पताल से गायब रह रहे हैं।

पूर्व की तरह बुधवार अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, आयुष चिकित्सक के पद पर आयुर्वेदिक इलाज के लिए पदस्थापित डॉक्टर कुमुद रंजन, आयुष चिकित्सक के पद पर ही होम्योपैथी इलाज के लिए अस्पताल में पदस्थापित मोनी कुमारी व रीना भारती भी अस्पताल से गायब रही। उक्त सभी

चिकित्सकों की कुर्सियां दिनभर पूरी तरह बिरान रहीं। चिकित्सकों के इंतजार में कई मरीज ओपीडी के गेट पर बैठे रहे, लेकिन सुबह से दोपहर तक उक्त चिकित्सकों में किसी का अस्पताल में आगमन नहीं हुआ। मजबूरन उन्हें बिन इलाज कराए ही लौटना पड़ा। गुरुवार को भी चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी व आयुष चिकित्सक कुमुद रंजन अस्पताल नहीं पहुंचे। ऐसे में कई मरीजों को बिना इलाज कराए ही अपने-अपने घर लौटना पड़ा। मरीजों ने बताया कि बुधवार को भी हम सभी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी चिकित्सकों का आगमन अस्पताल में नहीं हुआ। लगा कि बुधवार को चिकित्सक नहीं आए तो गुरुवार को जरूर आएंगे। यही सोचकर हम सभी खेती का काम छोड़कर पुनः इलाज के लिये अस्पताल आए थे लेकिन आज भी उक्त चिकित्सकों का दर्शन नहीं हो पाया। अस्पताल पहुंचे मरीज कोदू साह ने बताया कि बुधवार के दिन ही अमपीडब्लू के द्वारा मुझे खांसी की सिरप दी जा रही थी लेकिन मैंने बिना चिकित्सीय परामर्श के उनसे दवा नहीं ली। उन्होंने कहा कि आज काफी उम्मीद के साथ अस्पताल आया था कि लेकिन निराशा ही हाथ लगी। अलग-अलग विभागों के पद पर पदस्थापित 4 चिकित्सकों में गुरुवार को मात्र दो ही अस्पताल पहुंचे। उनमें डॉ रीना भर्ती व मोनी कुमारी शामिल हैं, जबकि चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी के साथ-साथ आयुष चिकित्सक कुमुद रंजन बुधवार की तरह गुरुवार को भी अस्पताल से गायब रहे। मालूम हो कि बुधवार के दिन भी अस्पताल में पदस्थापित चारों चिकित्सक स्पताल से गायब थे। उनके बिना मरीजों का इलाज नहीं हो सका था। मजबूरन उन्हें बिना इलाज कराए ही घर लौटना पड़ गया था। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि डंडाई अस्पताल के चिकित्सक काफी लापरवाह हैं। कहने के बाद भी वे मरीजों के प्रति हमदर्दी नहीं दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल नहीं जाने वाले कर्मियों को पहले शोकॉज किया जाएगा। उसके बाद उनके वेतन भुगतान पर भी रोक लगाने का काम किया जाएगा। चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा ने बताया कि किसी काम से घर पर रह गई। उन्होंने कहा कि कुमुद रंजन को अस्पताल जाने के लिए बोली थी।

संक्षिप्त

एसपी ने नेतरहाट विद्यालय में किया पौधरोपण

महुआडांड़। थाना अंतर्गत नेतरहाट में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने जंगल वार फेयर स्कूल नेतरहाट में 500 फलदार वृक्ष लगवाये। इस मौके पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रसाद पासवान ने बुके व अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन नेतरहाट विद्यालय के पूर्ववर्ती

छात्र रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यालय परिसर पर पौधरोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सार्जेंट मेजर राकेश कुमार दुबे, सार्जेंट मेजर राजकुमार लकड़ा, सार्जेंट संतोष कुमार,सीसीएल राजहरा से नीरज कुमार, सौरव कुमार झा, रंजीत कुमार नेतरहाट विद्यालय के वरीय शिक्षक रवि रंजन, डॉ. अभिषेक मिश्र, श्रीमती राधा कुमारी, विनोद टोप्पो, डॉ शिशिर सौरभ, सिल्वेस्टर मुर्मु, डॉ राजेश चंद्र गुप्ता, थाना प्रभारी बंधन भगत आदि मौजूद थे।

भूमि विवाद में हुई मारपीट में युवक घायल

चिनिया। थाना क्षेत्र के तहले गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट पीट में तहले निवासी प्रदीप साह के पुत्र जितेंद्र शाह जो बोलने में असमर्थ है गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके हाथों में गंभीर चोटें लगी हैं। भुक्तभोगी ने थाने में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आरोपियों में कैलाश यादव, सूर्य देव यादव, शिवनाथ यादव, संतोष यादव व एक अन्य शामिल हैं। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

चार साइकिल पर लदी बेशकीमती लकड़ी जब्त

चिनिया। वन क्षेत्र के चिरका पाल्हे रोड से गुरुवार की सुबह वन कर्मियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से चार साइकिल पर लदे छह पीस सखुआ के बेशकीमती चौपहल को जब्त किया। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लकड़ी तस्कर अवैध रूप से लकड़ी का तस्करी कर दूसरे प्रखंड में उसे बेचने की फिराक में हैं। इस पर गुरुवार की सुबह करीब 4 बजे चिरका पाल्हे रोड आसना ढोंढा के पास से चार साइकिल लादकर ले जायी जा रही बेशकीमती लकड़ियों को जब्त किया गया है, जबकि लकड़ी तस्कर चारों भागने में सफल रहे। दो तस्करों की पहचान कर ली गयी है, जिनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार बन कर्मि उमेश सिंह, प्रेमचंद दास, हेमंत तिर्की मौजूद थे।

महिला को भाई ने उठाकर पटका, हुई मौत

मेराल। पश्चिमी पंचायत के माधुरी टोला निवासी रईसा बीवी पति मुर्तजा अंसारी की मौत उसके भाई की मारपीट के बाद हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। मृतक महिला अपने पिता के घर रहती थी। बुधवार की सुबह लकड़ी के बंटवारे को लेकर रईसा बीबी तथा उसके भाई जन्नत अंसारी के बीच विवाद हुआ, जिसमें जन्नत ने रईसा को उसे उठाकर पटक दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। पिता समसुद्दीन अंसारी ने उसे इलाज के लिए मेराल अस्पताल लाया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।लेकिन गंभीर चोट को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल से भी उसे रांची के लिए रेफर कर दिया गया। रांची जाने के क्रम में रास्ते में ही रईसा की मौत हो गई। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक के पिता समसुद्दीन अंसारी द्वारा घटना को लेकर जन्नत अंसारी के विरुद्ध मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जन्नत को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जामुन के पेड़ से गिरा 10 साल का बालक, मौत

गढ़वा। जामुन के पेड़ से गिरने के कारण एक बालक की मौत हो गयी। घटना धुरकी थाना क्षेत्र के फाटपानी गांव का है। घटना में गांव निवासी शिवपूजन चौधरी के 10 वर्षीय पुत्र अमित चौधरी की मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमित गांव में ही जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। जामुन तोड़ने के दौरान वह अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उसके सर पर गंभीर चोटें लग गयी। आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए उसे धुरकी स्थित सीएचसी ले गए। हालांकि गंभीर स्थिति देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बाल विकास पदाधिकारी ने दिया योगदान

मेराल। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद पर गुरुवार को नीतीश कुमार निशांत ने अपना योगदान दिया। श्री निशांत ने वीडियो सह प्रभारी सीडीपीओ प्रवेश कुमार साव से सीडीपीओ का पदभार ग्रहण किया। नीतीश कुमार निशांत सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा गढ़वा मे पदस्थापित हैं, जिन्होंने मेराल सीडीपीओ का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नीतीश कुमार निशांत ने कहा कि विभागीय कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करना मेरी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर प्रधान सहायक मुरारी मिश्र, पर्यवेक्षिका एकता नाथ पुष्पा कुमारी स्वस्तिका रानी आदि उपस्थित थे।

झारखंड के 24 जिले की पदयात्रा पर निकले आर्या

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़

झारखंड के जिला बोकारो के रहने वाले युवक आर्या गुप्ता (25) एक बैग, तिरंगा लेकर झारखंड राज्य के 24 जिलो की पदयात्रा पर पैदल निकले हैं। बोकारो से शुरू हुई यात्रा के 167वें दिन गुरुवार को वह महुआडांड पहुंचे।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा मुख्य मकसद झारखंड की पहचान, संस्कृति, कला, इतिहास यहां के पर्यटन स्थल एवं पुरातत्व को जानना और जन जन तक पहुंचाना है। झारखंड राज्य की विशेषताएं हैं। पांच हजार साल का इतिहास है। इसकी कई सारी चीजों को जानना है। देश की आजादी में हमारे कई सारे लोगो ने कुबार्नी दी

है। शुरुआत में जब निकला था, तो यात्रा सीमित दिनों तक थी। विशेष जगह पर रुकना था, लेकिन जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा हूं, बहुत सारी नई चीजों को जान रहा हूं। इससे उत्साह और जानने की इच्छा बढ़ती जा रही है। अब तक 2200 किलोमीटर की यात्रा पूरी हो गई है।

462 लाभुकों ने पैसे लेकर नहीं बनाया पीएम आवास

बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने किया क्षेत्र का भ्रमण, लाभुकों को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु

प्रखंड क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के 462 लाभुक राशि निकालकर घर नहीं बनाये हैं। इसको लेकर बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने क्षेत्र का भ्रमण किया। इस सबंध में जानकारी देते हुए कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2021-22 तक कुल 8397 आवास बनाने की स्वीकृति मिली थी।

लाभुकों के खाते में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि भी चली गई, परंतु इसके बाद भी 7935 लाभुक ही आवास पूर्ण कर पाए हैं, जबकि 462 लाभुक राशि लेकर भी आवास पूर्ण नहीं किए हैं। बचे

लाभुकों में से 342 लाभुकों को प्रथम किस्त व 120 लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशि खाता में जा चुकी है। फुलसु पंचायत में 97, शिबला पंचायत में 92, बालुभांग पंचायत में 59, अमरवाडीह पंचायत में 58, गोनिया पंचायत में 50, टोंटी पंचायत में 30, बारियातु पंचायत में 27, साल्वे पंचायत में 25 व डाढा पंचायत में 24 इस प्रकार नौ पंचायत मिलाकर कुल 462 लाभुक आवास निर्माण में रुचि नहीं रख रहे हैं। शत प्रतिशत लाभुकों का आवास पूर्ण हो इसके लिए लगातार सभी पंचायतों का दौरा कर लाभुकों से मिल कर निर्देशित किया जा रहा है। बैंक खाता में प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि जाने के बावजूद आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों को 15 अगस्त तक आवास निर्माण कर लेने का निर्देश दिया गया है। समय पर पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों के विरूद्ध विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कह की आवास निर्माण करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो संबंधित पंचायत कर्मियों से मदद लें। मौके पर प्रखंड आवास कोडिनेटर शशि कुजुर के अलावा कई लाभुक मौजूद थे।

मदद अग्निकांड पीड़ित दुकानदारों को मंत्री ने दी सहयोग राशि

हम जनता के साथ खड़े हैं : मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

शहर के चौधराना बाजार एवं गढ़देवी मोड़ पर हुए अग्निकांड पीड़ितों को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सहयोग राशि प्रदान किया। मंत्री ठाकुर ने गुरुवार को पीड़ित दुकानदारों से मिलकर सभी दुकानदारों को सहायता राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया।

ज्ञात हो कि गत कुछ माह पूर्व चौधराना बाजार में हुई आगलगी की घटना में आठ सब्जी दुकान तथा गढ़देवी मोड़ पर ट्रांसफर्मर में आग लगने से चार दुकान जलकर पूरी तरह राख हो गया था। इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मंत्री ठाकुर ने

सभी दुकानदारों को सहयोग राशि देने की घोषणा किया था। इसके तहत मंत्री ठाकुर ने गुरुवार को उक्त सभी 12 दुकानदारों चौधराना बाजार के मोतीचंद महतो, अवधेश राम, उमा देवी, ओमप्रकाश प्रजापति, अवधेश कुमार महतो, रामशीष कुशवाहा, सोनू कुमार, मोनू महतो तथा गढ़देवी मोड़ स्थित दुकान के दुकानदार मो. अमिनुद्दीन खान, शर्मिला देवी, मोनू कुमार एवं प्रिंस केशरी को सहयोग राशि प्रदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे जनता के हर सुख दुख में हमेशा उनके साथ हैं। किसी भी प्रकार से लोगां को कोई परेशानी न हो इसके लिए वे हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होंने कहा कि आगलगी की घटना के बाद मिलने गये पीड़ित दुकानदारों से उन्होंने सहायता प्रदान करने का वादा किया था। वह आज पूरा किया गया।

साथ ही मंत्री ने कहा कि हमेशा सब्जी बाजार में आगलगी की घटना होते रहती है। इस मामले में पुलिस पदाधिकारी को जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विजय ठाकुर सहित काफी संख्या में दुकानदार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

वज्रपात की चपेट में आने से दो पशुओं की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता। डंडाई

डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा पंचायत स्थित बौलिया गांव में बुधवार को बारिश के दौरान हुए वज्रपात में एक बैल और एक गाय कि घटना स्थल पर मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों पशु खेत में घास चर रहे थे। उसी दौरान एकाएक वज्रपात हो गई जिससे घटनास्थल पर ही दोनों पशुओं की मौत हो गई। पशुपालक हरिचरण पासवान ने बताया कि घास चरने के लिए बैल और गाय दोनों साथ-साथ सोनेहारा स्थित तुलसीदामर घाट की ओर गए थे। तभी बारिश के दौरान अचानक वज्रपात हो गयी। इसकी चपेट में उसका एक बैल और एक गाय आ गए, जिससे दोनों पशुओं की तत्काल मौत हो गई। उसने बताया कि मैं अत्यंत गरीब हूं। दोनों पशुओं के एक साथ मरने से मेरा आर्थिक नुकसान हो गया है। बैल के सहारे ही खेती किसानी करते थे। हरिचरण पासवान ने अंचलाधिकारी से आपदा के तहत मदद की गुहार लगाई है।

वज्रपात से बैल की मौत

केतार। परती कुशवनी पंचायत के परती कुशवानी गांव में मंगलवार की रात्रि में जोरदार बारिश के साथ हुई वज्रपात से बैल की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार राजनाथ राम अपने बैल को चारा खिलाकर रात्रि में पेड़ के निकट बांधे थे। अचानक रात्रि में बारिश के साथ वज्रपात हुई जिससे बैल की घटना स्थल पर मौत हो गई। राजनाथ राम को लगभग बीस हजार का नुकसान हो गया।

यूसीसी व आदिवासी

आगामी लोकसभा चुनाव के पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को लेकर विचार-विमर्श का दौर शुरू है। यूसीसी का कई मुस्लिम संगठनों की ओर से विरोध किया जा रहा हैं, वहीं अब इसे लेकर आदिवासी समाज में भी कई प्रकार की बातें की जा रही हैं। ऐसे में खुलकर विरोध शुरू कर दिया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम)के बोरियो से विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड,यूसीसी) का विरोध किया है। लोबिन हेम्ब्रम ने इस मसले पर जेएमएम कार्यकारी अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन से चुप्पी तोड़ने की मांग की हैं। लोबिन हेम्ब्रम ने एक कदम आगे बढ़कर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी से भी यूसीसी के खिलाफ खुल कर बोलने की मांग की है। उनका मानना है कि सीएम हेमंत सोरेन ने सबसे पहले केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड की मांग की थी। लेकिन अभी तक इस मांग पर कुछ नही हुआ है और यदि समान नागरिक संहिता लागू हो जायेगी सरना धर्म कोड का कोई औचित्य ही नहीं रह जायेगा। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि अभी तक एक आदिवासी नेता होने के नाते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समान नागरिक संहिता पर कोई बयान नहीं दिया है। मुख्यमंत्री ने इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साध ली है। इसका मतलब क्या हैं। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू हो जाने से आदिवासियों की रीति रिवाज पूरी तरह से खत्म हो जायेगी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के मैरेज एक्ट से आदिवासियों का नियम बिल्कुल भिन्न है। अब सवाल उठता है कि जेएमएम के अंदर भी समान नागरिक संहिता के मामले में मगजमारी जारी है। जहां तक समान नागरिक संहिता और सरना धर्म कोड दोनों में काफी अंतर है। लोबिन हेंब्रम का यह बयान निश्चित रूप से राजनीति से ओत -प्रोत है। 2024 लोकसभा चुनाव की बाबत वोट की खातिर अपने क्षेत्र में जनाधार को स्थायी रखने के लिए भी इसका विरोध किया जा रहा हो,तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। बहरहाल आदिवासी समाज का शुभचिंतक बनने और दिखावे के लिए हेंब्रम के इस बयान को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। यूसीसी के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी इस मामले पर अभी चुप हैं। उन्हें पता है कि कब और कैसे इस मामले पर बोलना है। दोनों नेताओं की चुप्पी यह बताने के लिए काफी है कि वह कोई बयानबाजी से फिलहाल बचना चाहते हैं। आदिवासी बहुल राज्य में यूसीसी से आदिवासी रीति रिवाज खत्म होने की बात सच है या नहीं यह आने वाला समय बतायेगा। लेकिन यह सच है कि यूसीसी के मामले में कई प्रकार की भ्रांतियां फैली हुई हैं। ऐसे में यूसीसी के खिलाफ नहीं बोलने वाले आदिवासी विरोधी कैसे हो जायेगें यह बात समझ से बाहर है। बहरहाल आने वाले दिनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष अर्थात हेमंत सोरेन और बाबूलाल मंराडी आमने सामने होंगे। यूसीसी को लेकर आदिवासी समाज आने वाले दिनों में कैसा रूख अपनाता है यह भविष्य के गर्भ में कैद है। लेकिन एक बात सच है कि आगामी लोग सभा चुनाव की बाबत अपने वोट बैंक का ख्याल हर एक पार्टी का नेता करेंगे।

लोबिन हेम्ब्रम ने एक कदम आगे बढ़कर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी से भी यूसीसी के खिलाफ खुल कर बोलने की मांग की है। उनका मानना है कि सीएम हेमंत सोरेन ने सबसे पहले केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड की मांग की थी।

सावन यानी शिव को रिझाने का समय



आर.के. सिन्हा

सावन का पहला सोमवार बीती 10 जुलाई को पूरी आस्था के साथ मनाया गया। देशभर के शिवालयों में सुबह चार बजे से बारह बजे रात्रि तक तमाम भक्त आते रहे। सूरज की पहली किरण फूटने से पहले ही भक्तों का तांता मंदिरों में लग गया था। शिव का जीवन ही इस बात का प्रतीक है कि प्रकृति से तालमेल स्थापित कर ही जीवन में सुख-शांति, सरलता, सादगी, शौर्य, योग, अध्यात्म सहित कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। आषाढ़ मास से ही वर्षा ऋतु की शुरूआत होती है। श्रावण मास आते-आते चारों तरफ हरियाली छा जाती है। यह सभी के मन को लुभाने वाली होती है। श्रावण मास में प्रकृति का अनुपम सौंदर्य देखते ही बनता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चारों तरफ बसंत ऋतु ही छाई हुई है। संसार के प्राणियों में नई उमंग व नव जीवन का प्रसार होने लगता है। प्रकृति की अनुपम छठा को देखकर भगवान शिव आनंदित व आत्मविभोर हो जाते हैं। श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास के प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जब भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं तो संसार में ऐसा कुछ भी नहीं, जो वह अपने भक्तों को न दे पाएं। भगवान शिव को रिझाने में भक्तजन अपनी मनोकामना के लिए नाना प्रकार के यत्न करते हैं। सावन का महीना शुरू होने के साथ ही बोल बम के जयकार भी चारों तरफ सुनाई देने लगे हैं। इसके साथ ही श्रावण शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पवित्र गंगाजल लाने के लिए कावड़ियों का तीर्थ स्थलों पर जाने का सिलसिला जारी है। पूरे सावन को भगवान शिव का महीना ही माना जाता है। इस बार तो अधिक मास के कारण श्रावण पूरे दो महीने तक चलेगा। शिवपुराण की कथा के अनुसार, श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के तीन मार्ग हैं - पहला जलाभिषेक, दूसरा बेल पत्र, पुष्प चंदन, कमलपुष्प व पंचामृत से पूजा अर्चना और तीसरा जप-तप के द्वारा। इनमें से किसी भी एक मार्ग का अनुसरण किया जा सकता है। वस्तुतः भिन्न-भिन्न कामनाओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को चढ़ाने का भी प्रावधान है। शिव महापुराण, स्कंध पुराण, विष्णु पुराण व नारद पुराण भी इसी तरफ संकेत करते हैं। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर कैलाश पर्वत को दुल्हन की तरह सजाया था। कैलाश पहुंचने पर श्रावण मास शुरू हो गया। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर पूरे श्रावण मास को उत्सव के रूप में मनाया। शिव का सावन प्रकृति के साथ साहचर्य का संदेश है। शिव अगर नीलकंठ हैं और दुनिया के लिए अकेले जहर को अपने गले में धारण कर सकते हैं, तो उसके साथ-साथ भांग और धतूरा खाने और पीने वाले भी शिव ही हैं। शिव की दोनों तस्वीरें साथ-साथ जुड़ी हुई हैं। भारत में करोड़ों लोग समझते हैं कि शिव धतूरा पीते हैं, शिव की पलटन में लूले-लँगड़े हैं, उसमें जानवर भी हैं, भूत-प्रेत भी हैं और सब तरह की बातें जुड़ी हुई हैं। लूले-लँगड़े, भूखे के मानी क्या हुए? गरीबों का आदमी। शिव सबके हैं। इसका अर्थ ही यह है कि शिव सभी बेसहारा प्राणियों के सहारा हैं। भांग-धतूरा का वे सेवन नहीं करते बल्कि अपने भक्तों को अपने दुगुर्णों को छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कहते हैं -लाओ अपने सारे दुर्वसन मुझे दे दो और तुम शुद्ध भाव से मेरी आराधना में लगो। मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य क्या है? जीवात्मा अनादिकाल से प्रकृति के प्रवाह में अणु-रूप में नानाविध शरीर धारण करते हुए काल की गति के साथ बह रहा है। मोक्ष की कामना को भटक रहे मानव के लिए सनातन धर्म में भक्ति को विभिन्न देवताओं की पूजा के अलग-अलग विधान हैं। सृष्टि के कल्याणकारी देवाधिदेव महादेव शिव शंकर ही ऐसे देव हैं, जो मात्र एक लोटा जल श्रद्धा भाव से ग्रहण कर ही मानव के जीवन को सरल बना देते हैं। शिव हम सभी के आसपास ही विराजमान रहते हैं। न जाने किस रूप में वे अपने भक्तों को दर्शन दे जाएं। लेकिन, उनको पहचान पाना मानव के लिए सदा से ही एक बड़ा गंभीर विषय रहा है। यह बिल्कुल ऐसा ही है जैसे आकाश में बादल रहने पर बादलों के मध्य में स्थित सूर्यबिंब दिखाई नहीं देता। सूर्योदय के बाद आकाश के मेघावृत रहने पर मेघ के हटने के साथ ही सूर्य के दर्शन होते हैं एवं उसकी किरण और धूप की भी प्राप्ति होती है। शिव की भक्ति करने वाले को अपनी मस्तिष्क के पड़े उस अज्ञान के पर्दे को हटाने की जरूरत है जो उस कल्याणकारी देव प्रभाव को नहीं देख पाता है। शिव हरेक संकट में एक आश्वासन हैं। उनकी हरेक शमशान घाट या भूमि में लगी मूर्ति मानव समाज को राहत देती है। उन कठोर पलों में उनको देखकर ऐसा लगता है मानो कोई आपकी पीठ को थपथपा रहा है। जैसे वे कहे रहे हो, 'मैं अभी हूं न तुम्हारे साथ।' अभी तक शिव का श्मशान भूमि में एकछत्र राज रहा है। वह उनकी दुनिया है। उसमें अतिक्रमण निषेध है। श्मशान में शिव की सत्ता है। शिव की मूर्ति के आसपास कुछ शोकाकुल लोग बैठ भी जाते हैं। उनको करीब से देखते भी हैं। मन ही मन सवाल भी करते होंगे कि क्यों श्मशान प्रिय है शिव को? हालांकि इस प्रश्न के उतर बार-बार मिल चुके हैं। सतगुरु जग्गी कहते हैं कि दरअसल शिव का श्मशान डेरा है। 'श्म' का मतलब 'शव' से और 'शान' का मतलब 'शयन' या 'बिस्तर' से है। जहां शव पड़े होते हैं, वहीं वह रहते हैं। शिव श्मशान में जाकर बैठते और इंतजार करते हैं। शिव को संहारक माना जाता है, इसलिए नहीं कि वह किसी को नष्ट करना चाहते हैं। वह श्मशान में इंतजार करते हैं ताकि शरीर नष्ट हो जाए, क्योंकि जब तक शरीर नष्ट नहीं होता, आसपास के लोग भी यह नहीं समझ पाते कि मृत्यु क्या है। वे हरेक मूर्ति में ध्यान की मुद्रा में हैं। लगता है कि वे स्वयं की खोज के लिए यात्रा में निकल पड़े हैं। वे कठोर चिंतन और ध्यान में मग्न हैं। शिव अपने भक्तों से कभी दूर नहीं जाते। श्रावण मास में समाधिस्थ शिव संसार को शंकाओं से मुक्त करते हुए समाधान से युक्त करते हैं। वे श्रद्धापूर्वक की गई प्रार्थनाओं को सुनते हुए हमारे पुरुषार्थ को फलीभूत करते हैं। सावन महीने के किसी सोमवार को शिव मंदिर में शिवलिंग के पास बैठकर पूजा करने का सुख वास्तव में अलौकिक होता है। इस दौरान काशी और झारखण्ड का वैद्यनाथ धाम तो काँवरियों से पट जाती है।

श्रावण मास के प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जब भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं तो संसार में ऐसा कुछ भी नहीं, जो वह अपने भक्तों को न दे पाएं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

दरिद्र धनवान हो जाता है, बन्धन में पड़ा हुआ बन्धन से मुक्त हो जाता है, डरा हुआ व्यक्ति भय मुक्त हो जाता है - यह सत्य बात है, इसमें संशय नहीं। इस लोक में वह सभी ईप्सित फलों का भोग प्राप्त करके अन्त में सत्यपुर वैकुण्ठलोक को जाता है। हे ब्राह्मणों! इस प्रकार मैंने आप लोगों से भगवान सत्यनारायण के व्रत को कहा, जिसे करके मनुष्य सभी दुखों से मुक्त हो जाता है। कलियुग में तो भगवान सत्यदेव की पूजा विशेष फल प्रदान करने वाली है। भगवान विष्णु को ही कुछ लोग काल, कुछ लोग सत्य, कोई ईश और कोई सत्यदेव तथा दूसरे लोग सत्यनारायण नाम से कहेंगे। अनेक रूप धारण करके भगवान सत्यनारायण सभी का मनोरथ सिद्ध करते हैं। कलियुग में सनातन भगवान विष्णु ही सत्यव्रत रूप धारण करके सभी का मनोरथ पूर्ण करने वाले होंगे। हे श्रेष्ठ मुनियों! जो व्यक्ति नित्य भगवान सत्यनारायण की इस व्रत-कथा को पढ़ता है, सुनता है, भगवान सत्यारायण की कृपा से उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। हे मुनीश्वरों! पूर्वकाल में जिन लोगों ने भगवान सत्यनारायण का व्रत किया था, उसके अगले जन्म का वृतान्त कहता हूं, आप लोग सुनें। महान प्रज्ञासम्पन्न शतानन्द नाम के ब्राह्मण सत्यनारायण व्रत करने के प्रभाव से दूसरे जन्म में सुदामा नामक ब्राह्मण हुए और उस जन्म में भगवान श्रीकृष्ण का ध्यान करके उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। लकड़हारा भिल गुहों का राजा हुआ और अगले जन्म में उसने भगवान श्रीराम की सेवा करके मोक्ष प्राप्त किया। महाराज उल्कामुख दूसरे जन्म में राजा दशरथ हुए, जिन्होंने श्रीरंगनाथजी की पूजा करके अन्त में वैकुण्ठ प्राप्त किया। इसी प्रकार धार्मिक और सत्यव्रती साधु पिछले जन्म के सत्यव्रत के प्रभाव से दूसरे जन्म में मोरध्वज नामक राजा हुआ।

(क्रमशः)

गरीबी उन्मूलन व आर्थिक उन्नति के सुखद संकेत

ललित गर्ग

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देने के शुभ संकेत मिलने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। इससे पूर्व में बनायी मोदी सरकार की योजनाओं के गरीबी उन्मूलन के चमत्कारी परिणाम आये हैं। हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम व ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बताया गया कि पिछले पंद्रह वर्षों में भारत 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने में कामयाब हुआ है। निस्संदेह, यह खबर भारतीय अर्थव्यवस्था की सुखद तस्वीर पेश करती है। एक और दूसरी सुखद आर्थिक संकेत देने वाली खबर यह आयी है कि मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमेन सैक्स के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगी। विगत नौ वर्ष में मोदी सरकार विकास एवं सशक्तीकरण के अनेक आयाम स्थापित किये हैं, सरकार ने ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आये हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। भारत और इसकी अर्थव्यवस्था की सफलताओं व संभावनाओं की बुनियाद में राजनीतिक स्थिरता, मोदी सरकार की दूरगामी एवं गरीबी उन्मूलन की योजनाओं की बड़ी भूमिका है। यूएनडीपी की वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के आंकडे भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हैं। साल 2005-06 में देश में करीब 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी-रेखा के नीचे जी रहे थे। वर्तमान में अब यह संख्या काफी कम होकर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। बावजूद इसके यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नये विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। मोदी सरकार राजनीतिक रूप से स्थिर रही हैं और इनकी प्राथमिकताओं में गरीबी उन्मूलन प्रमुखता से शामिल रहा है। महान अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह की सरकार भी स्थिर थी और उन्होंने भी गरीबी उन्मूलन के ठोस उपक्रम किये। उनकी सरकार के समय से ही यह प्रयास निरन्तर जारी है। अनूठी बात यह है कि ये दोनों सरकारें दो विपरीत राजनीतिक ध्रुवों पर खड़ी रही हैं, पर इनका आर्थिक दर्शन एक रहा है। मगर भारतीय अर्थव्यवस्था के नीति-नियंताओं को इसकी कुछ विसंगतियों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। देश में गरीबी का अंत जितना जरूरी है, आर्थिक विषमताओं से निपटना उससे कम अहम नहीं है। ऑक्सफेम की हालिया रिपोर्ट ने खुलासा किया था कि देश की 60 फीसदी संपत्ति सिर्फ पांच प्रतिशत भारतीयों के पास है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा है।

साल 2005-06 में देश में करीब 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी-रेखा के नीचे जी रहे थे। वर्तमान में अब यह संख्या काफी कम होकर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं।

अर्थव्यवस्था

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

केवल प्रयास और साहस ही
काफी नहीं है,
सही लक्ष्य और सटीक दिशा
जरुरी है।

बम बंदूक व बवाल बन गये बंगाल की पहचान

नीरज कुमार दूबे

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों में हिंसा की घटनाओं से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठे हैं। बंगाल में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की सरेआम हत्या, हिंसा, आगजनी, बमबाजी की बढ़ती घटनाएं और राज्यपाल का अपमान तथा उनके आदेशों की अवमानना की खबरें आम बात हो गयी है जोकि चिंताजनक स्थिति है। इसके अलावा, एक टीवी समाचार चैनल के स्टिंग में बंगाल में बमों के जिस कारोबार को दिखाया गया है उससे सवाल उठता है कि क्या पुलिस प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है? यही नहीं, विभिन्न अदालतें कई बार बंगाल में राजनीतिक हिंसा की स्थिति पर चिंता जता चुकी हैं लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं आना इस आरोप को बल प्रदान करता है कि हिंसक तत्वों को सत्ता का समर्थन प्राप्त है। पंचायत चुनाव के लिए मतदान वाले दिन बंगाल में कोई बैलेट बॉक्स लेकर भागता दिखा तो किसी ने बैलेट बॉक्स को आग के हवाले कर दिया तो किसी ने पोलिंग स्टेशन पर तोड़फोड़ की तो किसी ने दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं से मारपीट की। कहीं बम फटे, कहीं गोली चली और खबरों के मुताबिक इस चुनावी हिंसा में अब तक राजनीतिक दलों के 15 कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। क्या यही वह शोनार बांग्ला है जिसकी कल्पना रविन्द्र नाथ टैगोर ने की थी? क्या यही वह लोकतंत्र है जिसके लिए सुभाष चंद्र बोस ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद की सबसे बढ़िया उम्मीदवार बताने वाले क्या देश को बताएंगे कि आज जो बंगाल में हो रहा है क्या ऐसी ही बम और बंदूक की संस्कृति वह पूरे देश में लाना चाहते हैं? इसके अलावा, हिंसा के इस माहौल को देखकर भी अवार्ड वापसी गैंग जिस तरह चुप्पी साधे हुए है उसको देखते हुए मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी के प्रति उनका दोगलापन एक बार फिर देश के सामने आ गया है। राजनीतिक दलों ने बंगाल में पंचायत चुनाव में हिंसा की निंदा की, भाजपा ने की राष्ट्रपति शासन की मांग पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने अगर राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि यदि निर्वाचित सरकार से हालात नहीं संभल रहे तो लोगों को यूं ही मरने और हिंसा में घायल होने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। हालिया इतिहास पर गौर करें तो यह देखने को मिलता है कि पश्चिम बंगाल में चुनावों के ऐलान के साथ ही शुरू होने वाला हिंसा का दौर परिणाम बाद तक जारी रहता है। राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान लगभग महीने भर जो हिंसा हुई थी उसमें पीड़ितों को आज तक न्याय नहीं मिला। विधानसभा चुनावों के दौरान हुई राजनीतिक हिंसा में भी कई लोग मारे गये थे, किसी को जला कर मारा गया था, किसी को बम से उड़ाया गया था, किसी को फंदे पर लटकाया गया था तो किसी को अन्य निर्मम तरीके से मौत के घाट उतारा गया था। यही नहीं, महिलाओं के साथ दुराचार और दुर्व्यवहार हुआ था, घरों और संपत्तियों को नुकसान पहुँचाया गया था, हालात यह हो गये थे कि बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो गये थे। दुखद है कि आज भी उनमें से अधिकांश लोग न्याय की बाट जोह रहे हैं। बहरहाल, बंगाल में पंचायत चुनावों का जब ऐलान हुआ उसके बाद से राज्य में हिंसा का तांडव जारी है मगर राज्य सरकार 'ऑल इज वेल' के दावे पर अडिग है।

राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान लगभग महीने भर जो हिंसा हुई थी उसमें पीड़ितों को आ।ज तक न्याय नहीं मिला। विधानसभा चुनावों के दौरान हुई राजनीतिक हिंसा में भी कई लोग मारे गये थे

हिंसा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

सड़क दुर्घटना में घायल राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी की मौत

बेगूसराय। बेगूसराय के तेघड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में घायल वॉलीबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी छाया झा के निधन से हर ओर शोक की लहर फैल गई है। गुरुवार को शव गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। खिलाड़ियों ने अपने राष्ट्रीय खिलाड़ी को अंतिम विदाई दी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर दुलारपुर चौक के समीप मंगलवार की शाम सड़क पार करने के अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वॉलीबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी दुलारपुर गांव निवासी स्व. राजकुमार झा की पुत्री छाया झा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के तुरंत बाद उसे बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया था। जहां कि बीते रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद गुरुवार शव पैतृक गांव दुलारपुर पहुंचा। शव के पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बीएसएफ ने 14 लाख के सोने के साथ एक तस्कर को दबोचा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 14 लाख रुपये के सोने के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। उसकी पहचान जहांगीर शेख (40) के तौर पर हुई है। वह मुर्शिदाबाद जिले का ही रहने वाला है। गुरुवार सुबह बीएसएफ की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि सीमा चौकी फजीर्पाड़ा के पास गैरकानूनी तरीके से सोने की तस्करी की सूचना बीएसएफ जवानों को पहले से मिल गई थी। इसके बाद एक तस्कर बांग्लादेश की सीमा की ओर से बाइक पर सवार होकर भारत की सीमा की ओर आ रहा था। उसे चारों तरफ से घेर कर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से सोने के दो बिस्कुट बरामद हुए जिसका वजन 233.270 ग्राम है और कीमत करीब 14 लाख आठ हजार 951 रुपये है। उसने सोने को अपने शरीर में कपड़े के अंदर छुपा रखा था। हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच के दौरान पकड़ा गया। उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। तस्कर ने स्वीकार किया है कि वह बांग्लादेश के राजशाही जिला निवासी अब्बास नाम के तस्कर से सोने के बिस्कुट को लिया था और मुर्शिदाबाद के बरहमपुर में साहिनूर (28) को सौंपने वाला था। मामले में आगे की कार्रवाई हो रही है।

खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र की करंट से मौत, एक पुत्र हुआ गंभीर

मुरैना। जिले के सबलगढ़ थाना क्षेत्र में बीती रात खेत में काम के दौरान लाइट गुल हो जाने से डीपी तक वायरिंग को चेक करने गये पिता दो पुत्रों सहित एक-एक कर टूटे हुये तारों से चिपक गये। जिससे पिता व एक पुत्र की मृत्यु हो गई। वहीं एक पुत्र को गंभीर हालत में इलाज के लिये चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। पिता-पुत्र का पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंप दिये गये है। पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है।

सबलगढ़ थाना क्षेत्रान्तर्गत खेरला निवासी दीनदयाल गौड़ अपने दोनों पुत्र हरिमोहन तथा पवन के साथ बुधवार-गुरुवार की रात खेतों में काम करने के लिये गये। इनके साथ परिवार के अन्य जन भी थे। अचानक लाइट गुल हो जाने से पवन गौड़ उम्र 29 वर्ष डीपी पर लाइट चेक करने गया। बहुत देर तक वापस न आने पर पिता दीनदयाल ने हरीमोहन को देखने के लिये भेजा।डीपी तक पवन का पता न चलने पर वापस आने के दौरान हरीमोहन को टूटों हुये तारों के साथ पवन बेहोश अवस्था में मिल गया।

मुख्यमंत्री योगी ने तीन विभागों के 510 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र, कहा

चुनौतियों का डटकर सामना करें

एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 199 समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (सचिवालय प्रशासन विभाग), परिवहन विभाग के 183 कनिष्ठ सहायक, निर्वाचन विभाग में 128 कनिष्ठ सहायक, कुल मिलाकर 510 नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि आज नियुक्ति पाने वालों में गोण्डा, बिजनौर, अयोध्या और अंबेडकरनगर के हैं। पहले यह संभव नहीं था। कुछ जिलों के लोग ही चयनित होते थे। पिछले छह साल में लगभग छह लाख सरकारी नौकरी दी गयी है। पिछले डेढ़ वर्ष की बात करें तो 16 नियुक्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गए। 54 हजार से अधिक सरकारी नौकरी देने में हम सफल हुए हैं। यह इस बात को साबित करता है कि जहां चाह वहां राह।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव आपने देखा है। जिस दिन मतदान था, उस दिन तो हिंसा के चलते लोगों की मौत हुई ही, मतगणना के दौरान भी लोग मारे गये। पंचायत चुनाव से लेकर निकाय के चुनाव हुए। लोक सभा चुनाव हुए। कोई हिंसा नहीं हुई। कोई उपद्रव नहीं। बूथ कैप्चरिंग की कोई गुंजाइश नहीं। वे लोग लोकतंत्र की बात करते हैं। सबसे अधिक लोकतंत्र का गला वे लोग ही घोंटते हैं जो लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए हल्ला करते हैं।

योगी ने चयनित युवाओं से कहा कि कुछ कर गुजरने की तमन्ना होनी चाहिए। प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि सामने आई चुनौतियों से घबरा जाने वाले कुछ नहीं कर सकते। उसका डटकर सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यवहार हमें अच्छा नहीं लगता उसे किसी और के साथ नहीं करना चाहिए। शासन ने निर्णय लिया है कि किसी भी टेबल पर तीन दिन से अधिक कोई फाइल नहीं रुकनी चाहिए। मैं दौरों पर रहने के बावजूद वापस आते ही फाइलों का निपटारा करते हैं। कोई भी फाइल पेंडिंग नहीं रखता। अगर ऐसा नहीं करता तो उप्र की स्थिति इस प्रकार बदल पाने में सफल नहीं हो पाता। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने नवचयनित युवाओं से कहा कि कल तक आप लोग सरकारी दफ्तरों में जाने पर कर्मचारियों, अधिकारियों से जो व्यवहार करते थे, अब आप से भी वही अपेक्षा होगी। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद से आप सामान्य नागरिक नहीं रह गए। आप पर भी जिम्मेदारी है। उसे बेहतरी के साथ निभाईए। आपकी पारदर्शी तरीके से भर्ती हुई है। आज हर कोई चाहता है कि उसके प्रदेश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हों।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि पहले नौकरियों में लूट होती थी। आज योग्य युवाओं के घर नौकरी चल कर जाती है। पूरी पारदर्शिता के भर्ती प्रक्रिया अपनाई गयी है। यह सरकारी नौकरी की बात है, परिवहन विभाग में संविदा कर्मियों की भर्ती में भी इसी प्रकार की पारदर्शी व्यवस्था अपनाई गयी है। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू समेत अन्य लोग मौजूद रहे। दिव्या, रश्मि वर्मा, आशीष, अपर्णा मौर्या, अमित कुमार तिवारी, सचिवालय प्रशासन विभाग हनुमंत प्रसाद सिंह, वंदना वर्मा, दीप्ति यादव, शैलेन्द्र कुमार रावत जैसे अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से मंच पर नियुक्ति पत्र दिया।

ऑनलाइन एप के जाल में फंसे पति-पत्नी ने दो बच्चों को जहर देकर की आत्महत्या

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ऑनलाइन एप के जाल में फंसे एक युवक ने पत्नी व दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। दंपति ने पहले अपने दो बेटों को जहर देकर मार डाला, फिर दोनों ने फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह दंपति के शव घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले, जबकि दोनों बेटों के शव घर में पड़े हुए थे। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें कर्ज का जिक्र किया गया है। परिवार द्वारा की गई इस आत्महत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है।

पुलिस के अनुसार रातीबड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव विहार कॉलोनी में रहने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा (38) कोलंबिया बेस्ड एक कंपनी में ऑनलाइन जॉब करते थे। भूपेंद्र पर काम का दबाव और कर्जा था। कंपनी ने उनका लैपटॉप हैक कर उसमें मिले कॉन्टैक्ट पर एडिटेड अश्लील वीडियो वायरल कर दिए थे। इससे परेशान भूपेंद्र विश्वकर्मा और उनकी पत्नी रितु (35) ने पहले बच्चे ऋतुराज (9) व ऋषिराज (3) को कोल्ड ड्रिंक में जहर दिया, फिर बगल में बैठकर उनके मरने का इंतजार किया। बच्चों के मरने की पुष्टि होने पर दोनों ने एक साथ फांसी लगा ली।

विधानसभा घेराव करने जा रहे भाजपा नेताओं पर बरसी लाठियां

एजेंसी। पटना

शांतिपूर्ण ढंग से गुरुवार को विधानसभा का घेराव करने जा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकताओं पर डाक बंगला चौराहे पर बिहार पुलिस के जवानों ने जमकर लाठियां बरसाईं। इस दौरान न सिर्फ भाजपा विधायकों और सांसद को पीटा गया, बल्कि महिला कार्यकताओं को भी नहीं बख्शा गया। पुलिस के जवानों ने जिस तरह से भाजपा कार्यकताओं को घेरकर लाठियां बरसाईं उससे सरकार की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, बिहार में शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति को खत्म करने, शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्ज देने और तेजस्वी यादव से इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने आज विधानसभा मार्च का आयोजन किया था। भाजपा के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उनपर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा और महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के ऊपर लाठियां बरसाईं। सिग्रीवाल बार-बार कहते रहे कि वे सांसद हैं लेकिन पुलिस उनपर लाठी बरसाती रही। इस दौरान मार्च में शामिल महिला कार्यकताओं पर भी पुलिस ने लाठीचार्ज किया और महिलाओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। भाजपा ने आरोप लगाया है कि जिस तरह से उनके विधायक जनता के सवाल को उठा रहे हैं उससे सरकार घबरा गई है और इसी का बदला लेने के लिए भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं के ऊपर जान बूझकर लाठीचार्ज किया गया है।

छत्तीसगढ़ में अंग्रेजी माध्यम के आत्मानंद कॉलेज भी खुलेंगे : भूपेश

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ में छात्रों को बेहतर और उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा मुहैया कराने के मकसद से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श विद्यालय शुरू किए गए थे। अब इसी तर्ज पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय भी शुरू किए जा रहे है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर में प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंगेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के गरीब से गरीब परिवार के विद्यार्थी को भी उत्कृष्ट शिक्षा दिलाने के लिए हमने वर्ष



2020 में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की शुरूआत की। यह योजना प्रदेश में काफी लोकप्रिय हुई। भेंट-मुलाकात के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की मांग की जाती थी। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में आज स्वामी आत्मानन्द योजना के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम के 377 और हिंदी माध्यम के 350 स्कूल संचालित हैं। स्कूलों के साथ- साथ हमने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेजों की भी शुरूआत करने का निर्णय लिया है। इस साल 10 कॉलेज खोलने का लक्ष्य है। इन्हीं में से एक कॉलेज का लोकार्पण कांकेर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से जो बच्चे हायर सेकेंडरी स्कूलों से पढ़कर निकलेंगे, उन्हें अंगेजी माध्यम आदर्श कॉलेजों में भी इसी माध्यम से शिक्षा मिलती रहेगी।

मानसून सत्रः स्पीकर ने एमएलए जीवेश मिश्रा और शैलेंद्र पांडे को सदन से किया बाहर

एजेंसी। पटना

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद स्पीकर ने विधायक जीवेश मिश्रा और शैलेंद्र पांडे को मार्शल ने सदन से बाहर निकाल दिया। इसके बाद भाजपा के सभी विधायक वेल में आ गए और बाद में सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर बाहर निकल गए। सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही भाजपा ने 10 लाख सरकारी नौकरी का मुद्दा जोरदार



तरीके से उठाया। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने सदन में पूछा कि सरकार के 10 लाख नौकरी के वादे का क्या हुआ? समान काम समान वेतन का क्या हुआ? स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बात खत्म करने का आदेश दिया। इसके बाद विधायक फिर से वेल में पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। इसपर स्पीकर ने सभी को वेल से हटाने का आदेश मार्शल को दिया। स्पीकर ने संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी को कहा कि वे अपने स्तर से प्रस्ताव दें, इस तरह से सदन नहीं चलेगा। विजय चौधरी ने कहा कि आसन और सदन के प्रति जो विधायक सम्मान नहीं रखते, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इसके बाद बीजेपी विधायक कुर्सी पर खड़े होकर हंगामा करने लगे। स्पीकर बार बार बीजेपी विधायकों को चेतावनी देते रहे बावजूद वे हंगामा करते रहे। इसी बीच स्पीकर की नजर हाथ में कागज लेकर हंगामा कर रहे बीजेपी विधायक शैलेन्द्र पांडे पर पड़ी और स्पीकर ने आदेश दिया कि मार्शल उनकी हाथ से कागज ले लें।

राज्य की मुखिया ममता बनर्जी हैं तो लोग भगवान भरोसे ही रहें: दिलीप घोष

एजेंसी। कोलकाता

पंचायत चुनाव में अपने घर के पास के मतदान केंद्र पर हार का सामना करने वाले भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला है। एक दिन पहले सीएम बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि राज्य में केवल 19 लोगों की मौत का आंकड़ा सरकार के पास है और उन्हें वित्तीय मदद दी जाएगी। ममता ने यह भी कहा था कि हिंसा की घटनाओं में उनका कोई दोष नहीं है। इसे लेकर गुरुवार सुबह न्यूटाउन के इको पार्क में मॉर्निंग वॉक करने पहुंचे दिलीप

घोष ने कहा कि राज्य की मुखिया को अगर यह समझ में नहीं आता है कि उनके राज्य में चुनाव वाले दिन 47 लोगों की मौत में उनकी क्या गलती है तो राज्य के लोग तो भगवान भरोसे हैं। उन्होंने कहा कि 47 लोगों की मौत की खबरें बिल्कुल पुष्ट करके चली हैं लेकिन उन्हें केवल 19 लोगों की मौत दिख रही है। हर जगह उनका पुलिस प्रशासन फेल है। उनके लोग मार रहे हैं और प्रशासन की विफलता की वजह से मर रहे हैं तब भी वह कहती हैं कि मेरा क्या दोष है? राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा को रबड़ स्टाम्प करार देते हुए दिलीप घोष ने कहा कि उन्हें इसलिए आयुक्त बनाया गया था ताकि वह सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के इशारे पर नाचें। हर रोज कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई लेकिन वह जस के तस बने रहे। भांगड़ में केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद हिंसा को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वहां केंद्रीय बलों की नहीं बल्कि पंजाब पुलिस की तैनाती थी। राज्य सरकार जानती थी कि सेंट्रल फोर्स की मौजूदगी में उनका मकसद पूरा नहीं होगा इसलिए दूसरे राज्यों से सशस्त्र बलों को लाया गया था। केंद्रीय बलों के जो प्रमुख थे उन्होंने पहले ही बता दिया है कि उन्हें संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी नहीं दी गई। जहां भी केंद्रीय बलों के जवानों ने मोर्चा संभाला वहां हिंसा की कोई घटना नहीं हुई।

यूपी में एमबीबीएस डॉक्टरों को मिलेगा खास प्रशिक्षण : ब्रजेश

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अहम कदम उठाया है। एमबीबीएस डॉक्टरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सबसे ज्यादा ध्यान मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाने का रखा गया है। दरअसल, यूपी में डॉक्टरों की भर्ती लगातार चल रही है। लोक सेवा आयोग से एमबीबीएस डॉक्टर भर्ती किये जा रहे हैं। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के माध्यम से डॉक्टर रखे जा रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती भी संविदा समेत दूसरे माध्यम से की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग से रिटायर डॉक्टरों की भी सेवाएं ली जा रही हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने की दिशा में काम किए जा रहे हैं। भर्ती के साथ एमबीबीएस चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मातृ-शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिए नियमित एमबीबीएस डॉक्टरों को दो प्रकार का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एमबीबीएस डॉक्टरों को कॉम्प्रिहेंसिव इमरजेंसी आब्सट्रेक्स एंड न्यूबार्न केयर व लाइफ सेविंग एनस्थेटिक स्किल का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए फस्ट रेफरल यूनिट को मजबूत किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि प्रशिक्षित एमबीबीएस चिकित्सकों को एफआरयू में तैनात किया जायेगा।

स्वावलंबन मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से खुल रहे हैं रोजगार के माध्यम

हर्बल केंद्र शुरू कर नोहर बना आत्मनिर्भर

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश के प्रयासों से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से न केवल रोजगार के माध्यम खुले हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को व्यवसाय शुरू करने में बल भी मिल रहा है। योजना का लाभ उठाते हुए युवा अपने जुनून एवं इच्छानुसार व्यवसाय करते हुए सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ा रहे हैं। योजना के तहत अनुदानित दर पर सरकार के द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम खेमड़ा निवासी नोहर चक्रधारी ने 12वीं की पढ़ाई करने के बाद हर्बल मार्केटिंग सीखा। उनके मन में यह इच्छा थी कि उनका स्वयं की हर्बल जड़ी बूटी की दुकान हो, लेकिन

वह इतने सक्षम नहीं थे कि दुकान खोल सके। नोहर चक्रधारी ने बताया कि मैं एक दिन बहुत परेशान था और ऋण के बारे में बता करने बैंक गया । वहां बैंक के मैनेजर ने बताया कि छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 35 प्रतिशत अनुदान राशि के साथ ऋण प्रदाय किया जाता है। तो उन्होंने भी विभाग के अधिकारी से सम्पर्क कर अपना ऋण प्रकरण फार्म नियमानुसार भरकर विभाग में जमा कर दिया। विभाग द्वारा आवेदन बैंक को प्रेषित कर दिया। शाखा प्रबंधक द्वारा जांच के बाद दो लाख का ऋण स्वीकृत कर दिया गया, जिससे नोहर चक्रधारी ने अपनी हर्बल जड़ी-बूटी की दुकान खोली।

नोहर बताते हैं कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम उनके लिए आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हुई। वर्ष 2022 से हर्बल जड़ी-बूटी की दुकान शुरू कर मैं आत्मनिर्भर तो हुआ ही साथ ही आर्थिक रूप से मजबूत हो गया। हर्बल केंद्र से मैं 15 से 20 हजार रुपये तक कमा लेता हूं और बैंक की किश्ते नियमित अदा कर रहा हूं। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मेरी खुद का हर्बल जड़ी बूटी का दुकान होगी। आज वह सपना साकार हुआ और मेरे आगे बढ़ने के रास्ते खुले। मैं और मेरा परिवार अब खुश हैं तथा मुख्यमंत्री जी को साधुवाद देता हूं जिससे मैं यहां तक पहुंचा और मुझे एक नई राह मिली।

बता दें कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से हजारों युवाओं ने अपनी तकदीर बदली है। स्वरोजगार के जरिए स्वयं को स्वावलंबी बनाया है। इससे उनके परिवार को भी संबल मिला है और उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

दो लाख की रंगदारी नहीं देने पर बुजुर्ग को गोली मारी

मेरठ। किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम असीलपुर में दो लाख रुपये रंगदारी नहीं देने पर एक हिस्ट्रीशीटर ने बुजुर्ग को गोली मार दी। इसके बाद बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपित की तलाश तेज कर दी है। किठौर थाना क्षेत्र के असीलपुर गांव निवासी आशिक ने बताया कि गुरुवार को उसका बड़ा भाई रेशम मस्जिद से नमाज पढ़कर घर जा रहा था। तभी गांव के हिस्ट्रीशीटर नदीम ने रेशम को गोली मार दी। इसके बाद नदीम धमकी देता हुआ फरार हो गया। नदीम पर मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली आदि जगहों पर कई मुकदमें दर्ज हैं। आशिक ने आरोप लगाया कि हिस्ट्रीशीटर नदीम उसके भाई रेशम से रंगदारी के नाम पर दो लाख रुपये मांग रहा था। रुपये देने से इनकार करने पर हिस्ट्रीशीटर ने रेशम को गोली मार दी।

NEWS इन ब्रीफ

सायना नेहवाल ने अमरनाथ यात्रा की

श्रीनगर। बैडमिंटन चैंपियन सायना नेहवाल ने गुरुवार को उन्हें और उनके परिवार को सफलतापूर्वक अमरनाथ यात्रा करने में मदद करने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार और स्थानीय लोगों को धन्यवाद दिया। सायना ने मीडिया से कहा, यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत अच्छा दिन है। हम यात्रा पर होने के लिए भाग्यशाली हैं। मैं हमारी इतनी मदद करने के लिए सरकार और यहां के लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं। वह भी धन्य महसूस कर रही थी क्योंकि उसने और उसकी मां ने पवित्र गुफा के अंदर 'दर्शन' किये थे। सायना से पहले कैलिफोर्निया से दो अमेरिकी नागरिकों ने भी इस साल की अमरनाथ यात्रा की थी।

एमसीजी-एससीजी पहली बार करेंगे मैचों की मेजबानी

मेलबर्न। महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के इतिहास में पहली बार मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) स्टैंडअलोन डब्ल्यूबीबीएल खेलों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। सीए ने गुरुवार को डब्ल्यूबीबीएल फिक्स्चर जारी किया, जिसमें 56-गेम होम-एंड-अवे सीजन के अंतिम पांच मैच शुक्रवार, 24 नवंबर से रविवार 26 नवंबर तक एडिलेड ओवल, एमसीजी और एससीजी के प्रमुख स्थानों पर खेले जाएंगे।

अमरीकी ओपन सुपर 300 : सिंधु व लक्ष्य पहले दौर में जीते, साई प्रणीत हारे

एजेंसी। काउंसिल ब्लफ्स

ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने यहां अमरीकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के पहले दौर में जीत दर्ज की। सिंधु ने भारतीय मूल की अमरीकी खिलाड़ी दीक्षा गुप्ता को महज 27 मिनट में 21-15, 21-12 से पराजित किया तो सेन ने फिनलैंड के काले कोलजोनेन को 30 मिनट के अंदर 21-8, 21-16 से हरा दिया। पुरुष एकल के एक अन्य मैच में एस एस सुब्रमण्यम ने पहले दौर में आयरलैंड के प्रतिद्वंद्वी नहाट एनगुएन को 44 मिनट में 21-11, 21-16 से शिकस्त दी। बी साई प्रणीत को हालांकि

दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लि शि फेंग से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में चीन के दूसरे वरीय शि फेंग ने प्रणीत को 16-21, 21-14, 21-19 से हराया। एक अन्य महिला एकल मैच में भारत की 61वीं रैंकिंग की रूतविका शिवानी को हार मिली। मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैम्पियन पी कश्यप अपने दूसरे मैच में रिटायर्ड हो गए थे। उन्होंने पहले मैच में इंग्लैंड के रोहन मिधा को हराया था। कृष्णा प्रसाद गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी भी पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सकी, उन्हें चीनी ताइपे के लिन यु चिए और सु लि वेई से सीधे गेम में 14-21, 14-21 से हार मिली।

बैडमिंटनः भारत ने विश्व बधिर युवा चैंपियनशिप में नौ पदक जीते

एजेंसी। मुंबई

ब्राजील के नगर पालिका शहर पारा डी मिनस में आयोजित तीसरी विश्व बधिर युवा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत ने नौ पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने गुरुवार को ट्वीट किया, "भारत ने 10-12 जुलाई तक आयोजित चैंपियनशिप में चार रजत और पांच कांस्य पदक जीते।" लड़कियों के एकल वर्ग में आदित्य, मिश्रित युगल में पीयूष और श्रेया, पुरुष युगल में सौम्यदीप और पीयूष और महिला युगल में जेरलिन और आदित्य ने रजत पदक जीते। पुरुष

एकल में सौम्यदीप, महिला एकल में जेरलिन, श्रेया, मिश्रित युगल में सौम्यदीप और गौरांशी और महिला युगल में गौरांशी और श्रेया ने कांस्य पदक जीते। साई ने गुरुवार को एक ट्वीट में लिखा, 10 से 12 जुलाई, 2023 तक ब्राजील में आयोजित तीसरी विश्व बधिर युवा बैडमिंटन चैंपियनशिप में टीम इंडिया ने कुल 9 पदक जीते। सभी को बधाई। यह भारत के लिए एक सफल अभियान था क्योंकि सौम्यदीप और श्रेया ने एक-एक रजत पदक सहित तीन-तीन पदक जीते। आदित्य, पीयूष, जेरलिन और गौरांशी ने दो-दो पदक जीते। इनमें से कुछ खिलाड़ी 14-25 जुलाई तक छठी विश्व बधिर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

टी 20 : बांग्लादेश से हारा भारत सीरीज पर किया 2-1 से कब्जा

एजेंसी। मीरपुर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम तीन टी20आई मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में बांग्लादेश से 4 विकेट से हार गई है। भारत ने 103 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे बांग्लादेश ने 10 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। हालांकि, भारत ने सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 गेंद में 40 रन बनाये जिसके बाद अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी क्रम चरमराने से भारत ने 11 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिये। लेग स्पिनर राबिया खान ने बांग्लादेश के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उन्होंने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट झटके। ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने पावरप्ले में प्रभावित किया, उन्होंने शेफाली वर्मा (11 रन) और स्मृति मंधाना (01) की सलामी जोड़ी को आउट

किया। मारूफा अख्तर ने भी दो विकेट हासिल किये।

इस कम स्कोर वाली पूरी श्रृंखला के दौरान पिच काफी पेचीदा रही है जिसे देखते हुए हरमनप्रीत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली और मंधाना की सलामी जोड़ी एक बार फिर भारत को अच्छी शुरूआत दिलाने में विफल रही जिससे छह ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 27 रन हो गया। जेमिमा रोड्रिग्स (26 गेंद में 28 रन) और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी निभाकर पारी आगे बढ़ायी।

लेकिन लेग स्पिनर शोर्ना अख्तर ने रोड्रिग्स की पारी खत्म कर इस भागीदारी को तोड़ा। रोड्रिग्स ने अपनी पारी के दौरान सकारात्मक जज्बा दिखाया और स्पिनरों के खिलाफ अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया। हरमनप्रीत के 17वें ओवर में स्टंप आउट होने के बाद लगातार विकेट गिरते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाज बाउंड्री नहीं लगा सकीं।

विंबलडन में सेमीफाइनल खेलना एक सपना है : कार्लोस अल्काराज

एजेंसी। लंदन

पिछले साल यूएस ओपन में जीत के बाद दूसरे बड़े खिताब का पीछा करते हुए, दुनिया के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज, जो अपने तीसरे बड़े सेमीफाइनल में हैं, ने कहा कि यहां विंबलडन में सेमीफाइनल खेलने में सक्षम होना उनके लिए एक सपना है। अल्काराज बुधवार को पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे जब उन्होंने 20 वर्षीय होल्गर रूण को हराया। स्पैनियार्ड के लिए, यह उनके पहले से ही रिकॉर्ड तोड़ने वाले करियर का एक और यादगार क्षण था। वर्ल्ड नंबर 6 रूण के खिलाफ अल्काराज का मैच ओपन युग (1968 के बाद से) में पुरुषों की पहली विंबलडन क्वार्टर फाइनल लड़ाई थी, जो 21 साल से कम उम्र के दो खिलाड़ियों के बीच लड़ी गई थी। यह मेरे लिए आश्चर्यजनक है। जब से मैंने टेनिस खेलना शुरू किया है तब से यह

एक सपना रहा है - यहां विंबलडन में अच्छे परिणाम लाना, इतना शानदार टूर्नामेंट। मैंने इस सतह पर इतने अच्छे स्तर पर खेलने की उम्मीद नहीं की थी। मेरे लिए, यह पागलपन है। " स्पैनियार्ड ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह कठिन था। शुरूआत में, मैं यहां विंबलडन में क्वार्टर फाइनल खेलते हुए वास्तव में बहुत घबराया हुआ था, लेकिन मैं और भी अधिक कहने जा रहा हूं: रूण के खिलाफ खेलना, कोई ऐसा व्यक्ति जो मेरे जैसा ही उम्र का हो, कोई ऐसा व्यक्ति जो महान स्तर पर खेल रहा हो, उसके साथ खेलना कठिन था। लेकिन मैंने पहले कहा था, एक बार जब आप कोर्ट पर उतरते हैं, तो कोई दोस्त नहीं होता। आपको खुद पर ध्यान केंद्रित करना होता है और मुझे लगता है कि मैंने उस हिस्से में बहुत अच्छा किया। पिछले साल यूएस ओपन में जीत के बाद दूसरे प्रमुख खिताब के लिए अपनी दावेदारी में, अल्काराज का अगला मुकाबला विश्व नंबर 3 डेनियल मेदवेदेव से होगा, जिन्होंने बुधवार को क्रिस्टोफर यूबैंक्स को पांच सेटों में हराकर सीजन की अपनी 46वीं जीत हासिल की। ल्काराज 2021 में विंबलडन में मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में हार गए जब वह एटीपी रैंकिंग में 75वें नंबर पर थे। स्पैनियार्ड तब से अब नंबर 1 पर पहुंच गए हैं और 11 टूर-स्तरीय खिताब जीते हैं और युवा खिलाड़ी अपनी पिछली भिड़ंत से सीखने की उम्मीद कर रहे हैं। न्होंने कहा, वह यहां घास पर बहुत अच्छा खेल रहा है।

ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ एक जीत की जरूरत : हीली

एजेंसी। ब्रिस्टल

महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रमुख ताकत ऑस्ट्रेलिया को 2017 के बाद पहली बार लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कप्तान एलिसा हीली का मानना है कि उनकी टीम को चिरप्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उत्साहित करने और बहु-प्रारूप में वापसी करने के लिए एक जीत की जरूरत होगी। विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज में हर हाल में जीत हासिल करनी होगी और लंदन में दो टी20 मैच जीतने के बाद यहां पहले वनडे में इंग्लैंड की दो विकेट की तनावपूर्ण जीत के बाद एशेज सीरीज जीतने के लिए अंतिम दो वनडे मैच जीतने होंगे। एशेज श्रृंखला छह-छह अंकों पर टिकी हुई है और अभी दो वनडे मैच बाकी हैं। आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया 2017 में लगातार तीन मैच हार गया था जब वे ऑकलैंड में तीसरी हार के लिए तस्मान को पार करने से पहले जिलॉन्ग और एडिलेड में दो टी20 में न्यूजीलैंड से हार गए थे।

ऑस्ट्रेलिया की एकमात्र बढ़त यह तथ्य है कि महिला एशेज के मौजूदा धारकों के रूप में, उन्हें ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए शेष दो मैचों में से केवल एक को जीतने की जरूरत है - लेकिन अगर वे श्रृंखला को सीधे लेना चाहते हैं, तो वे लगातार चौथी हार का सामना नहीं कर सकते जब 16 जुलाई को साउथम्प्टन में दूसरे वनडे में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी।

चेन्नईयिन एफसी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोर्डन मरे के साथ किया करार

चेन्नई। आईएसएल टीम चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉलर जोर्डन मरे के रूप में पहले विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार किया। जोर्डन (27 वर्ष) पिछले सत्र में थाईलैंड के क्लब नाखोन रातचासिमा एफसी की ओर से खेले थे। वह पहले भी आईएसएल में खेल चुके हैं। जोर्डन ने 2020-21 सत्र में केरला ब्लास्टर्स एफसी की ओर से खेलते हुए आईएसएल में डेब्यू किया था और फिर वह 2021-22 सत्र में जमशेदपुर एफसी के लिये खेले थे जिसमें उन्होंने आईएसएल शील्ड भी जीती थी। आईएसएल के इन दो सत्र में उन्होंने 34 मैचों में 11 गोल दागे थे।

एआईएफएफ तकनीकी समिति ने सीनियर महिला

अंडर-16 पुरुष फुटबॉल टीमों के लिए मुख्य कोचों की सिफारिश की

एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने सीनियर महिला और अंडर-16 पुरुष टीमों के मुख्य कोच के रूप में क्रमशः एंथनी एंड्रयूज और इशफाक अहमद के नाम की सिफारिश की है। भारत की सीनियर महिला और अंडर-16 पुरुष राष्ट्रीय टीमों के कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति पर चर्चा के लिए समिति की गुरुवार को वर्चुअल बैठक हुई। बैठक आई. एम. विजयन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक शब्बीर पाशा के साथ समिति के सदस्य पिंकी बोमपाल मगर, क्लाइमेक्स लॉरेंस, अरुण मल्होत्रा, हरजिंदर सिंह और यूजीनसन लिंगदोह मौजूद थे। एआईएफएफ की विज्ञप्ति में कहा गया है कि समिति ने सीनियर महिला

राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति पर लंबी चर्चा के बाद इस प्रतिष्ठित पद के लिए एंथनी एंड्रयूज की सिफारिश करने का फैसला किया। विभिन्न उम्मीदवारों के आवेदनों पर सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श करने के बाद, समिति ने तीन मुख्य कोचिंग स्टाफ की भी सिफारिश की जो अंडर-16 पुरुष टीम को आगे ले जाएंगे। अंडर-16 पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति के लिए इशफाक अहमद की सर्वसम्मति से सिफारिश की गई। राजन मणि और फि रोज शरीफ को अंडर-16 राष्ट्रीय टीम में क्रमशः सहायक कोच और गोलकीपर कोच नियुक्त किया गया है। यह भारत की सीनियर महिला और अंडर-16 राष्ट्रीय टीमों के लिए एक नई शुरूआत है, और मुझे यकीन है कि वे सक्षम हाथों में होंगे, और जिन कोचों की हमने सिफारिश की है, वे अपनी-अपनी टीमों को आगे ले जाने में अच्छा काम करेंगे।" सीनियर महिलाएं 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक महत्वपूर्ण एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर राउंड 2 में खेलेंगी, जबकि अंडर-16 को 1 से 11 सितंबर तक भूटान में खेली जाने वाली सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप में भाग लेना है। समिति के अध्यक्ष विजयन ने बैठक के बाद कहा, मुझे यकीन है कि टीमें उस स्तर का प्रदर्शन करेंगी जिससे हमें गर्व महसूस होगा।

विश्व चैम्पियनशिप में अगुवाई करेंगी चानू

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू सितंबर में सऊदी अरब के रियाद में होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में फिर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। दो बार की पदक विजेता चानू (49 किग्रा) के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) और अचिंता शेयुली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा) भी इस विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टोडकर को छोड़कर यही टीम एशियाई खेलों में भाग लेगी। मई में एशियाई चैम्पियनशिप में छठे स्थान पर रहने के बाद यह टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चानू की पहली प्रतियोगिता होगी। चानू और बिंदियारानी इस समय पूर्व भारोत्तोलक से फिजियोथेरेपिस्ट और 'स्ट्रेंथ एंव कंडिशनिंग' कोच बने डा आरोन होर्शिग के मार्गदर्शन

में 65 दिन के शिविर के लिए अमेरिका में हैं। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा भी इस वक्त अमेरिका में हैं, उन्होंने कहा, मीरा चोटिल नहीं है, हम उसके मजबूत पक्षों पर काम कर रहे हैं। वह विश्व चैम्पयनशिप और एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी। विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के बीच काफी कम समय का अंतर है। विश्व चैम्पियनशिप आमतौर पर साल के अंत में नवंबर और दिसंबर में कराई जाती है, लेकिन इस बार यह चार सितंबर से शुरू हो रही है और एशियाई खेल 20 दिन के अंदर चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से शुरू होंगे।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप | पारी में पांच विकेट लेकर बोले अश्विन

फाइनल के चयन में चूकने की थी निराशा

एजेंसी। रोसेउ (डोमिनिका)

भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्वीकार किया है कि पिछले महीने के आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए चयन से चूकने की निराशा थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल ने उन्हें प्रेरित किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में रिकॉर्ड तोड़ 33वीं बार पांच विकेट लेकर वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए। टेस्ट क्रिकेट रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज अश्विन ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए चयन से चूकने के बाद तेजी से वापसी की है क्योंकि उन्होंने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी लाइन-अप को 5-60 के स्कोर पर ध्वस्त कर दिया जिससे भारत मेजबान टीम को 150 रन पर समेटने में सफल रहा और डोमिनिका में पहले टेस्ट में दबदबा बनाए रखा। अश्विन ने अपने स्पेल की शुरूआत में ही 12 रन पर ओपनर टैगेनरीन चंद्रपॉल का महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया जिससे वह टेस्ट मैचों में पिता और पुत्र दोनों को आउट करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। इसके बाद उन्होंने बुधवार को नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत के पहले टेस्ट मैच में टेस्ट टीम में शानदार वापसी करते हुए चार और विकेट हासिल करने के लिए अपने

अनुभव का इस्तेमाल किया। दिन के अंत में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने खुलासा किया कि पिछले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने से चूकने से वह अभी भी निराश हैं। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि वह तेजी से आगे बढ़ें और दिखाया कि टेस्ट स्तर पर वह अभी भी एक ताकत हैं। अश्विन ने बुधवार को कहा, 'एक क्रिकेटर के रूप में जब आपके पास डब्ल्यूटीसी फाइनल में मौका है और बाहर बैठना ठीक है। मेरे लिए यह ऐसा था कि मैं कैसे प्रतिक्रिया दूं और मैं यह कैसे सुनिश्चित करूं कि ड्रेसिंग रूम ठीक रहे।'

उन्होंने कहा, 'डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतना सबसे महत्वपूर्ण बात है और यह मेरे करियर का एक बहुत ही उच्च बिंदु हो सकता था और मैं इसमें अच्छी भूमिका निभा सकता था, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि यह सफल नहीं हुआ और पहले दिन हमें बहुत पीछे छोड़ दिया। लेकिन मेरे और दूसरे व्यक्ति के बीच क्या अंतर है जो नाराज होने वाला है (ड्रॉप किए जाने के बारे में)?' मैं अपने साथियों और समग्र रूप से भारतीय क्रिकेट को कुछ समझ और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास देना चाहता हूं और यही वह जगह है जहां मैं प्रभाव छोड़ना चाहूंगा।'

अश्विन के नवीनतम प्रदर्शन ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट में 33 बार पांच विकेट लेने में मदद की। किसी भी मौजूदा खिलाड़ी की तुलना में सबसे अधिक, अपने 93वें टेस्ट में अपने कुल 479 विकेट लिए। वह अब एक पारी में सबसे अधिक पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर हैं। लेकिन अश्विन ने रिकॉर्ड तोड़ने की उपलब्धि को ज्यादा तवज्जो नहीं दी और कहा अब उनके लिए एकमात्र चीज जो मायने रखती है वह है अपनी टीम को मैदान पर सफल होने में मदद करना।

अश्विन ने कहा, 'राहुल भाई (भारत के कोच राहुल द्रविड़) हमेशा कहते हैं कि यह विकेट या रन नहीं हैं जिन्हें आप याद रखते हैं।' उन्होंने कहा, 'पहली बार जब मैं उन्हें एक कोच के रूप में मिला था तो उन्होंने एक बयान दिया और कहा, 'यह इस बारे में नहीं है कि आप कितने रन बनाते हैं और आप कितने विकेट लेते हैं क्योंकि आप उन सभी के बारे में भूल जाएंगे और यह एक टीम के रूप में आपके द्वारा बनाई गई महान यादें हैं जो साथ रहेंगी। और मैं पूरी तरह से इसके पीछे हूं। मुझे नहीं पता कि उसने मुझे ऐसा करने के लिए दिमाग लगाया है या नहीं, लेकिन मेरे दृष्टिकोण से मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मुझे बहुत आभार मिला है और मैं इस यात्रा और खेल के लिए बहुत आभारी हूं।'

अश्विन ने कहा, 'इस दुनिया में कोई भी क्रिकेटर या इंसान ऐसा नहीं है जो बिना किसी गिरावट के ऊंचाइयों से गुजरा हो। जब आप बुरे दौर में होते हैं तो यह आपको अवसर देता है। आप या तो नाराज हो सकते हैं, इसके बारे में बात कर सकते हैं या इसके बारे में शिकायत कर सकते हैं और इसके साथ चल सकते हैं और नीचे जा सकते हैं, या आप इससे सीखते हैं और मैं ऐसा व्यक्ति हूं जिसने लगातार अपने निचले स्तर से सीखा है।' आज मेरे इस अच्छे दिन के बाद सबसे अच्छी बात यह होगी कि मैं अच्छा भोजन करूंगा और अपने परिवार से अच्छी बातें करूंगा और बिस्तर पर जाकर इसके बारे में भूल जाऊंगा। उन्होंने कहा, 'जब आपका दिन अच्छा होता है तो आप जानते हैं कि आपका दिन अच्छा रहा है।

टमाटर से बरसा पैसा : बढ़ता भाव कर्नाटक के किसानों के लिए बना वरदान

एक ही दिन में किसान ने कमाये 38 लाख रुपये

एजेंसी। नई दिल्ली

टमाटर और दूसरी हरी सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं, भारतीय घरों की रसोई में यह सब्जी दुर्लभ होती जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक महीने में टमाटर की कीमतों में 326.13% तक की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि टमाटर की बढ़ती कीमतें कर्नाटक के एक किसान के लिए बहुत लाभकारी साबित हुई हैं। दरअसल, कोलार के किसानों के एक परिवार ने मंगलवार को कुछ ही घंटों के दौरान टमाटर के 2,000 बक्से (15 किलो के बॉक्स) बेचे और 38 लाख रुपये के साथ घर लौटे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रभाकर गुप्ता और उनके भाई 40 से अधिक वर्षों से समय से खेती-किसानी से जुड़े हैं और जिले के

बेथमंगला इलाके में लगभग 40 एकड़ जमीन के मालिक हैं। दो साल पहले गुप्ता और उनके भाई को टमाटर के हर बॉक्स के लिए अधिकतम 800 रुपये प्रति बॉक्स का भाव मिला था पर मंगलवार को जब वे अपने टमाटर लेकर मंडी पहुंचे तो उनके वारे न्यारे हो गए। उन्होंने अपने टमाटर के बॉक्स (15 किलो टमाटर के) इस बार 1900 रुपये प्रति बॉक्स के भाव पर बेचे और महज कुछ घंटों के बाद ही अपने घर 38 लाख रुपये के साथ पहुंचे। प्रभाकर के चचेरे भाई सुरेश ने मीडिया को बताया कि वे उच्च गुणवत्ता वाले टमाटर का उत्पादन करते हैं। उर्वरक और कीटनाटशकों की उनकी समझ उन्हें अपनी फसल को कीटों से बचाने में मदद करती है। प्रभाकर के अलावे क्षेत्र के दूसरे किसानों को भी इस बार टमाटर की बढ़ती कीमतों के कारण बढ़िया भाव मिला है। चिंतामणि तालुक के वैजाकुर गांव के किसान वेंकटरमण रेड्डी ने भी इस बार मोटी कीमत पर टमाटर बेची है। उन्होंने इस बार अपने उत्पाद अधिकतम 2200 रुपये प्रति बॉक्स के भाव पर बेचे हैं।

आईफोन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बनेगी टाटा

नई दिल्ली। टाटा समूह जल्दी ही भारत में आईफोन बनाने वाली एपल के कारखाने का अधिग्रहण कर सकता है। टाटा इसके समझौते के करीब है। यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय कंपनी आईफोन बनाने का काम करेगी। एपल की आपूर्तिकर्ता विस्ट्रॉन की फैक्टरी कर्नाटक में है। सौदे की कीमत करीब 60 करोड़ डॉलर हो सकती है। यहां पर 10,000 लोग काम करते हैं। विस्ट्रॉन ने चालू वित्त वर्ष में इस फैक्टरी से कम से कम 1.8 अरब डॉलर के आईफोन बनाने का लक्ष्य रखा है, ताकि उसे सरकारी प्रोत्साहन मिल सके। इस फैक्टरी से आईफोन 14 मॉडल की एसेंबलिंग होती है। अगले वर्ष तक कर्मचारियों की संख्या तीन गुना करने की भी योजना बनाई है। विस्ट्रॉन भारत में आईफोन कारोबार से बाहर निकलना चाहती है।

नॉन बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर लग सकता है बैन

केंद्र सरकार कर रही विचारः रिपोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

खाने पीने की वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के चलते केंद्र सरकार सचेत हो गई है। हाल के दिनों में चावल की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिला है जिसके बाद केंद्र सरकार चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने पर विचार कर रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक मोदी सरकार सभी प्रकार के नॉन-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाने की योजना पर विचार कर रही है। सरकार यदि गैर-बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर रोक लगाती है तो कुल 80 फीसदी चावल का एक्सपोर्ट इससे प्रभावित होगा। सरकार के इस फैसले के चलते घरेलू बाजार में तो कीमतों में बढ़ोतरी पर अंकुश लग जाएगी लेकिन दुनियाभर में चावल की

कीमतों में तेज उछाल देखने को मिल सकता है। घरेलू बाजार में पिछले दो हफ्तों मे चावल की कीमतों में 20 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। चावल का जिन राज्यों में उत्पादन होता है वहां असामान्य बारिश देखने को मिल रही है, ऐसे में धान की फसल के प्रभावित होने की आशंका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल का एक्सपोर्टर है और कुल ग्लोबल एक्सपोर्ट में उसकी 40 फीसदी हिस्सेदारी है। 2022 में भारत ने कुल 56 मिलियन टन चावल का एक्सपोर्ट किया था। भारत दुनिया में सबसे सस्ती कीमत पर चावल सप्लाई करता है लेकिन टरढ घोषित होने के बाद भारत में कीमतें बढ़ीं तो दूसरे सप्लायरों ने भी कीमतें बढ़ाना शुरू कर दिया है। पिछले वर्ष भी सरकार ने टूटे चावल के एक्सपोर्ट पर रोक लगाया था।

बैंक ऑफ अमेरिका पर 820 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। कुछ शुल्कों में दोगुनी कटौती, इनाम का बोनस रोकने और ग्राहकों की सहमति के बिना खाता खोलने के मामले में बैंक ऑफ अमेरिका पर 10 करोड़ डॉलर से अधिक (820 करोड़ रुपये) का जुमार्ना लगा है। बैंक को जुमार्ने की यह रकम ग्राहकों को देनी होगी। अमेरिका के मुद्रा नियंत्रक कार्यालय (ओसीसी) ने अपनी जांच में यह भी पाया कि शुल्क में बैंक की दोगुनी कटौती अवैध थी। उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो ने मंगलवार को कहा कि बैंक ऑफ अमेरिका अपने संगठन को 9 करोड़ डॉलर और ओसीसी को 6 करोड़ डॉलर का जुमार्ना देगा। 31 मार्च तक बैंक की समेकित संपत्ति 2.4 लाख करोड़ डॉलर और घरेलू जमा 1.9 लाख करोड़ डॉलर थी।

सेबी हेराफेरी व गुमराह करने वाली कंपनियों से नहीं हटाएगा पाबंदी

एजेंसी। नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने यूट्यूब के कई चैनलों पर भ्रामक वीडियो डालकर शार्पलाइन ब्रॉडकास्ट लि. की शेयर की कीमतों में हेराफेरी के मामले में 9 कंपनियों पर लगाई पाबंदी हटाने से इनकार कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रथम दृष्टया जांच के आधार पर 2 मार्च, 2023 के अपने अंतरिम आदेश में 24 इकाइयों को शेयर बाजारों में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया था। इनमें से 9 कंपनियों पर लगाए प्रतिबंध की अब नियामक ने

पुष्टि कर दी है। सेबी ने आदेश में कहा, ये कंपनियां फर्जी एवं अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध (पीएफयूटीपी) नियमों के तहत प्रथम दृष्टया संलिप्त पाई गई थीं। जांच में पाया गया था कि मई, 2022 के दूसरे पखवाड़े में शार्पलाइन ब्रॉडकास्ट कंपनी के शेयरों के बारे में दो यूट्यूब चैनलों मिडकैप कॉल्स एवं प्रॉफिट यात्रा पर कुछ भ्रामक एवं गलत वीडियो डाले गए थे। इन वीडियो में निवेशकों को असाधारण मुनाफे के लिए शार्पलाइन के शेयर खरीदने की सलाह देने वाली झूठी व भ्रामक खबरें फैलाई गईं। इन यूट्यूब चैनलों के करोड़ों दर्शक थे। वीडियो जारी होने के बाद शार्पलाइन के शेयर की कीमतों और ट्रेडिंग वॉल्यूम में वृद्धि हुई। वॉल्यूम में बड़ी संख्या में खुदरा निवेशकों का योगदान है, जो भ्रामक वीडियो से प्रभावित हो सकते हैं। आदेश में जतिन मनुभाई शाह, अंगद एम राठौड़, हेली जतिन शाह, अंशुल अग्रवाल, हेमंत दुसाद और अंशुल अग्रवाल कंपनी एचयूएफ पर प्रतिबंध बरकरार रखा गया है।

अकासा एयर की पूंजीगत स्थिति हुई मजबूत

नई दिल्ली। अकासा एयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे एयरलाइन के भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा है कि एयरलाइन ह्यअच्छी तरह पूंजीकृत है और उनके पास इस साल के अंत तक तीन अंक में (कम से कम 100) विमानों का ऑर्डर देने के लिए पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है। विनय दुबे ने कहा कि एयरलाइन में अधिक तेजी से बढ़ने की क्षमता है। अकासा एयर अगले महीने अपने परिचालन का एक साल पूरा करने जा रही है। इस बारे में दुबे ने कहा, हमने अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप उपल्बधियां हासिल की हैं। इस समय विमानन कंपनी के पास 19 विमान हैं और 20वां विमान उसके बेड़े में इस महीने शामिल हो सकता है। कंपनी जल्द ही अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने के लिए तैयार है।

विप्रो अगले तीन साल में एआई में करेगी 1 अरब डॉलर का निवेश

एजेंसी। नई दिल्ली

बिजनेस डेस्कः भारतीय आईटी कंपनी विप्रो लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अगले तीन सालों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) में 1 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है। एक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने जानकारी दी कि निवेश एआई बड़े डेटा और एनालिटिक्स समाधानों के विस्तार के साथ-साथ नई रिसर्च और प्लेटफॉर्म के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा। दुनिया भर की कंपनियों, बैंकों से लेकर बड़ी तकनीक तक, ने चैटजीपीटी के बाद एआई में निवेश दोगुना कर दिया है, माइक्रोसॉफ्ट द्वारा संचालित एआई चैटबॉट ने 2022 के अंत में दुनिया में तूफान ला दिया। कंपनी ने अपने पहला अकइनोवेशन इकोसिस्टम विप्रो

एआई 360 को भी लॉन्च किया और कहा कि वह अगले 12 महीनों के दौरान अपने सभी लगभग 250,000 कर्मचारियों को अक पर प्रशिक्षित करेगी। विप्रो के सीईओ थियरी डेलापोर्टे ने कहा, विशेष रूप से जेनरेटिव एआई के प्रवर्तन के साथ, हम सभी उद्योगों के लिए एक बुनियादी बदलाव की उम्मीद करते हैं। कंपनी एआई-केंद्रित स्टार्टअप को ह्यएंटरप्राइज रेडी बनने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक GenAi सीड एक्सेलेरेटर प्रोग्राम को लॉन्च करेगी।

विदेश

सूडान में लड़ाई के कारण 30 लाख से अधिक लोग हुए विस्थापित

खार्तूम। मानवतावादी समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार अप्रैल में सूडान में जारी हिंसा के बाद से 30 लाख से अधिक लोग, जिनमें से लगभग आधे बच्चे हैं, अपने घरों से विस्थापित हुए है। रिपोर्ट के अनुसार, ओसीएचए और यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लगभग 1.5 मिलियन बच्चे अपने घर से दूर रह रहे हैं, हालांकि कुछ अभी भी सूडान में हैं। रिपोर्ट में कहा गया सूडान में हर दो में से एक बच्चे, यानि लगभग 13.6 मिलियन को तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता है। ओसीएचए ने कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद से यूनिसेफ ने 30 लाख से अधिक बच्चों और महिलाओं को स्वास्थ्य आपूर्ति के साथ-साथ लगभग 14 लाख लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया है। इसमें कहा गया है कि लगभग 100,000 बच्चे सौर ऊर्जा संचालित केंद्रों सहित सुरक्षित शिक्षण स्थानों में जाते हैं।

पाक में शिया-सुन्नी झड़पों में अब तक 11 की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता। इस्लामाबाद

खैबर पख्तूनख्वाह के पाराचिनार इलाके में सुन्नी और शिया जनजातियों के बीच एक बार फिर से खूनी संघर्ष शुरू हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों समुदायों में हई घातक झड़पों में मरने वालों की संख्या 11 हो चुकी है जबकि 67 लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। इसी बीच पाराचिनार में शिया हत्याओं के खिलाफ बर्मिंघम में पाक वाणिज्य दूतावास के सामने शिया समुदाय द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया है। जानकारी के मुतराबिक पांच दिन पहले भूमि विवाद को लेकर दोनों समुदाय के लोगों के बीच झड़पें शुरू हुई थीं। जिससे अफगानिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति पैदा

हो गई है। संघर्ष के बीच यातायात बाधित हुआ है जिसके चलते लोगों को भोजन, दवाओं और ईंधन की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शिया समुदाय के लोगों ने खैबर पख्तूनख्वाह की राजधानी पेशावर से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क को अवरुद्ध करने के लिए प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टी.टी.पी.) के साथ-साथ सुन्नी आतंकवादियों को दोषी ठहराया है। हथियारों उग्र प्रयोग के कारण शैक्षणिक संस्थान, बाजार और कार्यालय बंद हो गए हैं। जनजातियों में युद्धविराम हो चुका था, लेकिन कहा जा रहा है कि समझौतों के बावजूद ये संघर्ष फिर से तेज हो गया है। शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने झड़पों में एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइलों और रॉकेटों सहित भारी हथियारों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि तुरी, बंगश और मेंगल जनजातियों के बीच भूमि विवाद को लेकर दशकों से शिया-सुन्नी संघर्ष चल रहा है। तुरी आदिवासी शिया हैं, जबकि मेंगल सुन्नी हैं। हालांकि, बंगश जनजाति में शिया और सुन्नी दोनों हैं। स्थानीय मीडिया कि मुताबिक पाराचिनार के निवासियों ने सीमा की बाड़ तोड़कर पाकिस्तान में प्रवेश करने वाले अफगानिस्तान के आतंकवादियों को नहीं रोकने के लिए शहबाज शरीफ सरकार को दोषी ठहराया है।

नदियों का जल स्तर बढ़ने से पाक में संकट बढ़ा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने सतलुज नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण बाढ़ की चेतावनी जारी की है। इसी के साथ प्रांतीय अधिकारियों को सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए सलाह दी है। एनडीएमए की चेतावनी के अनुसार, अगले 24 से 48 घंटों के दौरान कसूर के पास गंडा सिंहवाला में बाढ़ आने की आशंका है क्योंकि क्षेत्र के आसपास जल का स्तर लगातार बढ़ रहा है। एनडीएमए अधिकारी ने कहा कि गंडा सिंहवाला का जलस्तर बुधवार शाम 4 बजे लगभग 20.50 फीट था। लेकिन भारत द्वारा छोड़े गए पानी के बाद शाम 7 बजे तक 20.90 फीट हो गया था। यदि जलस्तर 19.5 फीट से अधिक हो जाए तो बाढ़ की गंभीरता मानी जाती है। गौरतलब है कि इससे पहले, बाढ़ का पानी मस्तायके, महिवाला, धूपसारी और भिकिविंड के आसपास के इलाकों में घुसने के बाद कई गांव बह गए।

जयशंकर ने आसियान महासचिव से की मुलाकात

एजेंसी। जकार्ता

विदेश मंत्री एस जयशंकर आसियान-भारत के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हैं। इंडोनेशिया पहुंचने के बाद एस जयशंकर ने ट्वीट करके अपनी यात्रा से संबंधित गतिविधियों की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि आसियान महासचिव डॉ. काओ किम होर्न के साथ बैठक की। साथ ही इंडोनेशिया में अपनी गतिविधियों की शुरूआत की। जयशंकर ने कहा कि हमने हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विकास पर चर्चा की। साथ ही वित्त, साइबर और समुद्री क्षेत्रों में भारत-आसियान संवाद का सुझाव दिया। भारत ने साइबर और समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा को सबसे अहम बताया। जयशंकर ने आसियान महासचिव के साथ ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य एवं कल्याण के क्षेत्र में चल रहे कार्यों का उल्लेख किया। आसियान महासचिव ने भारत के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ाव को विस्तार देने पर सहमति दी।

भुखमरी रूस ने यूक्रेन संग किए अनाज समझौते से हटने की दी धमकी

वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी

एजेंसी। मास्को

रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से यूक्रेन के साथ हुए अनाज समझौते को आगे बढ़ाने की मंजूरी नहीं देने की आशंका से पूरी दुनिया में चिंता बढ़ती जा रही है। इस समझौते के तहत यूक्रेन को दुनिया के उन हिस्सों में अनाज की आपूर्ति करने की अनुमति मिली है जहां पर भुखमरी की स्थिति है। रूस द्वारा समझौते की अवधि नहीं बढ़ाने की आशंका के बीच अब युद्धग्रस्त यूक्रेन के काला सागर बंदरगाह पर पोत नहीं आ रहे हैं और खाद्य सामग्री के निर्यात में कमी आ रही है। तुर्किये और संयुक्त राष्ट्र ने पिछली गर्मी में वैश्विक खाद्य संकट को दूर करने के लिए मध्यस्थता की थी और उन्होंने अलग से भी रूस से करार किया था ताकि अनाज और उर्वरक के निर्यात के लिए पोतों को सुविधा दी जा सके। मॉस्को जोर दे रहा है कि वह अब भी बाधा का सामना कर रहा है लेकिन आंकड़े

दिखा रहे हैं कि वह रिकॉर्ड स्तर पर गेहूं का निर्यात कर रहा है। रूसी अधिकारी लगातार कह रहे हैं कि काला सागर के रास्ते अनाज निर्यात समझौते की अवधि का विस्तार करने का कोई आधार नहीं है, जिसका चौथी बार सोमवार को नवीनीकरण किया जाना है। रूस समझौते से हटने की पहले से धमकी दे रहा है और पूर्व में समझौते में तय चार महीने की अवधि के बजाय करार को दो बार दो-दो महीने के लिए विस्तारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र और अन्य देश इस समझौते को बरकरार रखने का प्रयास कर रहे हैं। यूक्रेन और रूस दोनों गेहूं, जौ, वनस्पति तेल और अन्य खाद्य उत्पादों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं जिन पर अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के कुछ देश निर्भर हैं। समझौते के तहत यूक्रेन को 3.28 करोड़ मीट्रिक टन (36.2 मिलियन टन) अनाज भेजने की अनुमति दी गई है, जिसमें से आधा अनाज विकासशील देशों के लिए है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ अनुसंधान फेलो जोसेफ ग्लॉबर ने कहा, ह्यह्यरूस अगर समझौते को जारी रखता है तो उसे दुनिया से अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।" उन्होंने कहा, ह्यह्यजहां तक रूस का सवाल है, अगर वह इस समझौते की अवधि का विस्तार नहीं करता तो मुझे लगता है कि सार्वजनिक धारणा और वैश्विक सद्भावना के रूप में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

भरपेट भोजन के अभाव से जूझ रहे 78.3 करोड़ लोग

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर एक चिंताजनक रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल 2.4 अरब लोगों को लगातार भोजन की प्राप्ति नहीं हुई और कम से कम 78.3 करोड़ लोगों को भूख से जूझना पड़ा। वैश्विक संस्था ने बताया कि इस वजह से 14.8 करोड़ बच्चों का विकास भी अवरुद्ध हुआ। संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों ने ह्यखाद्य सुरक्षा एवं पोषण स्थिति रिपोर्ट 2023 में कहा कि 2021 और 2022 के बीच विश्व में भूखे लोगों की संख्या में कोई खास बदलाव नहीं हुआ लेकिन बहुत-सी जगहों पर लोगों को गंभीर रूप से खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में पश्चिमी एशिया, कैरिबियाई देश और अफ्रीका को चिन्हित किया गया, जहां 20 फीसदी आबादी को भूख से जूझना पड़ा और यह वैश्विक औसत से दोगुना से भी ज्यादा है। खाद्य और कृषि संगठन (ऋअड) के महानिदेशक क्यू डोन्गयी ने कहा कि वैश्विक महामारी से पहले के हालात में लौटने की गति असमान रही है और यूक्रेन में युद्ध ने पोषक तत्वों से संपन्न भोजन और स्वस्थ आहार को प्रभावित किया है।

यूएन में भारत ने पाकिस्तान के प्रस्ताव का किया समर्थन

अमेरिका ने इसका कड़ा विरोध किया है

एजेंसी। इस्लामाबाद

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान के एक प्रस्ताव का समर्थन कर दुनिया को हैरान कर दिया है। यूएनएससी में पाकिस्तान द्वारा रखे स्वीडन में पवित्र कुरान जलाने की घटना के खिलाफ धार्मिक घृणा से जुड़े इस ड्राफ्ट प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। भारत ने पाकिस्तान के इस प्रस्ताव का ही समर्थन किया है। पिछले महीने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एक शख्स ने मस्जिद के सामने पवित्र कुरान का अपमान किया था। सभी इस्लामिक देशों के साथ यूरोपीय संघ, पोप फ्रांसिस और खुद स्वीडन की सरकार ने इस घटना की निंदा की थी। पाकिस्तानी अखबार ने प्रस्ताव पास होने को पश्चिमी देशों के लिए एक बड़ी हार करार दिया। इसके साथ ही लिखा कि UNHRC में OIC का दबदबा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अमेरिका के स्थायी प्रतिनिधि मिशेल टेलर ने कहा कि इस पहल के बारे में यूएस की चिंताओं को गंभीरता से नहीं

लिया गया। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि एक खुली चर्चा और थोड़ा समय देने के बाद हम इस प्रस्ताव पर एक साथ आगे बढ़ने का रास्ता ढूंढ सकते थे।' यूएनएचआरसी में कुल 47 सदस्य हैं। इसमें ओआईसी यानी ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के सिर्फ 19 देश शामिल हैं। इन सभी ने पाक के प्रस्ताव का समर्थन किया। पाकिस्तान ने यूएनएचआरसीमें ये प्रस्ताव ओआईसी देशों के कहने पर ही लाया था। इधर मुस्लमानों के मुद्दे पर घिरे रहने वाले चीन ने भी पाक के समर्थन में वोट किया। वहीं, नेपाल समेत 7 देशों ने किसी का समर्थन नहीं करते हुए वोटिंग ही नहीं की। यूएनएचआरसी में प्रस्ताव पर बहस के दौरान मुस्लिम देशों का कहना था कि कुरान जलाने जैसी घटनाएं नफरत को बढ़ाने का काम करती हैं। फ्रीडम ऑफ स्पीच के नाम पर इस तरह की घटनाओं को बढ़ने नहीं दिया जा सकता है। प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने वालों में ब्रिटेन, बेल्जियम, जर्मनी, रोमानिया, लिथुआनिया, कोस्टारिका और फिनलैंड भी शामिल रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

साइबर सुरक्षा हमारा साझा लक्ष्य : शाह

एजेंसी। नई दिल्ली/गुरुग्राम

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत जमीनी स्तर पर उभरती तकनीकों को अपनाने में अग्रणी देश है।

शाह ने गुरुवार को "नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी), एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा" पहलुओं पर आयोजित जी-20 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है। आज 840 मिलियन भारतीयों की ऑनलाइन मौजूदगी है, और 2025 तक और 400 मिलियन भारतीय डिजिटल दुनिया में प्रवेश करेंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में इन्टरनेट कनेक्शन में 250 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और प्रति जीबी डाटा की लागत में 96 फीसदी कमी आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत 500 मिलियन नए बैंक खाते खोले गए हैं और 330 मिलियन 'रुपे डेबिट कार्ड' वितरित किए गए हैं। शाह ने कहा कि भारत 2022 में 90 मिलियन लेनदेन के साथ वैश्विक डिजिटल भुगतान में अग्रणी रहा

है और अब तक भारत में 35 ट्रिलियन रुपये के यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुल वैश्विक डिजिटल भुगतान का 46 फीसदी भारत में भुगतान हुआ है और 2017-18 से लेन-देन की मात्रा में 50 गुना बढ़ोतरी हुई है। शाह ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर के अंतर्गत, 52 मंत्रालयों में 300 से अधिक योजनाओं को कवर करते हुए, 300 मिलियन रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि डिजीलॉकर में लगभग 06 बिलियन डाक्यूमेंट्स स्टोर्ड हैं। भारतनेट के तहत 06 लाख किलोमीटर की ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जा चुकी है। शाह ने कहा कि एकीकृत मोबाइल एप्लिकेशन उमंग एप्प लाया गया, जिसमें 53 मिलियन रजिस्ट्रेशन्स हैं। सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी के इनिशिएटिव्स ने एक दशक में भारत को एक डिजिटल राष्ट्र में बदल दिया है।

शाह ने कहा कि भारत सहित पूरी दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। ऐसे में इस डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाना जरूरी है। इस कार्य के लिए साझा प्रयास होना चाहिए। शाह ने कहा कि इन्टरपोल की वर्ष 2022 की ग्लोबल ट्रेंड समरी रिपोर्ट के अनुसार रैनसमवेयर, फिशिंग, ऑनलाइन घोटाले, ऑनलाइन बाल यौन-शोषण और हैकिंग जैसे साइबर अपराध की कुछ प्रवृत्तियां विश्वभर में गंभीर खतरे की स्थिति पैदा कर रही हैं और ऐसी आशंका है कि भविष्य में ये साइबर अपराध कई गुना और बढ़ेंगे।

शाह ने कहा कि इस संदर्भ में यह सम्मेलन जी-20 प्रेसीडेंसी की एक नई और अनूठी पहल है और जी-20 में साइबर सुरक्षा पर यह पहला सम्मेलन है। उन्होंने कहा कि जी-20 ने अब तक आर्थिक दृष्टिकोण से डिजिटल परिवर्तन और डेटा फ्लो पर ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन अब क्राइम और सिक्योरिटी आस्पेक्ट्स को समझना और समाधान निकालना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एनएफटी, एआई, मेटावर्स और अन्य इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के युग में कोऑर्डिनेटेड और कोऑपरेटिव तरीके से नए और उभरते खतरों के लिए समय पर प्रतिक्रिया देकर हमें आगे रहना है। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा, केन्द्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर और केन्द्रीय गृह सचिव सहित सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जी-20 देशों, 9 विशेष आमंत्रित देशों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी लोगों, भारत और दुनियाभर के डोमेन विशेषज्ञों सहित 900 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शाह ने देश के सात प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साइबर वालंटियर स्क्वाड को हरी झंडी दिखाई। यह स्क्वाड लोगों को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक करेगा। कार्यक्रम के दौरान शाह ने साइबर सुरक्षा पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।

कोर्ट में पेशी के लिए ले जाए जा रहे हत्यारोपी को गोलियों से भूना

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान के भरतपुर में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के आरोपी कुलदीप जघीना की गोलियों से भून कर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि बस से कोर्ट जाते समय हथियारबंद बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। वहीं, बस में सवार अन्य यात्री इस घटना को लेकर सदमे में है। बदमाशों ने उसी बस में यात्रा कर रहे कुलदीप के साथी विजयपाल को भी घायल कर दिया। उन्हें तीन गोलियां लगीं है, लेकिन वह खतरे से बाहर हैं। उनका भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि हत्या करने वाले चार हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को गैंगस्टर कुलदीप जघीना की हथियारबंद लोगों ने उस समय हत्या कर दी जब वह पुलिस हिरासत में था और उसे सुनवाई के लिए बस से

कोर्ट ले जाया जा रहा था। हमलावरों ने बस में 15 राउंड फायरिंग की और हत्या कर फरार हो गए। इस घटना से बस में सवार यात्री परेशान हैं। बुधवार को हुए इस हमले के वक्त बस में मौजूद यात्री मनोज कुमार ने बताया कि वह गुजरात से जयपुर पहुंचे थे और भरतपुर जा रहे थे, तभी करीब पांच लोग बस में घुस आए और फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने कहा, जैसे ही मैंने ये सब देखने की कोशिश की तो मुझे एक गोली लगी। मनोज उन लोगों में से एक है जिन्हें हमले में चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि बस में घायल हुए लोगों की अब हालत स्थिर है। हमले के वक्त बस में करीब 55 यात्री सवार थे। कुलदीप जघीना और विजयपाल को पिछले साल 11 सितंबर को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से तीन अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था, जब वे 4 सितंबर को भरतपुर में भाजपा नेता कृपाल सिंह की हत्या करने के बाद गोवा भाग रहे थे।

दिल्ली में एनडीआरएफ की 12 टीमें तैनात

बाढ़ में फंसे 2500 लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी। नई दिल्ली

एनडीआरएफ के डीआईजी मोहसिन शाहिदी ने गुरुवार को कहा कि एनडीआरएफ की टीमें बाढ़ प्रभावित राज्यों में राहत व बचाव कार्यों में जुटी हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राज्य में 12 एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई हैं। शाहिदी ने कहा कि दिल्ली में बीती रात से ही राहत व बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ अभी तक 2,500 लोगों को अलग-अलग इलाकों से सुरक्षित निकाल चुकी है। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति के देखते हुए हिमाचल प्रदेश में 11 टीम तैनात की गई हैं जबकि बारिश होने की संभावना को देखते हुए हरिद्वार में 4 टीमों को तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कारण दिल्ली के तटीय इलाकों में जलभराव हो गया है।

ग्लोबल साउथ पर रूस-यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव को लेकर चिंतित हूं : पीएम मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों पर पड़ने वाले असर को लेकर भारत बहुत चिंतित है। चीन की 'आक्रामकता' के बारे में पूछे गए एक सवाल पर फ्रांसीसी समाचार पत्र 'लेस इकोस' को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि भारत हमेशा वार्ता और कूटनीति के माध्यम से मतभेदों के शांतिपूर्ण समाधान और सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करने का पक्षधर रहा है। चीन के बारे में यह पूछे जाने पर कि क्या रक्षा क्षमताओं में उसके

भारी निवेश से क्षेत्र की सुरक्षा को खतरा है, मोदी ने कहा कि भारत जिस भविष्य का निर्माण करना चाहता है, उसके लिए शांति जरूरी है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे हित व्यापक हैं और हमारे संबंध गहरे हैं। मैंने इस क्षेत्र के लिए हमारे दृष्टिकोण का एक शब्द में वर्णन किया है - सागर, जो इस क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास से जुड़ा है। हम जिस भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, उसके लिए शांति जरूरी है, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, आपसी विश्वास और भरोसे को बनाए रखने के लिए यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हमारा मानना है कि इसके माध्यम से ही स्थायी क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में सकारात्मक योगदान दिया जा सकता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से कई बार बात की है और इस संघर्ष को समाप्त करने में मदद करने वाले सभी वास्तविक प्रयासों का समर्थन करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, भारत का रुख स्पष्ट, पारदर्शी और सुसंगत रहा है। मैंने कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है।

दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में 4 कांवरियों की मौत

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के जीटी करनाल रोड पर दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार कांवरियों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को ये जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, रात करीब एक बजे पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल मिली कि जीटी करनाल रोड के पास सिरसपुर में दो गाड़ियों का एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि एनएच-44 पर दो ट्रकों की टक्कर हो गई है। एक ट्रक मियांवाली (नांगलोई के पास) से कांवर यात्रियों को लेकर हरिद्वार जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रारंभिक जांच से पता चला कि दिल्ली की ओर जा रहा ट्रक जीटी रोड के डिवाइडर को पार कर गया और जीटी करनाल रोड (राष्ट्रीय राजमार्ग -44) पर विपरीत दिशा से आ रहे यात्रियों के ट्रक को टक्कर मार दी। अधिकारी ने कहा, कुल 14 घायल लोगों को सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल (एसआरएचसी), नरेला भेजा गया, जिनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया और दो को हायर सेंटर (बालाजी एक्शन सेंटर पश्चिम विहार) रेफर कर दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के 3 जजों के अनुरोध को किया खारिज

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की अध्यक्षता करते हुए सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने तबादले के खिलाफ हाईकोर्ट के तीन न्यायाधीशों के अनुरोध को खारिज करते हुए उनके तबादले की अपनी सिफारिश दोहराई है। एससी कॉलेजियम ने पांच जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौरांग कंठ को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, न्यायमूर्ति कंठ ने मध्य प्रदेश या राजस्थान या किसी अन्य पड़ोसी राज्य के हाईकोर्ट में अपना स्थानांतरण करने का अनुरोध किया। इसी तरह, कॉलेजियम द्वारा

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह को केरल उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन न्यायमूर्ति सिंह ने दिल्ली, पंजाब और हरियाणा, मध्य प्रदेश या राजस्थान जैसे नजदीकी राज्यों में स्थानांतरण का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति मनोज बजाज को इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन उन्होंने कॉलेजियम से अनुरोध किया कि उनका पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में कार्य करना जारी रखा जाए। बुधवार को, कॉलेजियम ने अनुरोधों में कोई मेरिट नहीं होने की बात कहते हुए तबादले के लिए अपनी पिछली सिफारिशों को दोहराया। कॉलेजियम की ओर से कहा गया कि हमने अनुरोध को ध्यान से देखा है और उस पर विचार किया है। कॉलेजियम को उनके द्वारा किये गये अनुरोध में कोई दम नजर नहीं आ रहा है. इसलिए, कॉलेजियम 5 जुलाई, 2023 की अपनी सिफारिश को दोहराती है।

भर्ती घोटाला में सरकार जांच कराने से क्यों कतरा रही है : प्रियंका गांधी

एजेंसी। भोपाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्यप्रदेश में हाल ही में उजागर हुए कथित भर्ती घोटाले को लेकर आज राज्य की भाजपा सरकार को निशाने पर लिया है। वाड्रा ने ट्वीट के जरिए लिखा है, "मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के शासन में एक बार फिर भर्ती में घोटाले की खबरें आ रही हैं। नौकरियों के लिए पदों की लाखों रुपए में बोली लगाए जाने की खबरें हैं और सरकार जांच कराने से क्यों कतरा रही है? भर्ती घोटालों से जुड़े होने के आरोप में भाजपा नेताओं का नाम ही क्यों सामने आता है? नौकरी के लिए भर्तियों में केवल घोटाले ही घोटाले हैं। भाजपा सरकार लाखों युवाओं का भविष्य

अंधकार में क्यों डाल रही है?" इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी ट्वीट के जरिए सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि राज्य में हुए पटवारी भर्ती घोटाले के खिलाफ हजारों छात्र इंदौर में प्रदर्शन कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में जिस तरह से हर प्रतियोगी और भर्ती परीक्षा में धांधली और घोटाला सामने आ रहा है, उससे मेहनत करने वाले छात्रों का नाराज होना स्वाभाविक है।

FILMY हलचल

अभिनेत्री कैटरीना कैफ को सफलता के लिए करना पड़ा था कड़ा संघर्ष

अभिनेत्री कैटरीना कैफ को आज किसी परिचय की जरूरत नहीं है।

उन्होंने अपने करियर में बॉलीवुड को एक से एक शानदार फिल्में दी हैं। कैटरीना का यहां तक का सफर आसान नहीं था। उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। कैटरीना ने अपनी फिल्मों से लेकर अपनी एक्टिंग स्किल्स पर भी काफी मेहनत की है। एक समय ऐसा भी था, जब कैटरीना ऑडिशन के लिए जाती थीं और उन्हें निराशा हाथ लगती थी। उन्होंने अभिनेत्री बनने के लिए पहले एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करना भी चुनौतीपूर्ण था। सोशल मीडिया पर सामने आए एक पुराने इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि उन्हें कई बार ऑडिशन में रिजेक्ट किया गया था। जब कैटरीना को फिल्म मिली तो एक बार में ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उनसे कहा कि वह कभी हीरोइन नहीं बन सकतीं। कैटरीना का संघर्ष यहीं खत्म नहीं हुआ।

एक साल के ब्रेक पर जाने से पहले सामंथा ने पूरी की 'सिटाडेल' की शूटिंग

पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी बीमारी के चलते फिल्मों से तकरीबन एक साल का ब्रेक ले रही है। उन्होंने 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण की शूटिंग पूरी कर ली है। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी के साथ शूट खत्म होने की घोषणा की। भारतीय रूपांतरण का निर्देशन राज और डीके द्वारा किया गया है। इसमें वरुण धवन और सिकंदर खेर भी हैं। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए सेल्फी पोस्ट की और इसे कैप्शन दियाः 13 जुलाई हमेशा स्पेशल दिन होगा। और यह 'सिटाडेल' का समापन है।

'नानी 30' के ऑफिशियल टाइटल की घोषणा

एक्टर नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म, जिसे अस्थायी रूप से 'नानी 30' का टाइटल दिया गया था, अब उसके ऑफिशियल टाइटल को फाइनल कर लिया गया है। फिल्म का नाम 'हाय नन्ना' दिया गया है। फिल्म के निमार्ताओं ने गुरुवार को टीजर जारी किया और तेलुगु फिल्म की घोषणा की। नानी ने ट्विटर पर फिल्म की एक झलक साझा की। उन्होंने इसके साथ लिखा, हाय नानी 30, हाय नन्ना (दिल वाला इमोजी) है। वह (मृणाल) मुझे ऐसा कहकर बुलाती है... टीजर में दिखाया गया है कि कियारा खन्ना अपनी दोस्त यशना और अपने नन्ना को दर्शकों से मिलवाती हैं, इससे पहले कि दोनों अंततः एक-दूसरे से मिलते हैं। चूंकि यह उनकी पहली मुलाकात है, कियारा नानी की ओर देखती है और वह स्तब्ध नजर आती

है। मृणाल ने उनसे हाथ मिलाया और कहा, हाय नन्ना। 'हाय नन्ना' का निर्देशन शौरयुव ने किया है। फिल्म को एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म माना जा रहा है और यह पूरे भारत में पांच भाषाओं में रिलीज होगी। यह फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

उपलब्धि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 26 राफेल व 3 पनडुब्बी खरीदने की दी मंजूरी

भारतीय नौसेना की ताकत में होगा इजाफा

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट और तीन स्कॉर्पीन डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों की खरीद के लिए प्रारंभिक मंजूरी दे दी है। इससे पहले, प्रस्तावों पर रक्षा मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों के दौरान चर्चा की गई थी, इसके बाद उन्हें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली परिषद के समक्ष रखा गया था। पिछले साल, फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों के नौसैनिक संस्करण और अमेरिकी एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट दोनों ने अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार से शुरू हुई दो दिवसीय फ्रांस यात्रा के दौरान खरीद के समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना

है। इससे पहले, जब भारत ने फ्रांस से 36 राफेल जेट खरीदे थे, तो वे भारतीय वायुसेना के लिए थे। इस डील के जरिए भारतीय नौसेना को 22 सिंगल सीटर राफेल मरीन विमान के साथ-साथ चार ट्रेनर जेट भी मिलने की संभावना है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, विमान और पनडुब्बियों की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि भारतीय नौसेना उनकी कमी का सामना कर रही है और विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की जरूरत है। विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत मिग-29 का संचालन कर रहे हैं और दोनों वाहकों पर परिचालन के लिए राफेल की जरूरत है। एक सूत्र ने बताया कि इन सौदों की कीमत 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है, लेकिन अंतिम लागत अनुबंध वार्ता पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। एक जानकार अधिकारी ने कहा कि देश कीमत में कुछ रियायत की मांग कर सकता है और इसमें 'मेक इन इंडिया' सामग्री पर अधिक ध्यान देने पर भी जोर दिया जा सकता है। इस बीच, भारत अमेरिका से तीनों सेनाओं के लिए रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) खरीदने की भी योजना बना रहा है।